सुप्रभात

रांची, गुरुवार
17.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैसाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 272



12 डियोर शो में सोनम कपूर ने बिखेरा जलवा

## न्यूज डायरी

### सिंदरी में अमोनिया गैस रिसाव से लोगों में दहशत

**धनबाद।** सिंदरी स्थि हर्ल फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव से लोगों में दहशत फैल गयी है। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में भी दिक्कत के साथ कई और परेशानी होने लगी। इस मामले की जानकारी डीसी और सीओ को दी गयी। इस संबंध में हर्ल के जीएम मंजी ने बताया कि पिछले दो दिनों से हर्ल फैक्ट्री बंद है। उत्पादन पूरी तरह बंद है। मेंटेनेंस का काम चल रहा है। संभव है इसी क्रम में पाइप की मरम्मत करते समय कुछ अमोनिया लीक हो गया है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### घर में बज रही थी शादी की शहनाई, पुलिस ने रोकी

**हजारीबाग।** जिले में एक दिन में चार ऐसे मामले सामने आये, जहां नाबालिग बच्चियों को बाल विवाह से बचाया गया। टाटीझरिया में बाल संरक्षण टीम और प्रशासन की मदद से बाल विवाह से महज एक घंटे पहले एक बच्ची को बचाया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग में बुधवार को चार बच्चियों को उनका भविष्य बर्बाद होने से पहले बचाया गया। इनमें से एक टाटीझरिया प्रखंड की थी। वहीं विष्णुगढ़ प्रखंड के अलखरीखुर्द गांव की नाबालिग बच्ची को बाल विवाह से बचाया गया। उसकी शादी 19 अप्रैल को बगोदर में होनी थी।

### झारखंड को पड़ोसी राज्यों से काफी कम मिला अनाज

**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत झारखंड को पड़ोसी राज्यों से कम अनाज मिला है। राज्य को गेहूं और चावल मिलाकर कुल 1,45,999 .45 मीट्रिक टन ही अनाज मिला है, जो बिहार, मध्यप्रदेश और ओड़िशा सहित अन्य राज्यों से कहीं कम है। पड़ोसी राज्य बिहार को 4,60,591.70 मीट्रिक टन, मध्यप्रदेश को 2,91,149 .57 मीट्रिक टन और ओड़िशा को 1,87,651.95 मीट्रिक टन अनाज केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश को 8,26,056 .23 मीट्रिक टन अनाज दिया गया, जबकि 460591.70 मिट्रिक टन अनाज आवंटन के साथ बिहार दूसरे नंबर पर है। अंत्योदय योजना के तहत मिलने वाले अनाज में भी कटौती की गयी है।

### मुर्शिदाबाद में हिंसा की जांच के लिए समिति गठित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग-एनसीडब्ल्यू ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की जांच के लिए जांच समिति का गठन किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति मुर्शिदाबाद में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी और स्थानीय पीड़ितों तथा उनके परिवारों से बातचीत करेगी। बता दें कि आयोग ने मुर्शिदाबाद जिले के मंदिरपारा इलाके में सांप्रदायिक अशांति के दौरान कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है।

## कार्टून कोना




### अध्यक्ष बनने के बाद झामुमो कार्यालय पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

# पार्टी कार्यालय में हर सप्ताह एक मंत्री जनता की सुनेंगे शिकायत

**झामुमो की पहल**

- पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो को हर स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

मैं सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और झारखंडवासियों से वादा करता हूं कि आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। मैं झामुमो की सर्वोच्च सोच को दोहराता हूं कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज, राज्य और देश का निर्माण करें, जहां समानता हो, न्याय हो, और हर नागरिक को गौरवपूर्ण जीवन मिले : *हेमंत सोरेन*



पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करते सीएम हेमंत सोरेन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद बुधवार को पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचे। पार्टी कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री करीब एक घंटे तक रहे और आगे की रणनीति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान श्री सोरेन ने साफ तौर पर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को हर स्तर पर मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वे पहली बार पार्टी दफ्तर पहुंचे हैं। वे अब यहां हमेशा आयेंगे।

हेमंत सोरेन के पार्टी कार्यालय से जाने के बाद झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के निर्देश पर पार्टी दफ्तर में सप्ताह में एक दिन झामुमो कोटे के एक मंत्री बैठेंगे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का तत्काल निबटारा किया जा सके।

### सीएम हेमंत सोरेन ने आम लोगों की समस्यायें सुनीं, समाधान का निर्देश



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित आवासीय परिसर में बुधवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री एक-एक लोगों से मिले और उनकी परेशानियों को जाना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी आवेदनों पर समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

### झारखंड के हर गरीब, वंचित और युवाओं की बनूंगा आवाज...



सीएम ने कहा कि आज जब मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहा हूं, तो मेरे मन में अनेक भावनाएं उमड़ रही हैं। यह कोई साधारण पद नहीं, बल्कि झारखंड की जनता के सपनों, संघर्षों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व है। हमारे संरक्षक शिबू सोरेन ने जिन विचारधाराओं की छांव तले झामुमो की नींव रखी थी, आज उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं विनम्रतापूर्वक इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं और प्रण लेता हूं कि झारखंड के हर गांव, हर गरीब, हर वंचित और हर युवा की आवाज बनूंगा। हमारी पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा है, हमारा संकल्प अडिग है। आज फिर से हमें एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता, विकास और न्याय के लिए संघर्ष करना है।

### सीएजेआई संजीव खन्ना ने नाम की सिफारिश की

# जस्टिस बीआर गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपने उत्तराधिकारी के रूप में न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के नाम की सिफारिश की है। यह सीजेआई द्वारा अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को नामित करने की स्थापित परंपरा के अनुसार है। बता दें कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर लगभग छह महीने के कार्यकाल के बाद सीजेआई खन्ना 13 मई को पद मुक्त हो जाएंगे। वहीं 53वें सीजेआई बनने की दौड़ में शामिल न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का कार्यकाल 6 महीने से अधिक होगा और वे 23 नवंबर, 2025 को पद से मुक्त होंगे।

### अब चलती ट्रेन में भी होगी कैश निकासी

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश का पहला ट्रेन एटीएम स्थापित किया है। इस सुविधा के बाद, यात्री चलती ट्रेन में आसानी से कैश निकाल सकते हैं। एटीएम को ट्रेन के एसी कोच में स्थापित किया गया है और इसका ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। कैश निकासी के अलावा, एटीएम से चेक बुक ऑर्डर करने और खाता विवरण प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। रेलवे के अनुसार यदि यह सेवा यात्रियों में लोकप्रिय हो जाती है तो इसे और अधिक ट्रेनों में विस्तारित किया जा सकता है। ( पेज 12 भी देखें)

### मिला पॉलिटिक्ल क्लीयरेंस, 11 सदस्यीय टीम भी जायेगी साथ

# 18 को स्वीडन और फ्रांस की यात्रा पर रवाना होंगे सीएम हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जायेगी। टीम 18 अप्रैल को रांची से विदेश यात्रा के लिए रवाना होगी और 19 से 27 अप्रैल तक स्वीडन और स्पेन के दौरे पर रहेगी। यात्रा का पॉलिटिकल क्लीयरेंस मिल गया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में निवेश आकर्षित करना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी साझेदारी की पहचान करना है। टीम में मुख्यमंत्री की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

सीएम के इस दौरे को आयोजित करने के लिए पुणे की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 3.50 करोड़ रुपये प्लस जीएसटी का भुगतान किया जायेगा। विदेश यात्रा पर जाने वालों में सीएम हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सीएम अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सेवानिवृत आईएफएस और टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष एके रस्तोगी, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, जेएसएमडीसी के एमडी राहुल कुमार सिन्हा, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, एमडी जेआईआईडीसीओ वरुण रंजन, संयुक्त निदेशक उद्योग प्रणव कुमार पाल, सीएम के निजी सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह हैं।

### एनएचएम की समीक्षा बैठक में बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# स्वास्थ्य सेवा में नहीं चलेगी कोताही व फर्जीवाड़ा, काम नहीं तो कुर्सी भी नहीं

**चिकित्सीय सुधार**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक में सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य विभाग इमरजेंसी सेवा के दायरे में आता है, ऐसे में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पुरानी योजनाओं की धीमी प्रगति को देखते हुए मंत्री ने जीएम प्रोक्योरमेंट नील रंजन सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का आदेश दिया। उन्होंने दो टूक कहा, जो काम नहीं करेगा, वह विभाग में नहीं रहेगा।

डॉ. अंसारी ने डायलिसिस कार्यक्रम में फर्जी बिलिंग और आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कड़ी जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। विभाग को साफ-सुथरा काम चाहिए।

**भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव, बेरोजगारों को मिलेगा सीधा लाभ**

स्वास्थ्य मंत्री ने एनएचएम की भर्ती प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि गैर-तकनीकी पदों पर कार्य अनुभव की अनिवार्यता हटायें ताकि ज्यादा से ज्यादा राज्य के युवाओं को अवसर मिल सके।

**स्वास्थ्य सहियाओं को तकनीकी सशक्तिकरण और सम्मान** : सहिया बहनों के काम की सराहना करते हुए डॉ. अंसारी ने हर जिले में सहिया सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सहिया बहनों को शीघ्र टैब उपलब्ध कराने व प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का आदेश भी दिया।

**बुनियादी ढांचे को मिलेगा और मजबूती** : स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी अस्पतालों में उपकरणों की आवश्यक सूची आईपीएच मानकों के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि 5500 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। वहीं स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए मंत्री ने मीडिया कोऑर्डिनेशन कमिटी के गठन का निर्देश दिया है।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के मामले में 30 अप्रैल को होगी सुनवाई

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में दर्ज शिकायत पर अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 30 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में उपस्थिति की तारीख पूर्व से निर्धारित थी, लेकिन वे नहीं पहुंचे। एमपी-एमएलए कोर्ट ने 24 फरवरी मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज के बारे में इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिये उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी। अदालत मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है।

### वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज भी सुनवाई

# वक्फ पर हिंसा टेंशन बढ़ाने और परेशान करने वाली : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) कानून की संवैधानिक वैद्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट प. बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा पर कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून पर हिंसा टेंशन बढ़ाने और परेशान करनेवाली है। ऐसे समय में हिंसा हो रही है, जब मामला कोर्ट में है। बता दें कि प. बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई थी और हिंदू परिवारों को पलायन करना पड़ा था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में गुरुवार को भी सुनवाई करेगी।

#### केंद्र बताये- हिंदू धर्मबोर्ड में गैर हिंदू शामिल होंगे



सीजेआइ ने कहा, जब हम यहां निर्णय लेने के लिए बैठते हैं, तो हम अपना धर्म अलग रख देते हैं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं। हम एक ऐसे बोर्ड की बात कर रहे हैं जो धार्मिक मामलों का प्रबंधन कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। क्या गैर हिंदू-हिंदू धार्मिक बोर्ड का हिस्सा होंगे। सीजेआई ने कहा, दो पहलू हैं जिन पर हम दोनों पक्षों से विचार करने के लिए कहना चाहते हैं। पहला, क्या हमें इसे सुनना चाहिए या इसे हाई कोर्ट को सौंप देना चाहिए। दूसरा, संक्षेप में बतायें कि आप वास्तव में क्या आग्रह कर रहे हैं और क्या तर्क देना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से अंतरिम आदेश देने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट में मुस्लिम उत्तराधिकारों में हस्तक्षेप है। यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल के साथ राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी और सी यू सिंह पेश हुए। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की। याचिका में तर्क दिये गये हैं कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का सरासर उल्लंघन करता है।

### आयोजन स्थल की भी हुई घोषणा, लॉस एंजेलिस में होंगे खेल

# 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** ओलंपिक खेलों में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होने जा रही है। इसके लिए अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया के पोमोना शहर में खास अस्थायी स्टेडियम बनाया जा रहा है, जो इस खेल का आयोजन स्थल होगा। ओलंपिक आयोजक समिति ने इसकी घोषणा की। यह आयोजन स्थल फेयरप्लेक्स कहलाता है, जो 500 एकड़ में फैला हुआ है और 1922 से लॉस एंजेलिस काउंटी फेयर की मेजबानी कर रहा है।

**14 से 30 जुलाई तक होंगे ओलंपिक 2028 :** लॉस एंजेलिस में 14 जुलाई से 30 जुलाई 2028 तक होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट 1900 के बाद पहली बार शामिल होगा। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब क्रिकेट का आयोजन तेज-तर्रार और रोमांचक टी-20 फॉर्मेट में होगा, जिससे दुनियाभर के नए दर्शकों को जोड़ने की कोशिश होगी।

**इन नये खेलों को भी मिली जगह :** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के अलावा बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस (सिक्सेस) और स्क्वैश को भी जगह मिली है। उम्मीद जतायी जा रही है कि 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक में भी क्रिकेट को बरकरार रखा जायेगा। वहां गाबा स्टेडियम के आखिरी मैच के तौर पर क्रिकेट फाइनल कराने की योजना है, इसके बाद स्टेडियम को तोड़ने की तैयारी है।

#### पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 टीमें भाग लेंगी

2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग में कुल 6-6 टीमें खेलेंगी। इसके लिए क्रिकेट को 90 एथलीट कोटा मिला है, यानी हर टीम में 15 खिलाड़ियों का स्क्वाड होगा। हालांकि क्वालिफाइंग रास्ता और कट-ऑफ्स का ऐलान अभी नहीं हुआ है। इसे लेकर आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हम क्रिकेट के लिए ओलंपिक में वेन्यू की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह हमारे खेल की ओलंपिक में वापसी की तैयारी की दिशा में एक अहम कदम है। क्रिकेट वैसे तो एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन ओलंपिक जैसे मंच पर टी-20 फॉर्मेट में खेलना नये-नये ऑडियंस तक पहुंचने का शानदार अवसर होगा।

### विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत : मार्क मोबियस

**नयी दिल्ली।** जाने-माने निवेशक मार्क मोबियस ने बुधवार को कहा कि भारत में केवल दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ही नहीं, बल्कि दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भी पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अगर भारत वर्तमान नीति स्थिरता और आर्थिक मजबूती के रास्ते पर चलता रहा, तो यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने कुछ ही वर्षों में शानदार प्रगति की है और वह 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं स्थान पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा अनुमानों के मुताबिक भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) इस वर्ष 4.3 ट्रिलियन डॉलर होगा, जो जापान के 4.4 ट्रिलियन और जर्मनी के 4.9 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा पीछे है। अनुमान है कि भारत इस साल जापान को और 2027 तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया देंगे सौगात

# रांची में 220 बेड के ईएसआई अस्पताल का आज उद्घाटन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया गुरुवार को रांची के नामकुम में नए ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि 220 बेड वाले इस अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। अस्पताल में तीन आधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी है। इसमें 34 सामान्य वार्ड, 6 आइसोलेशन वार्ड, और 40 ओपीडी कमरे हैं।

श्रम मंत्रालय के मुताबिक यह नया अस्पताल झारखंड के 5 लाख से ज्यादा बीमित कर्मचारियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देगा। लगभग 99.06 करोड़ रुपये की लागत से बना यह अस्पताल 17,559 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। अस्पताल में ओपीडी, इनडोर, सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, डेंटल और अन्य सहायक सेवाएं उपलब्ध होंगी। अब यहां विशेषज्ञ और सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

# नेशनल हेराल्ड मामला: चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का ईडी कार्यालय समक्ष प्रदर्शन

## लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही : के राजू






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक समय था जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नाम सुनते ही राजनेताओं की हवा निकल जाती थी। परंतु आज वही राजनेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ ईडी ऑफिस के सामने धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को रांची में ईडी कार्यालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर झारखंड प्रभारी के. राजू ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट मिल चुकी है, लेकिन फिर से यह मामला उठाया जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी की सक्रियता से बौखला गए हैं।

**किसी राज्य में चुनाव आते ही ईडी सक्रिय हो जाती है : केशव महतो कमलेश**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब भी देश के किसी राज्य में चुनाव आते हैं, भाजपा की ईडी सक्रिय हो जाती है ताकि जनता की आवाज दबाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों को अपने दल में शामिल कर रखा है और विपक्ष को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं।

**विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात : सिरिवेला प्रसाद**

झारखंड के सह प्रभारी डॉ सिरिवेला प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात है। भाजपा नफरत फैलाकर देश को गुमराह कर रही है।

**कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी : प्रदीप यादव**

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देगी।

**बस पर सवार होकर धरना-प्रदर्शन को पहुंचे थे नेता :** इससे पूर्व ईडी ऑफिस का घेराव करने कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता बस पर सवार होकर धरना-प्रदर्शन को हिनू स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे थे। लगभग 4 घंटे तक कांग्रेसी ईडी ऑफिस के बाहर धरना पर बैठे रहे।

इस प्रदर्शन में अनादि ब्रह्म, प्रदीप तुलस्यान, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज, सोनाल शांति, सुरेन्द्र सिंह, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, गजेंद्र सिंह शशिभूषण राय, जगदीश साहु, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, ईश्वर आनंद, एम तौसीफ, बेलस तिर्की, निरंजन पासवान, केके गिरी, अरूण साहु, इन्दिरा तुरी, धर्मराज राम, जगरनाथ साहु, राजू राम, शहबाज अहमद, फिरोज रिज्वी, योगेन्द्र सिंह बेनी, अर्चना मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में कहा-

# कांग्रेस पार्टी चोरी करती है और लूट छिपाने के लिए सीनाजोरी भी



- **कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस पर निशाना साधा है। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर चार्जशीट दाखिल किये जाने के बाद उसके नेता बौखला गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चोरी करती है और धरना प्रदर्शन के रूप में लूट को छिपाने के लिये सीनाजोरी भी करती है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को 1937 में शुरू किया गया था। शुरुआत में इसके 5 हजार शेयर होल्डर्स थे। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कभी नेहरू खानदान का जागीर नहीं रहा। इसमें उस समय के बड़े-बड़े क्रांतिकारियों का भी सहयोग था।

**हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को दिये करोड़ों के विज्ञापन**

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देकर झारखंड के गरीबों के पैसे को लुटवाया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के विज्ञापन नेशनल हेराल्ड को हेमंत सरकार ने दिया है। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे 13 अगस्त 2023 और 21 जनवरी 2024 को झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के फोटो सहित छपे विज्ञापन की जांच करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड को अपने निजी व्यापार में बदल दिया और अपना एटीएम बना लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा इसकी घोर भर्त्सना करती है। कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया और ईडी को धमकाने की भाषा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह देश की विधिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन है। इस अवसर पर अजय शाह एवं शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।


**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting RFP (3rd Call) for Engineering, Procurement & Construction (EPC)**

**Ref No: SHAJ/Tech/Patratu/Nalkari River Bridge/2024/378 Date:16.04.2025**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **"Construction of H. L. Bridge over Nalkari River under Patratu Block in Ramgarh District" in the State of Jharkhand.** The approximate cost of the work is Rs. **9.27** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **21.04.2025 (03:00 P.M.) to 06.05.2025 (upto 12:30 P.M.).**

The complete RFP Application shall be submitted online by **06.05.2025 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **07.05.2025 (at 12:30 PM).**

3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 9.27 Lakh (Rs. Nine Lakhs Twenty Seven Thousand) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.
4. **The cost of the work and Bid Security (EMD) may change.**

**Sd/-Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar (Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**
PR 350456 (State Highway Authority of Jharkhand)25-26*D


# बेवजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ नपेंगे : मंत्री

- **एक्शन में दीपक बिरूआ, कहा- सभी सीओ समय से कार्यालय आयें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने सभी अंचल अधिकारियों (सीओ) को सख्त निर्देश दिया है कि वे निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी ही कार्यालय में नहीं रहेंगे, तो आम लोगों का काम कैसे होगा। साथ ही यह भी कहा कि बेवजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इसे लेकर इसी महीने प्रोजेक्ट भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विभाग की तरफ से कुछ कड़े फैसले लिए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर समीक्षा के बाद कई अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राज्य स्तरीय बैठक में लिए जाएंगे अहम फैसले**

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ इसी महीने राज्य के सभी सीओ और एलआरडीसी के साथ राज्य स्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अहम फैसले लिए जा सकते हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि बिना वजह म्यूटेशन का आवेदन रिजेक्ट करने वाले सीओ पर कार्रवाई होगी।

# झारखंड में 21 अप्रैल तक वज्रपात के साथ बारिश, येलो अलर्ट जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 21 अप्रैल तक आंधी-तूफान, गरज व वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। 17 अप्रैल को भी राज्य के 18 जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। बारिश के दौरान गरज और वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मौसम कूल हो गया है। गर्मी से लोगों को निजात मिली है।

**पिछले 24 घंटे में मौसम का हाल**

पिछले 24 घंटों में झारखंड में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आंधी-तूफान और बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश खूंटी में 42 मिलीमीटर दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक उच्चतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान धनबाद में 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## आईटी सचिव पूजा सिंघल ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

**रांची।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रही सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग की सचिव पूजा सिंघल बुधवार को अपने पति अभिषेक झा के साथ पीएमएलए कोर्ट पहुंचीं। मामले में बुधवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। वहीं मामले में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश किया गया। मामले में ईडी की ओर से सबूत प्रस्तुत किया जा रहा है। लेकिन, अभिप्रमाणित दस्तावेज निरीक्षण किये जाने के कारण मामला लंबित चल रहा है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 28 अप्रैल निर्धारित की है। मालूम हो कि पूजा सिंघल के जेल से निकलने के बाद राज्य सरकार ने उनका निलंबन वापस करते हुये महत्वपूर्ण पद दिया है।

## टीएसी की बैठक स्थगित

**रांची।** ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल(टीएसी) की बुधवार को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी। मंगलवार की देर रात इसकी सूचना टीएसी के सदस्यों को दी गयी। सदस्यों को कहा गया कि 16 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, एनेक्सी भवन सभागार में जनजातीय परामर्शदात्री समिति की होने वाली बैठक अपरिहार्य कारण वश स्थगित कर दी गयी है। बताते चलें कि सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक होनी थी।

# राज्य के कार्डधारियों के लिए सरकार खरीदेगी 27 हजार क्विंटल चीनी

- **चीनी की खरीद के लिए टेंडर जारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के राशन कार्डधारियों को अप्रैल से जून तक चीनी मिलेगी। इसके लिए 27 हजार क्विंटल चीनी खरीदी जायेगी। इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (हजारीबाग) को 7527 क्विंटल, दक्षिणी छोनागपुर प्रमंडल (रांची) को 5959 क्विंटल, कोल्हान को 5557 क्विंटल, संथाल परगना को 5069 क्विंटल और पलामू प्रमंडल को 2701 क्विंटल चीनी आवंटित किया जायेगा। इसके लिए प्रीबिड मीटिंग 21 अप्रैल को होगी।

**ई-केवाइसी नहीं कराने वाले को नहीं मिलेगी चीनी :** ई-केवाइसी नहीं कराने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को राशन मिलने की सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे में कार्डधारकों को समय रहते यह प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गयी है।

**किस जिले को कितनी मिलेगी चीनी**

| जिला | (क्विंटल में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पलामू | 1362 | बोकारो | 651 | रांची | 3059 |
| गढ़वा | 904 | धनबाद | 984 | खूंटी | 996 |
| लातेहार | 435 | प. सिंहभूम | 2863 | देवघर | 453 |
| चतरा | 1156 | सरायकेला-खरसांवा | 1012 | जामताड़ा | 538 |
| हजारीबाग | 1613 | पूर्वी सिंहभूम | 1682 | दुमका | 1446 |
| कोडरमा | 488 | लोहरदगा | 419 | पाकुड़ | 593 |
| गिरिडीह | 2043 | गुमला | 971 | गोड्डा | 838 |
| रामगढ़ | 592 | सिमडेगा | 514 | साहेबगंज | 1201 |


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
प्रपत्र संख्या–1

**अति अल्पकालीन ई– निविदा (द्वितीय आमंत्रण)**
निविदा संख्या :- 04/JMT/2025-26 दिनांक 16-04-2025

| क्र० सं० | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26 (2nd Call) | JMT/ URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | | 19-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | | 26-04-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 26-04-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | 28-04-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | | ई० अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन न० | | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

ई० अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 350510 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 02/2025–26**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.04.2025 के 1.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.04.2025 के 3.30 बजे अपराह्न तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु० | अग्रधन राशि रु० | परिमाण विपत्र का मूल्य रु० | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Repair Work of Staff Quarter (Jailor Residence ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 28,90,500/- | 58,000/ - | 5,000/ - | 02 (Two ) Months |
| 2 | Repair work of Staff Quarter (Zila Police Barrack ) at Mandal Kara, Latehar in the District of Latehar | 20,48,100/- | 41,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 3 | Renovation work of ITI Hostel Building at Barwadih in Latehar District. | 30,31,050/- | 61,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |
| 4 | Renovation work of ITI Main Building at Barwadih in Latehar District. | 20,80,200/- | 42,000/ - | 5,000/ | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, लातेहार

PR 350431 Building(25-26).D


# पूरे झारखंड में हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

## सभी जिलों में पुलिस एवं प्रशासन की टीमों ने सुनी 2109 लोगों की समस्या






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी जिलों में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा 2109 लोगों की समस्या सुनी गई। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जानकारी देते हुए कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की इस पहल से जनता और पुलिस के बीच विश्वास की मजबूत नींव को तैयार करना, साथ ही पीड़ित, महिलाओं, बच्चों, कमजोर वर्गों और बुजुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना, पुलिस की पहुंच को ग्रामीण और दूर दराज क्षेत्रों में सुलभ बनाना और आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाना है।

**जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आम लोगों को जानकारी दी गई :** महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताया गया।

नये अपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआईआर और ऑनलाइन एफआईआर करने के प्रणाली डायल '-112 और डायल-1930 (साईबर फ्रॉड) के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक किया गया। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए एससी-एसटी अत्याचार निवारक अधिनियम के तहत दर्ज काण्डों में यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

क्षेत्र में होने वाले संपत्तिमूलक अपराध जैसे-साईबर अपराध और अवैध रूप से नागरिकों से ठगी करने वाली चिटफंड कम्पनियों आदि की रोकथाम एवं उससे संबंधित दर्ज कांडों में त्वरित गति से अग्रेतर कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।

**इन जिलों में सुनी गई इतने लोगों की समस्या**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 256 | कोडरमा | 46 | जामताड़ा | 72 |
| खूंटी | 14 | गिरिडीह | 133 | पाकुड | 32 |
| सिमडेगा | 74 | बोकारो | 130 | साहेबगंज | 172 |
| लोहरदगा | 37 | धनबाद | 156 | देवघर | 24 |
| गुमला | 48 | लातेहार | 116 | गोड्डा | 71 |
| रामगढ़ | 52 | पलामू | 107 | चाईबासा | 16 |
| हजारीबाग | 95 | गढ़वा | 115 | जमशेदपुर | 73 |
| चतरा | 52 | दुमका | 139 | सराइकेला | 79 |

# नगरपालिका चुनाव 2025 : मतदाता सूची पर वोटरों से जिला प्रशासन ने मांगी आपत्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में नगर निकाय चुनाव की तैयारी जारी है। इस क्रम में अलग अलग जिलों में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन भी किया जा चुका है। रांची में भी ऐसा हो चुका है। अब रांची जिला प्रशासन (डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी) ने आम सूचना जारी करते बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड के एक आदेश के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के निमित मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 15 अप्रैल से 26 अप्रैल तक शहरी निकाय के कार्यालय, वार्ड कार्यालय, संबंधित अंचल कार्यालय में किया जा रहा है। इन तिथियों में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक इसे देखा जा सकता है। साथ ही रांची जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इसे अपलोड किया जा रहा है। रांची जिले के शहरी क्षेत्र के वोटर प्रारुप मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकते हैं। साथ ही दावा/ आपत्ति हो तो प्रपत्र क एवं ख में संबंधित पदाधिकारी को लिखित रूप में सूचना दे सकते हैं।

### यहां होंगे मतदाता सूची प्रारूप निरीक्षण से संबंधित कार्यालय



**अंचल कार्यालय, बड़गाईं** इसमें वार्ड संख्या 1 से 10 तक के वोटर्स की सूची दिखेगी

**अंचल कार्यालय, शहर** : इसमें वार्ड संख्या 11, 13 से 24 तक, 27-30 तक और 40 नंबर की लिस्ट होगी।

**अंचल कार्यालय, हेहल** : इसमें वार्ड नंबर 25,26, 31-35 तक की लिस्ट दिखेगी।

**अंचल कार्यालय, नगडी** : वार्ड नंबर 36,37, 41 और 42 की लिस्ट उपलब्ध रहेगी।

**अंचल कार्यालय, अरगोड़ा** : वार्ड नंबर 43-51 तक के वोटर्स की लिस्ट मिलेगी।

**अंचल कार्यालय, नामकुम** : वार्ड नंबर 12, 38-40, 47 और 53 की लिस्ट मिलेगी।

**अंचल कार्यालय, बुंडू** : यहां भी वार्ड 1-13 तक के वोटर्स की लिस्ट उपलब्ध रहेगी।

इन सातों अंचल कार्यालय में सीओ को प्राधिकृत पदाधिकारी बनाया गया है जिनके पास दावा, आपत्ति करना संभव होगा।

## रातू रोड पर अब नहीं लगेगा जाम, सरपट दौड़ेंगी गाड़ियां

# रातू रोड कॉरिडोर का निर्माण अंतिम चरण में, 29 मई तक होगा हैंडओवर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रातू रोड के निवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। लंबे इंतजार के बाद रातू रोड कॉरिडोर का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कुल निर्माण कार्य का 90 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है, जबकि शेष 10 प्रतिशत कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियरों ने बताया कि यह कॉरिडोर 29 मई तक सरकार को हैंडओवर किया जा सकता है। वर्तमान में ज्वाइंट स्पेशन (दो छतों को जोड़ने वाली पाइप) का काम चल रहा है, जिसे पूरा होने में लगभग एक महीने का समय लग सकता है।

हरमू रोड से कचहरी तक फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहा है। पिस्कामोड़ और नागा बाबा खटाल के पास बनाए जा रहे रैम्प पर अलकतरा बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। फ्लाईओवर के ऊपर और नीचे 400 से अधिक एलईडी लाइटें लगाई जा चुकी हैं। आईटीआई रोड की ओर से रैम्प का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

करीब 4.1 किलोमीटर लंबा यह फ्लाईओवर 105 पिलरों पर खड़ा किया गया है। दोनों ओर डिवाइडर लगाया जा चुका है, जिन पर काले और सफेद रंग से पेंट किया जा रहा है। परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में 300 मजदूर दिन-रात जुटे हुए हैं। फिलहाल राजभवन के सामने 200 मीटर क्षेत्र में बुलेटप्रूफ शीशे लगाए जा रहे हैं।

### फ्लाईओवर बनने से मिलेंगे ये फायदे

- लगभग एक लाख लोगों को जाम से राहत मिलेगी।
- 7000 से अधिक ऑटो को निर्बाध परिचालन का लाभ मिलेगा।
- 500 ई-रिक्शा के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध होगा।
- 20 से 25 सिटी राइड बसें बिना रुकावट तेजी से चल सकेंगी।
- फोर-लेन वाहनों को पंडरा की ओर से एक साथ आने-जाने की सुविधा मिलेगी, वहीं सिंगल वाहन ईटकी रोड की ओर सुगमता से जा सकेंगे।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

# बड़ा तालाब और हरमू नदी की सफाई पर जवाब-तलब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के जल स्त्रोतों, विशेष रूप से बड़ा तालाब और हरमू नदी की साफ-सफाई और संरक्षण को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से बड़ा तालाब और हरमू नदी की साफ-सफाई पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 जून को होगी।

**रांची नगर निगम की सफाई कार्य पर कोर्ट का निर्देश** : रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि बीते 10-11 अप्रैल को हरमू नदी की सफाई कराई गई है और समय-समय पर सफाई का कार्य किया जा रहा है। कोर्ट ने निगम को मौखिक रूप से कही गई बातों को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**बड़ा तालाब की सफाई में आ रही परेशानी:** झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब में जब तक गहराई में जमी गाद को नहीं हटाया जाएगा, तब तक पूरी तरह से सफाई नहीं हो सकेगी। सरकार की ओर से बताया गया कि नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था, लेकिन जुडको ने असमर्थता जताई है। इसके बाद नगर विकास विभाग ने जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा है।

**राज्य सरकार को कोर्ट का निर्देश** कोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा तालाब से गाद निकालने और हरमू नदी की सफाई के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से बताया गया कि कुछ जिलों से जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने संबंधी रिपोर्ट अभी नहीं आयी है।

## नामकुम आर्मी ग्राउंड पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, एयर शो की तैयारी का लिया जायजा, कहा

# वायु सेना का शौर्य देखेगी जनता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तंजानिया दौरे के बाद बुधवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रक्षा राज्य मंत्री सीधे नामकुम आर्मी ग्राउंड गये। जहां सूर्य किरण की टीम द्वारा दो दिवसीय एयर शो आयोजित किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री की पहल और प्रयास से हो रहे इस कार्यक्रम में उन्होंने वायु सेना के अधिकारियों से बातचीत की। कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की और इस एयर शो की रूपरेखा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि सेना के जवानों का शौर्य और कौशल को करीब से देखने का यह ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं स्वर्णिम अवसर होगा। कार्यक्रम में सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि देश की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के साथ ही आरंभ से उनका यह प्रयास रहा कि झारखंड की जनता सेना के शौर्य और कौशल को करीब से देख सके। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पिछले वर्ष सेना को जानो कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन कराया था। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है।

## एयर शो के लिए मुख्यमंत्री को डीसी ने दिया आमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का एयर शो होने जा रहा है। इस खास कार्यक्रम के लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण दिया है। यह एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को खोजा टोली, नामकुम के आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस शो में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम शामिल होगी। यह टीम आसमान में हवाई जहाज से जबरदस्त करतब दिखाएगी, जिसे लोग देख कर हैरान रह जाएंगे। एयर शो 19 और 20 की सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक चलेगा। यानी हर दिन एक घंटे तक यह कार्यक्रम होगा।

## खबर एक नजर में

### वैवाहिक समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां डॉ राजन कुमार सिंह के सुपुत्र कुशल के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुशल को सुखद दाम्पत्य जीवन की मंगलकामनायें एवं शुभाशीष दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने डॉ राजन कुमार सिंह एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी।

### अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को श्रद्धासुमन




**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का बलिदान दिवस बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता धर्मेंद्र तिवारी ने धुर्वा स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनके वंशजों का सरकार को ध्यान रखना चाहिए।

### माओवादी प्रदीप राम को नहीं मिली जमानत

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद सीपीआई माओवादी संगठन के सदस्य प्रदीप राम को जमानत देने से इनकार किया है। वह उक्त आरोप में 24 मार्च 2021 से लगातार जेल में है। याचिका पर सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने जमानत का विरोध करते हुये कहा कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलीभगत करके अनुसूचित अपराध को अंजाम देकर अपने अवैध संगठन के लिए जबरन वसूली जैसी अवैध गतिविधियों के जरिये भारी धन एकत्र किया। पुलिस अधिकारियों की टीम ने 11 जनवरी 2016 को उसके घर पर छापा मारा और 57 लाख 57 हजार 710 रुपये नकद बरामद किया। गवाहों के बयान से पता चला कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी गिरोह टीपीसी का एक सक्रिय सदस्य था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ठेकेदारों, ट्रांसपोर्टरों तथा कोयला व्यापारियों आदि से भारी लेवी वसूली कर वाहनों तथा अचल संपत्तियों की खरादारी की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 8 अप्रैल को याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रदीप राम को जमानत देने से इनकार कर चुकी है।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में 22 और 23 अप्रैल को सेमिनार

**आदिवासी समुदायों का स्वास्थ्य : जमीन पर काम करने के अनुभव और सीख विषय पर होगी संगोष्ठी**

**रांची।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय 22 और 23 अप्रैल को आदिवासी समुदायों का स्वास्थ्य– जमीन पर काम करने के अनुभव और सीख नाम से दो दिन का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। दरअसल, पिछले कुछ दशकों में आदिवासियों के स्वास्थ्य और सेहत में काफी सुधार देखा गया है। लेकिन, दूसरे समुदायों के मुकाबले आदिवासी समुदायों का स्वास्थ्य कई मानकों पर बहुत पीछे है। इस कार्यक्रम का मकसद जमीनी स्तर पर काम करते हुये अनुभवों पर बात करना है। इस कार्यक्रम में देश भर से लगभग 250 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य पर काम करने वाले नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि, इन समुदायों का इलाज करने वाले अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टर और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के सदस्य समेत अन्य लोग भी शामिल होंगे। आदिवासी समुदाय के स्वास्थ्य पर काम कर रहे 25 से ज्यादा संगठनों की ओर से पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी।

# नगर निगम ने राजधानी में ट्रैफिक सुधार को लेकर बैठक की, अहम निर्णय लिये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था कैसे बेहतर हो, इस पर विचार करने के लिए बुधवार को रांची नगर निगम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त संदीप कुमार ने की। इसमें ट्रैफिक से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई और जरूरी निर्देश जारी किये गये। बैठक में कई फैसले किये गये।

**कचहरी से कांटाटोली तक सड़क पर पार्किंग बंद :** इस रूट पर सड़क किनारे गाड़ियों की पार्किंग से जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए अब यहां सड़क पर पार्किंग नहीं की जा सकेगी। निगम वैकल्पिक पार्किंग स्थल की जानकारी देगा।

**रिक्शा-ऑटो को मिलेगी तय जगह :** रिक्शा और ऑटो चालकों को अब तय जगहों से ही सवारी लेनी और छोड़नी होगी। इससे ट्रैफिक में रुकावट नहीं आयेगी।

**दुकानों के सामने पार्किंग नहीं:** दुकानदारों को दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा।

**31 पार्किंग स्थलों पर गाड़ी खड़ी करने की अपील :** निगम ने शहर में 31 जगहों को वैध पार्किंग स्थल घोषित किया है। लोगों से अपील की गयी है कि वे वहीं पर अपने वाहन खड़ा करें।

**गलत पार्किंग पर कार्रवाई :** जो लोग तय नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> तय पार्किंग स्थलों पर ही वाहन लगाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।
> **नगर आयुक्त**

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी करार युवक साईनाथ महतो को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्त सोनाहातू थाना क्षेत्र के राहे का निवासी है। अदालत ने उक्त आरोप में 8 अप्रैल को दोषी ठहराया था। अभियुक्त पर छात्रा से शारीरिक संबंध बनाने और पुनः धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 22 नवंबर 2023 को सोनाहातू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत चार गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## हज पर जाने वाले जायरीन को सुविधाएं उपलब्ध करायेगी सरकार : स्वास्थ्य मंत्री



**खबर मन्त्र संवादाता**

**रांची।** राज्यक ` स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री इरफान अंसारी ने हज पर जाने वाले जायरीनों के लिए हज हाउस में आयोजित एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी जिनकी उन्हें जरूरत है। इस शिविर में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने भी भाग लिया।

## पर्यटन विभाग की बैठक: फिर से बनेगा पर्यटन का लोगो और डिजाइन, मंत्री ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# रजरप्पा, पंचघाघ और नेतरहाट में ग्लास ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन के अवसर और युवा शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार कार्यरत है। सभी योजनाओं का उद्देश्य झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर झारखण्ड को विशिष्ट स्थान दिलाना है। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

**राज्य स्तरीय टैलेंट हंट शुरू करने का निर्देश** : मौके पर सोलर सिस्टम के लिए जेरेडा के साथ प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। मेक माय ट्रिप के साथ साझेदारी कर प्रचार-प्रसार और टूर पैकेज विकास के लिए एमओयू करने का निर्देश दिया गया। ट्राइबल इंडीजिनियस सेंटर के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। होम स्टे नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजने का निर्देश दिया। अशोका होटल रांची से समझौता, होटल अशोका, रांची के शेयर हस्तांतरण के लिए बिहार पर्यटन विकास निगम के साथ एमओयू की तैयारी। छोटे पर्यटन स्थलों में इको टूरिज्म के तहत इको कॉटेज बनाने का प्रस्ताव तैयार कर सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों और उपयुक्तों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिया गया। जेरेडा से पर्यटन स्थलों में सोलर सिस्टम अधिष्ठापन का प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी अनुमोदन एवं प्रशासनिक स्वीकृति का निर्देश दिया गया। खेल केंद्रों में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने और प्रशिक्षकों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। राज्य स्तरीय टैलेंट हंट शुरू करने का निर्देश दिया गया। खेल केंद्रों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों को खेल विधा के अनुसार डाइट प्लान तैयार कर डाइट उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। सैफ चैंपियनशिप के लिए आवश्यक तैयार समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मोरबादी फुटबॉल ग्राउंड और खेलगांव स्थित फुटबॉल ग्राउंड दुरान कप से पूर्व तैयार करने का निर्देश दिया गया।

### बैठक में इन प्रमुख बिंदुओं पर की गयी चर्चा

**पर्यटन पोर्टल का पुनः डिजाइन** : नए पोर्टल के निर्माण के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मंत्री ने कहा कि जल्द वेसाइट निर्माण कर लिया जाये।

**नए पर्यटन लोगो का डिजाइन** : आवश्यक संशोधन के बाद नए लोगो को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया। पर्यटन स्थलों पर साइनबोर्ड का रंग परिवर्तन और नए बोर्ड की स्थापना करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पर्यटन मित्रों के कार्यक्षेत्र में सुधार एवं उनकी ज़िम्मेवारी तय कर पर्यटन क्षेत्र में उनकी जवाबदेही और कार्य दक्षता बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

**स्काई वॉक (ग्लास ब्रिज)** : रजरप्पा, पंचघाघ और नेतरहाट में निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया गया।

**जेटी परियोजना** : फॉरेस्ट विभाग के सहयोग से क्रियान्वयन की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया गया।

**जू सफारी** : वन विभाग के साथ प्रस्तावित जू सफारी शुरू करने का निर्देश दिया गया।

**एसएएससीआई के तहत पूंजी निवेश योजनाएं** : डीपीआर और अनुमोदन प्रक्रियाएं पर कार्योजना बनाने का निर्देश दिया गया। माइंस टूरिज्म और ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के लिए संबंधित जिलों में आवश्यक अधोसंरचना के प्रस्ताव पर कार्य जारी करने का निर्देश दिया गया।

**टेंट सिटी और डायनिंग स्पेस** : नेतरहाट में विकसित की करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इको रिसॉर्ट, होमस्टे नीति से के लि क्रियान्वयन की दिशा में पहल शुरू करने का निर्देश दिया गया।

### संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की आकस्मिक बैठक



**रांची।** हातमा में बुधवार को संताल सांस्कृतिक सोसाइटी की बैठक उपाध्यक्ष सुखदेव टुडू की अध्यक्षता में की गई। दरअसल, पूर्व में निर्धारित बैठक की तिथि 30 मार्च को अध्यक्ष और सचिव ने व्यक्तिगत व्यस्तता का हवाला देते हुये स्थगित कर दी थी। इसके बाद बैठक की तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की गयी। लेकिन इस दिन भी अध्यक्ष और सचिव ने बैठक बुलाने में असमर्थता जतायी। अतः सदस्यों के आग्रह एवं अध्यक्ष और सचिव के द्वारा बैठक नहीं बुलाने के कारण उपाध्यक्ष सुखदेव टुडू की अध्यक्षता में सभा संपन्न की गई। इस बैठक में मौजूदा परिस्थिति में इस सोसाइटी की क्रियाकलाप, सोसाइटी की भूमि एवं अध्यक्ष और सचिव की भूमिका के सम्बंध में चर्चा की गयी। सभी सदस्यों ने सोसाइटी के बायलॉज पर चर्चा करने एवं पारित करने के लिए 20 अप्रैल को बैठक बुलाने का निर्णय लिया। बैठक में 27 अप्रैल 2025 को आम बैठक बुला कर कार्य कारिणी समिति के सदस्यों का चयन करने का निर्णय लिया गया।

### संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत चल रहे मंथन कार्यक्रम में बोले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

# कार्यकर्ताओं की प्रखंड स्तरीय कमेटी संगठन की रीढ़ : के राजू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत चल रहे मंथन कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण केंद्र का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बुधवार को हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में आये अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि प्रखंड स्तर की कमेटी संगठन की रीढ़ होती है, प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए भी हमारे पास कार्यक्रम हैं।



संगठन में पंचायत, मंडल, प्रखंड, नगर वार्ड स्तर पर 12 सदस्य समिति कार्य करेगी। इसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष एवं नौ महासचिव होंगे। इन सभी पदाधिकारी का डेटाबेस झारखंड का आगे से एप में डाउनलोड होगा, ताकि उनसे निरंतर संपर्क बना रहे।

**सांगठनिक पदाधिकारी को अधिकार संपन्न बनाया जाएगा : कमलेश**

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि विगत डेढ़ महीनो से विभिन्न स्तरों पर संगठन के नीचे पायदान से लेकर ऊपर तक संवाद कर संगठन की मजबूती के लिए विस्तारित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की शिकायतों सुझावों को सुनने उसका समाधान करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। सांगठनिक पदाधिकारी को अधिकार संपन्न बनाया जाएगा। काम करने वाले सम्मानित होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन हेतु सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हमें झारखंड को अगली पंक्ति में खड़ा करना है। अपने नीति और कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाना होगा। विपक्षी दल हम पर लगातार हमलावर हैं। हमें उनका जवाब देते हुए अपना संगठनात्मक अभियान जारी रखना है।

कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिए झारखंड कांग्रेस ऐप लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐप में प्रदेश कांग्रेस से लेकर पंचायत स्तर तक के नेता-कार्यकर्ता अपने कार्यों की रिपोर्ट, संगठन के बारे में सुझाव शिकायत दे सकते हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद और जुड़ाव बनाए रखने के लिए कनेक्ट केंद्र की भी शुरुआत कर दी गई है। उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की जिम्मेवारी देते हुए अगले 100 दिनों की कार्य सूची भी दी। उन्होंने कहा कि संगठन के जनसंपर्क अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा ताकि लोगों का विश्वास जीतकर हम जन समर्थन प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बालमुचू, रविंद्र सिंह, ममता देवी, सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, एम तौसीफ, शांतनु मिश्रा, रियाज अंसारी, राकेश किरण महतो, प्रखंड अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों में साहाबिर लोहरा, संजर खान, कार्तिक चंद्र महतो, कुशल उरांव विजय टोप्पो, राजकिशोर मुंडा, प्रिंस बट, मेहुल प्रसाद उपस्थित थे।

# झारखंड में डेयरी विकास को मिलेगी नयी दिशा : शिल्पी

- होटवार में बहुत जल्द पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट का होगा शिलान्यास
- एनडीडीबी के सीएमडी डॉ मीनेश शाह ने की कृषि शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ मीनेश शाह ने राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। बुधवार को हुई मुलाकात के दौरान झारखंड में मेधा डेयरी सहित एनडीडीबी की कार्य योजना पर चर्चा हुई । इस मौके पर एनडीडीबी के सीएमडी डॉ मीनेश शाह ने बताया कि होटवार में नया पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट का निर्माण होने जा रहा है। एनडीडीबी द्वारा शुरू होने वाले इस प्लांट का शिलान्यास के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का समय निर्धारित किया जा रहा है। बहुत जल्द इस नये प्लांट की आधारशिला रखी जाएगी ।इसके साथ ही गिरिडीह में 50 हजार लीटर का एक और नया प्लांट लगाने की योजना है।

डॉ शाह ने बताया कि उन्होंने खुद गिरिडीह जाकर स्थल निरीक्षण किया है। वहीं झारखंड में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत राज्य के किसानों को अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध कराने को लेकर एक सेंटर का निर्माण किया जाएगा। अब गाय खरीद के लिए राज्य के किसानों को दूसरे राज्य जाने की जरूरत नहीं होगी। राज्य सरकार और जेएमएफ द्वारा इसका प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। केंद्र सरकार से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जमशेदपुर या रांची में अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध कराने का सेंटर शुरू किया जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात के क्रम में वेटनरी डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई । पशु पालकों को समय पर वेटनरी डॉक्टर उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित कराया जाएगा। मौके पर मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक जयदेव विश्वास भी मौजूद थे।

## आकाश इनविक्टस कैंपस अब राजधानी में



**रांची।** आकाश इनविक्टस कैंपस बुधवार को राजधानी में खुल गया। कैंपस का उद्घाटन एमडी सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने किया। प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है। यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। यह तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है।

## छोटानागपुर लॉ कॉलेज के संस्थापक बैरिस्टर श्याम कृष्ण सहाय को दी गयी श्रद्धांजलि




**रांची।** सोमवार को आर्य समाज मंदिर में स्वर्गीय बैरिस्टर श्याम कृष्ण सहाय की 62वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके समाज और शिक्षा क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण सहाय परिवार की ओर से किया गया। जिसमें विशेष रूप से राहुल सहाय, ज्योति कुमार सिन्हा, आयुष सहाय, ऐश्वर्या सहाय, संगीता श्रीवास्तव एवं राजेश सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व सिंडीकेट सदस्यों ने उच्च शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर उठाये सवाल

- उच्च शिक्षा विभाग में व्याप्त है भ्रष्टाचार, अविलंब जांच कराए मुख्यमंत्री-राज्यपाल : डॉ अटल पाण्डेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पाण्डेय और अर्जुन कुमार राम ने राजभवन और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली और विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए हैं। डॉ अटल पाण्डेय ने कहा कि विभा पाण्डेय, जो नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका हैं, उन्हें उच्च शिक्षा विभाग ने अपने ही नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना विश्वविद्यालय में ज्वाइन कराए और बगैर कुलपति से एनओसी या अनुमति लिए सेवा विस्तार दे दिया



है। विभा पाण्डेय पीछले पांच वर्षों से कार्यरत्त हैं, जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने ही पत्र जारी कर कहा था की जिनका तीन वर्ष पूर्ण हो जाएगा वह स्वतः विरमीत समझे जाएंगे । ऐसा प्रतीत हो रहा उच्च शिक्षा विभाग नियम परिनियम से नहीं मनमानी से चल रहा है।

**विभा पाण्डेय को गलत तरीके से दिया गया है सेवा विस्तार**

वहीं, अर्जुन राम ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारी लोगों की समस्या के समाधान के बदले समस्या को बढ़ाने का काम करते हैं। वेतन निर्धारण सहित अन्य काम को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इन लोगों के कारण शिक्षकों और कर्मचारियों को बिना न्यायालय गये न्याय ही नहीं मिलता। जब सारे काम न्यायालय से ही होगा तो ये अधिकारी लोग किसलिए कुर्सी पर बैठे हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था, जिसमें स्पष्ट था की उप निदेशक जिनका ग्रेड पे 7000/- हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे। परंतु उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए 6000/- ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। इनमें अधिकतर प्राध्यापक 2008 बैच के जिस पर सीबीआई जांच चल रही है, ऐसे में उप निदेशक जैसे बड़े पद नियुक्त करना कहां तक सही है? दोनों सिंडीकेट सदस्यों ने उपरोक्त मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग और विभा पाण्डेय को उनके अपने विश्वविद्यालय में वापस भेजने की मांग राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है। अन्य उप निदेशकों को हटा दिया गया और विभा पाण्डेय को छोड़ दिया गया, क्या विभा पाण्डेय पर नियम कानून लागू नहीं होता है क्या? या अपनी गलती छुपाने के लिए उनसे अभी तक विभाग में कार्य लिया जा रहा है?

## ओबीसी के लिए जो काम ओबीसी पीएम और सीएम ने नहीं किया वो हेमंत ने किया : राजेश

- हेमंत सोरेन को झामुमो का केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की ओर से हार्दिक बधाई। आपके नेतृत्व में झारखंड की प्रगति और विकास को नई दिशा मिलेगी, ऐसी उम्मीद है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो काम ओबीसी प्रधानमंत्री और ओबीसी मुख्यमंत्री नहीं कर सके वह आपने किया है। इससे यह उम्मीद जगी है कि जिस तरह से अपने ओबीसी समुदाय के आरक्षण बढ़ाने के लिए कैबिनेट और विधानसभा से पास किया है। राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को सौंपा है वह शीघ्र ही लागू होगा।

हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, महासचिव, डॉ शिवानंद काशी, पंकज सिंह,विवेक कुमार, सत्येंद्र यादव के अलावे मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, प्रो प्रेमनंदन मंडल, उमेश जायसवाल, संजय मेहता, अधिवक्ता जगत सोनी, महासचिव राम अवतार कश्यप, अजय मेहता, प्रमोद कुमार, सुरेश ठाकुर, राम लखन साहू, जगदीश साहू,विष्णु कुमार, संतोष सोनी, सुबोध कुमार चंद्रवंशी, सुनील जायसवाल समेत अन्य शामिल हैं।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में नये सत्र की हुई शुरुआत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपने नन्हें-नन्हें, छोटे-छोटे चमकीले सितारों का स्वागत एक मजेदार, हंसने और सीखने की दुनिया में बड़े ही उत्साह और उत्सुकता के साथ किया गया। गर्मजोशी, नर्मदिल मुस्कान और खुले दिल से विद्यालय परिवार ने अपने छोटे-छोटे नये सदस्यों का स्वागत इस तरह किया कि उन्हें उनके नये वातावरण में घर जैसा महसूस हुआ। उनके लिए नये सत्र का पहला सप्ताह मजेदार, सुरुचिपूर्ण, खेल गतिविधियों से भरा था, जिससे जिनके जिज्ञासा, प्रेम, हंसी और सीखने को बढ़ावा मिला। इस तरह का वातावरण उपलब्ध कराने का विद्यालय का यह उद्देश्य है कि बच्चे खेल-खेल में उत्साहपूर्ण नयी-नयी चीजों को सीखें और शिक्षा जैसे मजबूत भवन का निर्माण खुशियों एवं उमंग की नींव पर रखते हुए आगे बढ़ें।

विद्यालय प्रबंधन का यह मानना है कि कोई भी बच्चा तभी बेहतर सीख सकता है, जब वह स्वयं करके सीखे। जरूरत होती है तो बस सही और उचित मार्गदर्शन की, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकगण अपना योगदान और सहयोग देते हैं। इस प्रकार से करके सीखना ही एक बच्चे को मजबूत आधार प्रदार करता है और आगे चलकर वही बच्चा सफलता की बुलंदियों को छूता है और सही अर्थों में शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण होता है। इस तरह शारदा ग्लोबल स्कूल ने बच्चों को एक रोमांचक, सुंदर यात्रा की शुरुआत के लिए तैयार किया।

## वीडीवीके की प्रगति पर जेएसएलपीएस कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय में वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) की प्रगति को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रवीण सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक (एसपीएम) आजीविका ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य भर में संचालित वीडीवीके के कार्यों की समीक्षा करने तथा उन्हें और अधिक प्रभावी व लाभकारी कैसे बनाया जाये, इस पर विचार करने के संदर्भ में था बैठक में कार्य प्रणाली को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। सभी जिलों में वीडीवीके के संचालन को बेहतर करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर चर्चा हुई, ताकि ग्रामीण महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

बैठक में पलाश ब्रांड के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता और आकर्षण बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया। वहीं, मानकीकृत पैकेजिंग और समय पर आपूर्ति को लेकर तय किया गया कि सभी उत्पादों की पैकेजिंग एक समान हो और बाजार में उनकी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, ताकि ग्राहक का भरोसा बना रहे। इसके अलावा उत्पादन लागत में कमी कैसे लायी जाये इस पर विचार किया गया। ग्रामीण महिला उद्यमियों को अधिक मुनाफा देने के लिए उत्पादन लागत घटाने के उपायों पर चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में झारखंड के सभी जिलों से जिला कार्यक्रम प्रबंधक शामिल थे।

## मनोरमा देवी की स्मृति में ओल्ड एज होम में उपयोगी सामग्री वितरित

**रांची।** राजधानी के हिनू निवासी समाजसेवी प्रेम शंकर की ओर से माता मनोरमा देवी की स्मृति में सिंह मोड़ के लटमा रोड स्थित ओल्ड एज होम 'अपना घर' में वृद्ध महिलाओं के बीच दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपना घर में रहने वाली वृद्ध महिलाओं के बीच चादर, तकिया कवर, तौलिया, फूड पैकेट आदि बांटे गए। समाजसेवी प्रेम शंकर के पुत्र ऋषभ कुमार ने वृद्ध महिलाओं को दोपहर का भोजन कराया। इस अवसर पर प्रेम शंकर ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है। मानव जीवन का उद्देश्य सफल होता है। वहीं, शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट ने वृद्ध आश्रम की महिलाओं के बीच फल का वितरण किया। मौके पर श्री शीट ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों, लाचारों और बेसहारों की सहायता करने के लिए हर इंसान को आगे आना चाहिए। उन्होंने समाजसेवियों और सामाजिक संगठनों से गरीब व असहाय लोगों की सेवा में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। अपना घर की व्यवस्थापिका सिस्टर एम्मा ने समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जेएसएलपीएस की पहल से ग्रामीण महिलाओं को मिला हौसला

- सूक्ष्म उद्योग के जरिये सशक्त बन रहीं ग्रामीण महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार बह रही है। कभी घर की चौखट तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की पहल से लाखों ग्रामीण महिलाएं अब खुद कमाकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपने परिवार की रीढ़ भी बन चुकी हैं। ऐसी ही एक कहानी है सिमडेगा की फुलमनी प्रधान की, जिन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर न केवल आर्थिक रूप से खुद को सशक्त किया, बल्कि अपने परिवार का भी सहारा बनीं।

**अभाव में पढ़ नहीं सकीं, आज खुद का बिजनेस :** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को वर्षों से सिर्फ घरेलू कार्यों तक सीमित रखा गया। शिक्षा और अवसरों के अभाव में वे समाज की मुख्यधारा से कटी हुई थीं। लेकिन अब समय बदल रहा है। महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं और समाज को यह दिखा रही हैं कि यदि उन्हें सही दिशा और अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं।

**सिमडेगा की फुलमनी प्रधान ऐसी ही एक मिसाल :** सिमडेगा सदर प्रखंड के कोचेडेगा भंडार टोली गांव की निवासी फुलमनी प्रधान पहले केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित थीं। लेकिन जब वह चांदनी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी, तो उनके जीवन ने एक नया बदलाव आया।

**समूह से जुड़ने पर मिली योजनाओं की जानकारी, बढ़ा आत्मविश्वास :** फुलमनी बताती हैं कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें कई सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 1,30,000 का ऋण लिया। साथ ही अपने सखी मंडल से भी 40,000 का ऋण प्राप्त किया।

**मशीन खरीदी, शुरू किया मुरही उत्पादन :** फुलमनी ने इस पूंजी से मुरही बनाने की मशीन खरीदी और अपने गांव में ही उत्पादन शुरू किया। आज वह इस मुरही को स्थानीय बाजारों में थोक और खुदरा दोनों भाव में बेच रही है। उनकी मेहनत रंग लाई है और अब वह सालाना 1 लाख से अधिक कमा रही है।

# स्कूल बच्चों के चहुमुखी विकास को प्रयासरत है : एमके सिन्हा

- डीएवी नीरजा सहाय ने मनाया 23वां स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी का बुधवार को 23वां स्थापना दिवस मनाया गया। एआरओ एमके सिन्हा एवं डीएवी आनंद स्वामी की प्राचार्या रोशी समारोह में बतौर अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परंपरा के साथ किया गया। उनके सम्मान में बच्चों ने एक सामूहिक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एकता, समझ, सद्भाव, सामूहिक कल्याण, आपसी सम्मान पर आधारित नृत्य



कक्षा दूसरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा 9वीं की सोनी ने शास्त्रीय संलयन नृत्य द्वारा सभी का मन मोह लिया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर कक्षा एलजी से कक्षा 11वीं तक के बच्चों को सर्टिफिकेट देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

मौके पर एआरओ एमके सिन्हा ने कहा कि आरुष का अर्थ होता है सूर्य की पहली किरण और उन्होंने स्कूल की स्थापना से लेकर संघर्षों के बाद मिली सफलता की कहानी बताया। उन्होंने कहा स्कूल न केवल पुस्तकीय ज्ञान बल्कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सूफी नृत्य, ओडिसी नृत्य, असमिया नृत्य, हरियाणवी नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया।

मीडिया के नकारात्मक और सकारात्मक प्रभावों पर आधारित नाटक का प्रस्तुतीकरण बच्चों द्वारा किया गया। भूले बिसरे गीतों के माध्यम से बच्चों ने राज कपूर के महत्वपूर्ण गीतों का संग्रह प्रस्तुत किया। नृत्य नाटिका यादों का सफर, जिसमें डीएवी नीरजा सहाय के 23 सालों का सफर दिखलाया गया। प्राचार्या किरण यादव द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया तथा उन्होंने कहा कि बच्चों के सही मार्गदर्शन में स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। धन्यवाद ज्ञापन अनामिका हर्षवर्धन द्वारा किया गया और शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। भव्या और अनम रिजवान द्वारा मंच संचालन बखूबी निभाया गया।

## एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल द्वारा श्यामली महिला मिलन समिति के सहयोग से शहर के इस्पात क्लब के सभागार में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को कैंसर के सामान्य वैज्ञानिक लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह ने सभी महिलाओं को कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में बताया। महिला समिति की अध्यक्ष सोनी वर्मा सहित वरिष्ठ महिलाएं और एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के मार्केटिंग और ब्रांडिंग प्रमुख मनोरंजन कुमार रॉय ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## ईद मिलन में दिग्गजों की शिरकत से युवाओं के हौसले बुलंद

# अल्पसंख्यकों पर हो रहे धार्मिक हमले : डॉ इरफान

- संघ-भाजपा पर निशाना
- मोदी-शाह की आलोचना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड अंजुमन कमेटी की फुटकलटोली स्थित प्रधान कार्यालय में बुधवार को आयोजित ईद मिलन में भारी भीड़ उमड़ी। समारोह के बहाने वक्फ संशोधन कानून पर चर्चा हुयी। मंत्री डॉ इरफान अंसारी, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, कांग्रेस नेता परमेश्वर तिवारी, मो मोजिबुल्लाह, झामुमो नेता रामनंदन महतो तथा आमया के एस अली बतौर अतिथि शामिल हुये। डॉ इरफान ने केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार किये और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ धार्मिक हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा और संघ पर भी निशाना साधा। नेताओं की शिरकत से युवाओं के हौसले बुलंद दिखे।


मंत्री का स्वागत करते लोग।

### इन्होंने लिया हिस्सा

उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, मुखिया प्रभा तिर्की, पूर्व जिप सदस्य अकिलमा खातून, अंजुम खान, मोख्तार अंसारी, अजमुल हक, साकिर इस्लामी, शमीम अख्तर आजाद, मुंतजिर खान, मो सेराजुद्दीन, हाजी शरीफ, जहीर मंसूरी, मोबिन अंसारी, रज्जब अली, मो आशिफ, मो असलम, सैयद फिरोज, मुंतजिर रजा, अशफाक खान, हैदर अली, रियासत अंसारी, मौलाना असगर, खुर्शीद अंसारी, नईम अंसारी, मौलाना नजमुल हक, शहजादा अंसारी, शमशाद अंसारी व अब्दुल गफ्फार आदि।

### कानून के खिलाफ हो जन आंदोलन : जैनेंद्र कुमार

बुद्धिष्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार तथागत ने हालिया वक्फ कानून 2025 के खिलाफ जन आंदोलन की वकालत की है। उन्होंने सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध व मुस्लिम को एक मंच पर आने का सुझाव दिया है। श्री कुमार ने खबर मंत्र से बातचीत में कहा कि मुस्लिम एकलौता अल्पसंख्यक नहीं हैं। देश में 84 हजार बौद्ध मठ, हिंदुओं की मंदिर में तब्दील कर दिये गये। लेकिन, मुसलमानों ने इसका विरोध नहीं किया। अल्पसंख्यकों पर हो रहे धार्मिक हमले की निंदा करते हुये उन्होंने केंद्र से बिहार के गया बौद्धि मंदिर बीटीएमसी एक्ट 1949 और वक्फ कानून को तत्काल निरस्त किये जाने की मांग दोहरायी।


जैनेंद्र कुमार।

### वक्फ बचाओ सम्मेलन 20 को

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकजुटता और अधिकार के लिये संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। वहीं, लोगों से 20 अप्रैल को मांडर में आहूत 'वक्फ बचाओ सम्मेलन' में भाग लेने की अपील की गयी। अध्यक्षता अताउल्लाह अंसारी ने की। जबकि, संचालन अनीसुर्रहमान ने किया।

# नियमों को ताक पर रख मजदूरों का शोषण कर रही मधुकॉन प्रोजेक्ट कंपनी : अब्दुल्ला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** असंगठित मजदूरों की बैठक सुनील सिंह के अध्यक्षता में हुयी। बैठक में मुख्य रूप से मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों के समस्या को लेकर चर्चा किया। मजदूरों ने बताया कि वर्तमान में एनके एरिया के केडीएच में सायलों प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही मधुकॉन प्रोजेक्ट कंपनी मजदूरों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर रही है। मौके पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि यह कंपनी जब से यहाँ काम कर रही है हमेशा विवाद में रहती है। मजदूरों से 12 से 14 घंटा काम करवाती है ऊपर से पैसा बढ़ाने के जगह पैसा काटती है। कहा कि कंपनी झारखंड सरकार के श्रम कानून के नियमों को ताक पर रख कर मजदूरों को शोषण करने का काम कर है। कहा कि अगर मजदूर जब एकजुट होकर अपना हक के लिए आंदोलन करने की बात करती हैं तो कंपनी प्रबंधन द्वारा धमकी दिया जाता है कि आंदोलन करने वाले सभी मजदूरों को काम से निकाल दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लागू किया गया श्रम कानून के तहत कंपनी में कार्यरत सभी मजदूरों को वेतन सही सभी सुविधा बहाल करें।

## राशि लेकर योजना पूर्ण नही करने पर होगी कार्रवाई

# बीडीओ ने किया पीएम व अबुआ आवास के लाभुकों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को जिस गति से योजनाएं तो मिल रही, उस अनुरूव क्रियावन्य नही हो रहे हैं। इसे लेकर बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने बुधवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सदमा में पीएम व अबुआ आपास योजना के लाभुकों के साथ समिक्षात्मक बैठक किया। बैठक में पहुंचे लाभुकों में जिनका अवास निर्माण पूर्ण हो गया। उसे बधाई दी, वहीं जो योजना राशि लेकर निर्माण कार्य पुरा नही कर रहे उन्हे सख्त चेतावनी भी दिया। उन्होने अवास निर्माण कार्य पूरा नही करने का कारण पुछा, और योजना राशि लेकर निर्माण कार्य पुरा नही करने पर राशि वसूलने जैसी कार्रवायी करने की चेतावनी भी दी। साथ ही उन्होने सभी को जल्द निर्माण कार्य करने में मुख्यालय स्तर आ रही बाधाऐं को दूर करने का अश्वास भी दिया। वहीं लाभुकों द्वारा जल्द अवास निर्माण कराने लेने का आश्वसन दिया गया। बैठक में मुखिया सुनील उरांव, प्रखंड कर्मी, योजना के लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थें।


योजना के लाभुकों के साथ बैठक करते बीडीओ कामेश्वर बेदिया।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में प्रचार की कमी

# जमीन विवाद के सात फरियादियों ने दी अर्जी

- सिर्फ लिये गये आवेदन
- अगली तिथि को सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार की कमी के कारण जमीन विवाद के सिर्फ सात ही मामले आये। फरियादियों से अर्जी ली गयी। उन्हें अगली तिथि को सुनवाई का भरोसा दिलाया गया। मौके पर डीएसपी अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक रामनारायण सिंह, अवर निरीक्षक उमेश सिंह, अवधेश पाठक, विशेश्वर कुमार, छोटू कुमार, नवीन शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार, जुल्फिकार अली, सीआई शरफराज अहमद व सभी राजस्व उप निरीक्षक मौजूद थे। इधर, थानेदार आरएन सिंह ने पत्रकारों को बताया कि प्राप्त अर्जियों की जांच की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि भविष्य में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गयी है। श्री सिंह ने क्षेत्र के लोगों से निर्भीक होकर आवेदन देने की अपील की है।

### ट्रेकर की छत से गिरने पर युवक की हुई मौत

**अनगड़ा।** हुंडरू फॉल सड़क पर बुकी गांव के बुकी मोड़ के पास आज करीब 9:00 बजे सुबह एक ट्रेकर वाहन के छत से गिरकर एक करीब 32 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई मृतक की पहचान सुकर लाल करमाली के रूप में हुई है वह रामगढ़ के साकी का रहने वाला था और वह सिंगारी गांव से एक बरात पार्टी से वापस रामगढ़ लौट रहा था इस बीच वह चलती गाड़ी के अन्दर से निकल कर बुकी मोड़ के पास ट्रेकर के छत पर चढ़ाने जा रहा था इसी बीच तीखा मोड़ होने के कारण वह छत से माथे के बल गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### पति ने पत्नी को कुदाली से मारकर किया घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के जामटोली रोड निवासी 30 वर्षीया महिला तनु देवी को उसके पति संतोष गुप्ता ने घरेलू विवाद को लेकर कुदाली से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे सिर व चेहरे पर चोट लगी है। घटना बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। समाजसेवी शशि टाइगर व थाना प्रभारी ने घायल महिला को स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया।

### धान व्यापारी से लूटपाट करने के आरोपी गिरफ्तार

**सोनाहातू।** पुलिस ने धान व्यापारी अजय भगत से चार लाख रुपये और मोटरसाइकिल लूटकांड में शामिल तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में बुंडू थाना के गोसाईडीह निवासी जीतलाल महली, बुंडू थाना के ताउ गांव निवासी उपेंद्र महतो, बुंडू थाना के खुदीमोदकाम निवासी चितरंजन महतो को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से कांड में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल 10 हजार रुपये तथा व्यापारी का मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है। 7/10/24 को बुंडू सोनाहातू सड़क पर धान व्यापारी अजय भगत से चार लाख और एक मोटरसाइकिल की लूट हुई थी। प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस की छापेमारी जारी था। 15 अप्रैल की रात कांड में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**इटकी।** इटकी थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां शिकायतों से संबंधित कुल तीन आवेदन आए। इनमें एक मामला आपसी विवाद और एक जमीन का मामला जिसका त्वरित निष्पादन कर दिया गया। वहीं एक मामला जमीन स्वामित्व को लेकर आया जिसे सीओ के पास अग्रसारित कर दिया गया। मौके पर बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसआई विवेक दुबे, एएसआई मणिभूषण, बीके हेमरोंब, पीएलवी अजय गोप सहित अन्य मौजूद थे।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर अत्महत्या की

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के कांशीडीह ग्राम निवासी रामकुमार मुंडा नमक एक50 वर्षीय व्यक्ति ने बुधवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र कार्तिक मुंडा को दो दिन पूर्व ही बलात्कार के आरोप में पड़कर पुलिस ने जेल भेजा था। बताया गया कि इसको लेकर उसके पिता रामकुमार मुन्डा काफी डरा शहमा हुआ था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया है।

### अशोक गुप्ता को सोनाहातू के पर्यवेक्षक बनने पर बधाई

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र से तीन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रखंड का प्रवेक्षक बनाए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष जताते हुए तीनों को बधाई दी गई है। बताया गया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा ओरमांझी के रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता को सोनाहातु, जिप सदस्य कमिश्वन मुंडा व शिवटहल नायक को कांके का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सभी को तीन माह के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।

(आसपास की खबरें पेज 9 पर भी देखें)

# संविधान के अपमान के खिलाफ आक्रोश मार्च ऐतिहासिक होगा : विनय महतो धीरज

- महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा दिए गए संविधान विरोधी (संविधान से पहले शरीयत) वाले बयान के खिलाफ कल आक्रोश मार्च निकाला जायेगा। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो ने दी। उन्होंने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संविधान के प्रति आस्था है तो उन्हें तुरंत मंत्री हफीजुल हसन को बर्खास्त करना चाहिए। श्री महतो ने बताया कि आक्रोश मार्च भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में आहूत की गई है। सभी कार्यकर्ता पहले जिला स्कूल परिसर में एकत्रित होंगे फिर राजभवन तक पैदल जायेंगे। अंत में महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र रॉय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश पदाधिकारीगण, विधायकगण पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं इनके अलावे जिला एवं मंडल के कार्यकर्ता भी अपना आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। जिला अध्यक्ष ने आमजनों एवं कार्यकर्ताओं से हजारों की संख्या में आक्रोश मार्च में शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने की अपील की।



## छापामारी अभियान चला कर अवैध शराब भट्टी जावा महुआ और अवैध शराब किया गया नष्ट

**खलारी।** सहायक आयुक्त उत्पाद राँची एवं पुलिस उपाधीक्षक खलारी के निदेर्शानुसार जिला उत्पाद टीम एवं खलारी थाना द्वारा संयुक्त रूप से खलारी थाना क्षेत्र में अवैध शराब भट्टी एवम शराब बिक्री की विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया। थाना अंतर्गत क्षेत्र के मोहन नगर 128 न० कॉलोनी, चंदन नगर, दुर्गा मंडप मोहन नगर, उडीया ब्रेक, धोबी टोला, बमने, पाही सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर कुल 4 अवैध चुलाई शराब भट्टी को नष्ट किया गया एवं अन्य स्थानों से चुलाई शराब जब्त किया गया। जिसमे 1050 किलो जावा महुआ घटनास्थल पर विनष्ट किया गया। वहीं 220 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत फरार अभियोग दर्ज किया जाएगा। छापामारी दल में रजनीश कुमार, जयदीप टोप्पो, रूपेश कुमार, राजकिशोर सिंह सहित उत्पाद कर्मी, पुलिस बल एवं गृह रक्षक वाहिनी शामिल थे।



### जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

**नामकुम।** बुधवार को थाना परिसर मे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नामकुम, टाटीसिल्वे और खरसीदाग ओपी की पुलिस टीम द्वारा अपने अपने छेत्रों की शिकायतें ली गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल मौजूद थे। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मौके पर लोगो की शिकायत सुनी जा रही है और निष्पादन भी किया जा रहा है। जिन मामलों में सहमति नहीं बन पाई उन मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जाएगी। मौके पर ग्रामीण एसपी ने बताया कि नामकुम थाने में कुल दस मामले आये थे, जिसमे पांच को मौके पर ही निष्पादित कर दिया गया। जबकि पांच मामलो में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं टाटीसिल्वे में कुल एक ही मामला आया था, जिसमे पूर्व से कारवाई चल रही है। वहीं खरसीदाग ओपी में चार मामले आये थे।

# झारखंड के खून में खेल प्रतिभा कूट कूट कर भरी है : शिल्पी तिर्की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** झारखंड की खून में खेल प्रतिभा कूट कूट कर भारी है। जरूरत है इसे तराश कर अच्छे दिशा देने की ताकि यहां के खिलाड़ी राज्य, देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन कर सके। उक्त बातें कृषि पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को इटकी सियार टोली स्थित नवनिर्मित स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में अधिक से अधिक खिलाड़ी माड़ भात खाकर सीमित संसाधन में प्रैक्टिस कर आज राज्य, देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए इटकी प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण किया गया है। यहां युवक युवतियों का डे-बोर्डिंग चलाया जाएगा। स्टेडियम को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए सामाजिक स्तर पर एक 15 सदस्यीय समिति का गठन करने पर चर्चा की गयी। गठित समिति रजिस्टर्ड सोसायटी एक्ट 1860 के तहत इसका संचालित किया जाएगा। संचालन समिति में 15 सदस्यों वाली कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। समिति के पदेन अध्यक्ष विधायक और पदेन सचिव बीडीओ पदभार संभालेंगे। संचालन समिति में 60 प्रतिशत पुरुष व 40 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रहेगी। सदस्यता शुल्क 100 रुपये रखी गयी है। स्टेडियम का उपयोग सिर्फ खेल और कला संस्कृति पर आधारित आयोजन के लिए किया जाएगा। मौके पर कला सांस्कृतिक को बढ़ावा देने, तथा स्टेडियम के बेहतर रख रखाव के लिए डे नाईट गॉर्ड नियुक्त करने की भी बातें कही गयी।

### कृषि मंत्री के अगुवाई में शेख भिखारी स्टेडियम संचालन समिति का गठन

**मांडर।** प्रखंड के हेशमी गाँव स्तिथ शहीद शेख भिखारी स्टेडियम में बुधवार को एक बैठक स्टेडियम के रख-रखाव को लेकर संचालन समिति गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी और अंचलाधिकारी चंचला कुमारी शामिल हुए। बैठक में कमिटी संचालन के कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया, तथा सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा कई सुझाव के साथ साथ कमिटी संचालन के नियम एवं शर्तों को बतलाया गया। और उन्होंने कहा यह स्टेडियम पुर्व मंत्री और हमारे पिता बन्धु तिर्की द्वारा क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्माण किया गया था, मेरा सपना इस स्टेडियम को झारखंड के मॉडल स्टेडियम के रूप में पेश करना है। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर, तबारक खान, अबुजर अंसारी, आबिद अंसारी, शमसुल शेख, जमील मलिक, होसे उरांव, मो0 खालीद, संजय तिग्गा, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, प्रेमचंद एक्का, आजाद अंसारी, स्टेडियम के कोच हसन अंसारी, नसीम अंसारी, सेरोफीना मिंज, सरिता तिग्गा, अलबेलस टोप्पो, चिंतामणि उरांव, बेरना बेक, और बहुत सारे लोग मौजूद रहे।



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

72वीं औपबंधिक सूची
जिला– लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामनंदन साहु एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–560 2. आवेदक–आनन्द कुमार साहु, पिता–महावीर प्रसाद<br>3. ग्राम–कुडू, पोस्ट–कुडू, थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायीं हथेली पर जलने का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–143 2. आवेदक–नन्दकिशोर शुक्ला, पिता–स्व0 काशीराम शुक्ला<br>3. ग्राम–मुर्की, पोस्ट–अरेया, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–सुरेन्द्र उरांव, पिता–स्व0 घरकु उरांव<br>3. ग्राम–मेढ़ो, पोस्ट–कोराम्बे, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–166 2. आवेदक–विनु महतो, पिता–केवल महतो<br>3. ग्राम–कल्हेपाट, पोस्ट–अर्रू, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में दाहिने तरफ घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–498 2. आवेदक–बसंत उरांव, पिता–धमरा उरांव<br>3. ग्राम–बसरी, पोस्ट–सेन्हा, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–147 2. आवेदक–अनिल कुमार साहु, पिता–महावीर साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली, पोस्ट–पंडरा, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–शिवनन्दन साहु, पिता–नारायण साहु<br>3. ग्राम–सेन्हा, पोस्ट–सेन्हा, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विशेषण भगत एवं अमर किण्डो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत, पिता–स्व0 बिलगु उरांव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर, पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–मंगु उरांव, पिता–शनिया उरांव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर, पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–कदवा उरांव, पिता–लोला उरांव<br>3. ग्राम–कैरो विराजपुर, पोस्ट–कैरो, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां सीना में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–विलियम कुजूर, पिता–स्व0 बरनबास कुजूर<br>3. ग्राम–शांतिनगर, किस्को मोड़, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिनोद भगत, चैतु मुण्डा एवं राजु महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. आवेदक–कर्मा उरांव, पिता–स्व0 लोहरा उरांव<br>3. ग्राम–एकागुटी, पोस्ट–झाडु, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–बाबुलाल उरांव, पिता–स्व0 भीवा उरांव<br>3. ग्राम–चितरी महुवाटोली, पोस्ट–झाडु, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह– दोनों कान में कौनोसी का छेद का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–बिजुआ उरांव, पिता–स्व0 रामदेव उरांव<br>3. ग्राम–झाडु, पोस्ट–झाडु, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथे में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–18/25 2. आवेदक–जबा उरांव, पिता–स्व0 लोहरा उरांव<br>3. ग्राम–एकागुटी, पोस्ट–झाडु, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–19/25 2. आवेदक–बिरेन्द उरांव, पिता–स्व0 बिरसु उरांव<br>3. ग्राम–मेढ़ो, पोस्ट–कोराम्बे, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख में माथे में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–20/25 2. आवेदक–शीला देवी मिंज, पति–मंगरा मिंज<br>3. ग्राम–लोहार सरना टोली, पोस्ट–जुरिया, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–51/25 2. आवेदक–मनीलाल उरांव, पिता–स्व0 मंगरा उरांव<br>3. ग्राम–हिसरी, पोस्ट–दामोदर, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–21/25 2. आवेदक–लखनिया उरांव, पति–महेश उरांव<br>3. ग्राम–बोगा, पोस्ट–हिसरी, थाना–किस्को, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–22/25 2. आवेदक–आशा उरांव, पति–स्व0 जयपाल उरांव<br>3. ग्राम–जुरिया गढ़ी टोली, पोस्ट–जुरिया, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–23/25 2. आवेदक–महेश प्रसाद साहु, पिता–स्व0 राम लखन साहु<br>3. ग्राम–बरवाटोली लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–24/25 2. आवेदक–बसंती उराईन, पति–जयसिंह उरांव<br>3. ग्राम–खरता, पोस्ट–खरता, थाना–कैरो, प्रखण्ड–कैरो<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–120/25 2. आवेदक–देवमैन उरांव, पति–स्व0 मंगा उरांव<br>3. ग्राम–जोली, पोस्ट–लुगटु, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–असीम कश्यप, पिता–स्व0 शम्भू कश्यप<br>3. ग्राम–अपर चौक पुरी पुरानी राँची, पोस्ट–जी0पी0ओ0 राँची, थाना–कोतवाली, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये माथे में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–35/25 2. आवेदक–सीता उरांव, पति–रामदयाल उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना मुंह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–36/25 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–अर्जुन ठाकुर<br>3. ग्राम–झाखरा, पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–37/25 2. आवेदक–कुंवर लोहरा, पिता–स्व0 धर्मदेव लोहरा<br>3. ग्राम–किस्को, पोस्ट–किस्को, थाना–किस्को, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–38/25 2. आवेदक–रामदयाल उरांव, पिता–स्व0 महलू उरांव<br>3. ग्राम–झाखरा, जितियाटोली, पोस्ट–बुटी, थाना–सेन्हा, प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जलेश्वर उरांव एवं एतवा उरांव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–25/25 2. आवेदक–महेन्द्र उरांव, पिता–बिरसा उरांव<br>3. ग्राम–कोटा, पोस्ट–बलसोटा, थाना–भण्डरा, प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–26/25 2. आवेदक–राकलु उरांव, पिता–स्व0 मन्टरू उरांव<br>3. ग्राम–कुन्दो, पोस्ट–डिंको चट्टी, थाना–भण्डरा, प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनय कुजूर, राजकिशोर उरांव, इस्लाम अंसारी, पिंटु भगत एवं इसरार अहमद द्वारा आवेदन पर पहचान/ अनुशंसा का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–39/25 2. आवेदक–लोलस कुजूर, पिता–स्व0 प्रभुदयाल कुजूर<br>3. ग्राम–डुगडुग सरना टोली, पोस्ट–भारी नवाडीह, थाना–किस्को, प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–40/25 2. आवेदक–संजय कुमार, पिता–स्व0 विष्णु प्रसाद<br>3. ग्राम–लोहरदगा, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–41/25 2. आवेदक–आशिष कुमार, पिता–अशोक कुमार अग्रवाल<br>3. ग्राम–मिशन चौक, बी0आई0टी0, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–42/25 2. आवेदक–बलबीर कुमार देव, पिता–राजेन्द्र प्रसाद देव<br>3. ग्राम–देव कुंज, महादेव टोली रोड, पोस्ट–वार्ड–20, बदला, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–43/25 2. आवेदक–मोहम्मद कैसर अहमद, पिता–स्व0 मो0 जमील अहमद<br>3. ग्राम–सोमार बाजार अमला टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–44/25 2. आवेदक–दया शंकर राव, पिता–स्व0 राज किशोर राव<br>3. ग्राम–कचहरी मोड़, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुढ़ी पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–343/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार साहु, पिता–पुरन साहु<br>3. ग्राम–मुरकुण्डा, पुरनटोली, पोस्ट–मुरकुण्डा, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विजय भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–कामेश्वर सिंह, पिता–स्व0 घनश्याम सिंह<br>3. ग्राम–रूद, पोस्ट–पारू, थाना–पारू, प्रखण्ड–पारू<br>4. लिंग–पुरुष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 350464 Home (25-26)_D | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

# डिले, डिनाय, डिफेंड...

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। किसी भी योजना के देर होने से बड़ा आर्थिक, सामाजिक और मानसिक नुकसान होता है। देश के विकास की गति धीमी हो जाती है। जिन राज्यों में विकास की योजना समय या समय से पहले पूरा हो रहा हैउन राज्यों का आर्थिक विकास देश के शीर्ष पर है। वहीं झारखंड और बिहार की योजनाओं में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद भी दशकों तक योजना धीमी गति से चलती है या फिर योजना फाइलों में बंद हो जाती है।

अमेरिकी लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। नौकरशाही एक दोधारी तलवार की तरह है। राज्यों को इसका उपयोग जन सुविधाओं के लिए करना चाहिए। सबसे बड़ी कठिनाई है कि इन अधिकारियों से बेहतर कार्य ले लेने का प्रबंधन की क्षमता देश में विकसित नहीं हो पाई है। राज्यों में योजनाओं की देरी से अनुमानतः तीन लाख करोड़ का अतिरिक्त बोझ सरकार को उठाना पड़ रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्धि होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9


**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# डिजिटल दुनिया का मानसिक बोझ: जब स्टेटस छीनने लगे चैन





**- प्रियंका सौरभ**

जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है।

**आज** के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्टेटस, प्रोफाइल और पोस्ट के जरिये लोग अपनी ज़िंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं, जिससे दूसरों में असंतोष, ईर्ष्या और आत्म-संदेह पैदा होता है। यह तुलना और जिज्ञासा धीरे-धीरे मानसिक अशांति का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में अनुशासन अपनाना जरूरी है, जैसे सीमित समय देना, जरूरी चीजें ही देखना और अपनी निजी सीमाएं तय करना। मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स, आत्मचिंतन और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर ध्यान देने की जरूरत है। चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और यहाँ तक कि अजनबियों की ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं। यह सुनने में जितना सुखद लगता है, असलियत में उतना ही बोझिल और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है।

अब सवाल पैदा होता है कि सोशल मीडिया जुड़ाव या जाल? जब फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म बने थे, तो उद्देश्य था कि लोगों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और दुनिया को करीब लाना। लेकिन धीरे-धीरे यह जुड़ाव एक आभासी होड़ में बदल गया। अब पोस्ट, स्टेटस और प्रोफाइल पिक्चर के पीछे छिपा होता है एक दिखावे का संसार। हम अपने जीवन के सबसे सुंदर पल ही दूसरों को दिखाते हैं, जैसे हँसी, सैर, सफलता, रिश्ते। लेकिन दुख, तनाव, विफलता, अकेलापन, यह सब छिपा लेते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है झ 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है।

सुख की चोरीः दूर बैठा इंसान भी छीन सकता है चैनयह एक कड़वी सच्चाई है कि आज कोई इंसान आपको बिना एक शब्द बोले, बिना संपर्क किए, सिर्फ एक स्टेटस लगाकर आपकी नींद उड़ा सकता है। लोग अपनी ज़िंदगी के सबसे चमकदार हिस्से पोस्ट करते हैं, जिससे दूसरों को लगता है कि वो हमेशा खुश हैं। यह आभासी दिखावा हमारे मन को बेचैन कर देता है। हमें लगता है कि हम कुछ पीछे रह गए हैं, हम ह्यअपर्याप्तह्न हैं। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं जो जानबूझकर स्टेटस, फोटो या स्टोरी इस अंदाज में लगाते हैं कि दूसरों को चुभे। यह डिजिटल दुनिया का 'पैसिव एग्रेसन' है, जहाँ न तो कोई सीधे कुछ कहता है, न ही सीधे हमला करता है झ लेकिन फिर भी मन में गहराई तक असर करता है।

जिज्ञासा या आत्म-प्रवंचना ?हमें अक्सर आदत हो जाती है, हर रोज चेक करना कि किसने क्या पोस्ट किया, किसकी ज़िंदगी में क्या चल रहा है, कौन कहाँ घूम रहा है, किसकी शादी हुई, किसको प्रमोशन मिला। यह जिज्ञासा धीरे-धीरे एक व्यसन बन जाती है । एक ऐसा नशा जो हमारी मानसिक ऊर्जा को चूसने लगता है। हम हर किसी की प्रोफाइल में झाँकते हैं, उनके फॉलोअर्स गिनते हैं, उनके रिश्तों का अंदाजा लगाते हैं और कई बार बिना जरूरत के अपने मन को अशांत करते हैं। यह आदत न तो हमें कोई ज्ञान देती है, न कोई वास्तविक खुशी । उल्टा हमारी आत्म-संतुष्टि को मार देती है।

मन की शांति के लिए डिजिटल अनुशासन जरूरीइस समय सबसे बड़ा आत्म-संयम यही है कि हम सोशल मीडिया का प्रयोग एक मयार्दा में करें। जरूरत है कि हम 'डिजिटल डिटॉक्स' को अपनाएँ, यानी एक तय समय पर फोन, सोशल मीडिया ऐप्स से दूरी बनाएँ। अपने लिए कुछ नियम बनाएं। सुबह उठते ही सबसे पहले सोशल मीडिया चेक न करें। दिन में सिर्फ 2 या 3 बार ही सोशल मीडिया ओपन करें। स्टेटस, प्रोफाइल या पोस्ट देखकर प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें- क्या ये जानकारी मेरे लिए जरूरी है? हर बार दूसरों से तुलना करने की बजाय, अपने छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

कुछ चीजें निजी रखें, कुछ दूरी जरूरी हैहम अक्सर यह भूल जाते हैं कि ज़िंदगी का हर पहलू शेयर करने लायक नहीं होता। अगर हम खुद हर चीज साझा करते हैं तो दूसरों की भी उम्मीद बन जाती है कि वे हमें जज करें। इसीलिए जीवन के कुछ हिस्से को सिर्फ अपने लिए रखें जैसे अपनी सोच, अपनी उपलब्धियाँ, अपने संघर्ष। दूसरों के जीवन में भी बिना चाहे न घुसें। किसी की प्रोफाइल या स्टेटस में झाँकने से पहले सोचें- क्या यह जिज्ञासा है या एक तरह की आत्म-प्रवंचना? क्या यह मुझे ज्ञान दे रही है या बस एक आंतरिक असंतोष?

अपने मन को तरोताजा रखेंहर दिन कुछ समय सिर्फ अपने लिए निकालिए, चाहे वह किताब पढ़ना हो, संगीत सुनना, टहलना, योग, ध्यान या अपने किसी शौक को समय देना। यह सब आपके मन को सुकून देगा और आपको भीतर से संतुलित बनाएं। यह दौर बहुत तेज है। हर कोई कुछ साबित करने की दौड़ में है। लेकिन इस दौड़ में अपने मन की शांति को गिरवी रखना बुद्धिमानी नहीं। हमें यह समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य।

यह ध्यान रखना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक औजार है । वह हमें जोड़ भी सकता है और तोड़ भी सकता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे प्रयोग करते हैं। अपनी सोच को सीमित लोगों से प्रेरणा लेने तक सीमित रखिए और बाकी को 'स्क्रॉल' कर दीजिए झ शांति, चैन और सुकून खुद-ब-खुद लौट आएगा। (लेखिका एक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मिलावटी खान-पान

खाने-पीने की चीजों में मिलावट की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं, जिससे इनकी बिक्री में कमी आती है और दुकानदारों को नुकसान होता है। मिलावट करने वाले व्यापारियों को समझना चाहिए कि ज्यादा पैसे वाले लोग महंगी चीजें खरीद सकते हैं, इसलिए उन्हें मिलावट नहीं करनी चाहिए। सरकार जागरूकता अभियान और हेल्पलाइनों के जरिए इस समस्या से निपटने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोगों का सजग होना जरूरी है।

**राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### नियंत्रण जरूरी

**जनसंख्या** की दृष्टि से भारत विश्व में नंबर वन है और भ्रष्टाचार में भी पीछे नहीं है, जिससे विकास में विषमता बनी रहती है। यह असुरक्षा की भावना को बढ़ाता है। जनसंख्या वृद्धि के कारण संसाधन घट रहे हैं, और भ्रष्टाचार के कारण लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। ऐसे में खुशी कैसे बढ़ सकती है?

**- प्रशांत झा, रांची**

## X ट्वीट

राज्य के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई हो। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि, जिस संस्थान की स्थापना झारखंड सहित आस-पास के राज्यों के मरीजों के लिए किया गया था उस संस्थान को चलाने की मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है इसे मैं पूरी निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक व ईमानदारी के साथ निभा रहा हूँ।

रिम्स की व्यवस्था को सुधारने और जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम दिन-रात काम कर रहे हैं। इस संस्थान को कांग्रेस पार्टी ने स्थापित किया है तो इसे संवारने का काम भी हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

**- डॉ इरफान अंसारी, मंत्री**

# मोदी का नया मंत्र : देरी विकास का दुश्मन

**उमेश चतुर्वेदी**

विकास

**देर** और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है।

लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। देरी विकास का दुश्मन है इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की।

यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा। लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

**ललित गर्ग**

सामयिक

**मुर्शिदाबाद** हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा।

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया।

बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी।

**जेएमएम के अधिवेशन में गुजरात से पहुंचे विजय जी ने कहा कि गुजरात से झारखंड खींच लाई थी। जेएमएम से जुड़े विजय जी ने कहा कि वह हेमंत सोरेन को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहेंगे।**




## कार्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## श्री अग्रसेन स्कूल में मार्शल आर्ट कैंप शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में छात्राओं के लिए 15 दिवसीय मार्शल आर्ट कैंप शुरू हुआ। इस कैंप में करीब तीन सौ छात्राएं आत्मरक्षा की तकनीक सीख रही हैं। सभी को रोजाना सातवां डॉन व नेशनल रेफरी नरेंद्र सिन्हा व थर्ड डॉन राशि सिन्हा के द्वारा ट्रेनिंग मिल रही है। कैंप का समापन 21 अप्रैल को होगा। छात्राओं को मार्शल आर्ट के तहत कराटे, जूडो व अन्य आत्मरक्षा तकनीकों की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। पंच, ब्लॉक, किक, सिंगल हैंड ग्रिप, फेस- चेस्ट अटैक, थाई डिफेंस, नेक अटैक, एलबो अटैक, चेस्ट किक आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को विशेष रूप से बताया जा रहा कि किस प्रकार वह अपने बचाव के लिए घुटने तथा कोहनी का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में कर सकती हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, ताकि वह किसी भी स्थिति में फंसने पर अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बन सकें। इसलिए रोजाना एक घंटे की विशेष क्लास लगती है। आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई मंजू कुमारी, सोनम खातून, नीलू श्रीवास्तव आदि सक्रिय हैं। विभिन्न मांगों को ले कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने न्यू बिरसा प्रबंधन को सौंपा आठ सूत्री मांग-पत्र

## स्थानीय युवाओं को रोजगार दें प्रबंधन



भुरकुंडा (रामगढ़)। उरीमारी के न्यू बिरसा परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्तिक माइनिंग ओपन कास्ट प्रोजेक्ट (ओसीपी) को लेकर कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने बिरसा परियोजना पदाधिकारी को आठ सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। डॉ. आशीष कुमार ने स्पष्ट किया कि यूनियन की प्रमुख मांगें में परियोजना में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देते हुए कोयलांचल के सयाल, सीसीएल सौदा, नकारी कॉलोनी, एके कोलियरी, सेंट्रल सौंदा और भुरकुंडा क्षेत्रों के युवाओं रोजगार देने, मजदूरों को न्यूनतम 30,000 वेतन सुनिश्चित करने तथा कार्य समय 8 घंटे निर्धारित करने, पीएफ की 16 प्रतिशत राशि नियमानुसार काटने और पीएफ पासबुक मजदूरों को सुलभ कराने, पेमेंट स्लिप, मेडिकल सुविधा, सालाना बोनस एवं डस्ट अलाउंस देने, बिना ट्रेड यूनियन की जानकारी के मजदूरों को कार्य से न हटाने और यूनियन प्रतिनिधियों को यथोचित सम्मान देने, कार्यस्थल पर पानी का छिड़काव कर प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था करने आदि मांगे शामिल है।

## कुजू में करंट से अधेड़ की मौत




**कुजू।** 11 हजार बिजली तार की चपेट में आने से ओपी क्षेत्र के पैंकी तेतरिया टोला स्थित पुल के नीचे से शौच कर वापस लौट रहे भीम महतो( 52 वर्ष) पिता स्व जानकी महतो की मौत बुधवार को हो गई। मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सूचना पाकर मांडू विधायक तिवारी महतो, निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, जेएलकेएम के बिहारी महतो, पानेश्वर महतो, रवि कुमार, रूपा महतो, सहदेव महतो, सुमन कुमार, झामुमो के नीलकंठ महतो समेत कई अन्य लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पहुंचे। साथ ही उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर घटना स्थल पर प्रशासनिक, बिजली विभाग एवं सीसीएल के अधिकारियों के आने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। बताया जाता है कि इंडस्ट्रियल क्षेत्र होने की वजह से विभिन्न कार्यों को लेकर आए बड़े बड़े लॉड, ऑनलाउड की वाहन तथा छोटी बड़ी गाड़ियां जाम जाम में फंसे रहे।

## बच्चों को समिति ने किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर सयाल अंबेडकर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भारत भारती विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी शानदार प्रस्तुति को देखकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने खूब सराहना की। सद्भावना समिति सयाल द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विशेष पहल करते हुए विद्यालय जाकर स्कूल के सचिव गोपाल यादव की उपस्थिति में सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए। इस खास मौके पर सद्भावना समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने बच्चों को मिठाई खाने के लिए नगद ?1100 का पुरस्कार भी प्रदान किया, जिससे बच्चों की खुशी दोगुनी हो गई। यह आयोजन न केवल बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन का मंच बना, बल्कि समाज में सद्भाव और प्रोत्साहन का सशक्त संदेश भी प्रसारित किया।

## झामुमो के अधिवेशन में शामिल हुए कई नेता



रजरप्पा। झामुमो के 13वां केन्द्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ जिला के केन्द्रीय सदस्य में फागू बेसरा, राजकुमार महतो, बिनोद किस्कू, सोनाराम मांझी, भुन्नू महतो, गीता विश्वास, महेन्द्र मुण्डा, बरतु करमाली, साजिद हुसैन, चित्रगुप्त महतो को बनाया गया। झामुमो दुलमी प्रखण्ड कमेटी ने झामुमो के अध्यक्ष बनने पर हेमंत सोरेन को दी बधाई। बधाई देने वालो में प्रखंड अध्यक्ष सुशांत भारती, सचिव कलाम अन्सारी, कोषाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद महतो सहित खेदन मुण्डा, आलम अंसारी, गोविन्द महतो, मोतीउल्लाह, मनोवर अंसारी, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष छठू गंझु, सुभाष महतो, रमेश शर्मा, मुबारक अंसारी, जावेद अंसारी, जाहिद अंसारी, अकबर अंसारी, कोलेश्वर महतो, तीर्थनाथ महतो, समुद्रनाथ महतो, सुधीर महतो, मोतीलाल बेदिया,

# जन शिकायत समाधान शिविर में 52 लोगों ने दिया आवेदन

### जमीन विवाद सुलझाने के लिए दूसरे विभागों से बनाया जा रहा सामंजस्य : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में एक बार फिर जन शिकायत समाधान शिविर लगा। बुधवार को शहर के फुटबॉल मैदान में आयोजित शिविर में कुल 52 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दिए। एसपी अजय कुमार ने खुद सभी मामलों को देखा और जनता से बात की।

उन्होंने बताया कि 52 शिकायतकर्ताओं ने आवेदन दिए, इसमें 70 फीसदी मामले जमीन के विवाद से जुड़े हुए थे। इसके अलावा पारिवारिक विवाद के मामले भी इस कार्यक्रम में उजागर हुए हैं जिनका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट तीन मामलों का भी निपटारा किया गया। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सभी थाना प्रभारी के द्वारा शिविर में लोगों की शिकायत सुनी गई। 70 फीसदी मामले जमीन विवाद को लेकर सामने आए थे। इन विवादों को सुलझाने के लिए दूसरे विभागों से सामंजस्य बनाए जा रहा है। जनता की समस्या जल्द से जल्द दूर हो इसके लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी दीप्ति कुजूर, सभी अंचल के अधिकारी मौजूद रहे। कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिनका निपटारा तत्काल नहीं किया जा सकता। जमीन से संबंधित मामले कोर्ट में भी लंबित हैं। कुछ मामले पहले भी थाने में आ चुके हैं। लेकिन पुलिस ने उसीको न्याय देगी जिनके सारे दस्तावेज सही हैं। यही वजह है कि दूसरे विभागों को भी इस मामले में शामिल किया जा रहा है। एसपी अजय कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का यह चौथा चरण था। इससे पहले माह सितंबर, दिसंबर 2024, फरवरी और अप्रैल 2025 माह में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। पहले के सभी कार्यक्रमों में मिली शिकायतों का समाधान शत प्रतिशत हो चुका है। इस शिविर में भी पानी के लिए भाई-भाई का विवाद, रामगढ़ थाना क्षेत्र में घर के कमरों के लिए भाइयों में विवाद और कहीं पति-पत्नी के बीच का विवाद भी आया है। पुलिस उन मामलों में भी पहल कर रही है। इस कार्यक्रम में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, गोला सर्किल इंस्पेक्टर पंकज कुमार मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, इंस्पेक्टर अजय कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता, गोला थाना प्रभारी कुमार अभिषेक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# चौपारण में वाहन लूट मामले में एक अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही/चौपारण।** चौपारण पुलिस ने बुधवार को एक घंटे के भीतर पिकअप वाहन लूट कांड का खुलासा किया। पुलिस ने लूट में शामिल तीन अपराधियों में से एक को वाहन और लूटे गए सामान के साथ गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधी फरार हो गए हैं। बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार सुबह करीब 3 बजे पिकअप चालक मानू कुमार सब्जी लोड कर बंगाल से बिहार जा रहा था। जैसे ही उसने रसोईया धमना टोल प्लाजा पार किया और ग्राम सिंघरावां पहुंचा, तीन अपराधियों ने उसका पीछा कर पिकअप वाहन लूट लिया। सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय वाहन चालकों की मदद से पीछा कर एक आरोपी विशाल कुमार राणा, निवासी रसोईया धमना, थाना बरही को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है।एसडीपीओ ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी दल में पुलिस अंचल निरीक्षक चन्द्रशेखर कुमार, पु.अ.नि. बिंदेश्वर महतो, दिव्य प्रकाश, स.अ.नि. कैलाश चंद्र महतो, हवलदार गोपाल प्रसाद और विजय कुमार सिंह शामिल थे।

## विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गांव जोबो आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी निर्माण का मंगलवार को विधायक रोशनलाल चौधरी ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। यह कार्य 15वें वित्त आयोग मद के तहत स्वीकृत हुआ है। चौधरी ने बताया कि विशेष ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी भवन की अनुपलब्धता की समस्या उठाई थी। गांव के नन्हे बच्चों को शिक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए निर्माण योजना को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों के लिएदूसरा घर होगा, जहां वे शिक्षा की शुरूआत करेंगे। भूमि पूजन में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, रामफल बेदिया, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, मोती नारायण सिंह, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, रामफल बेदिया, योगेश बेदिया, बिंदेश बेदिया, राम बालक, विद्या राजकुमार करमाली व अन्य मौजूद थे।

## रामगढ़ डेली मार्केट के चार दुकानों का चोरों ने तोड़ा ताला

रामगढ़। रामगढ़ शहर में चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इस बार चोरों ने पुराने बस स्टैंड के डेली मार्केट में चार दुकानों का ताला तोड़ दिया। चारों दुकान से लगभग 50 हजार रुपए की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की तफ़्तीश शुरू कर दी है। सबसे बड़ी बात यह है कि चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर बीरबल हेंब्रम इस पूरे मामले की तस्वीर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोरों ने कॉस्मेटिक और मोबाइल दुकान से कीमती सामान उड़ा लिया। सुनील कुमार के मोबाइल दुकान से लगभग 30 हजार रुपए की संपत्ति चोरी हुई है। यहां से नए और पुराने मोबाइल, ब्लूटूथ, स्पीकर और इयरबड की चोरी की गई।इसके अलावा मो सोहेल और मो फिरोज के कॉस्मेटिक दुकान से लगभग 10 से 15 हजार की संपत्ति के चोरी होने का अनुमान है। मोहम्मद जावेद की दुकान का भी ताला चोरों ने तोड़ दिया।

# कुजू : पुंडी परियोजना को चालू करने के लिए कवायद हुयी तेज

### सीसीएल के तकनीकी निदेशक ने किया अधिगृहित क्षेत्रों का निरीक्षण



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के वर्षों से बंद पड़े पुंडी परियोजना को पुनः चालू करने के लिए कवायद शुरू हो गई है।

तकनीकी निदेशक (पीएंडपी) शंकर नागचारी ने बुधवार को परियोजना के अधिगृहित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुंडी पंचायत के सीसीएल अधिगृहित क्षेत्र भूताही में पहुंचकर प्लान को देखा। कोलियरी के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया जाता है कि सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी परियोजना को चालू करने को लेकर अधिकारियों का निरीक्षण किया जा रहा है।

मौके पर कुजू महाप्रबंधक आरके सिंहा, पुंडी परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह, कार्मिक प्रबंधक रॉबर्ट शांडिल, मुरली मनोहर, मैनेजर चंद्रा, संजय कुमार, शमशाद अली,संजीत मंडल, रामप्रसाद बेदिया, ध्रुव कुमार, राजकुमार मांझी, नजरुल अंसारी आदि मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कई छात्राएं सम्मानित

## अंबेडकर जयंती संपन्न




**विष्णुगढ़ ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 3 दिनों से चल रहे अंबेडकर जयंती समारोह का पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार मंडल और दौलत महतो बीएड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी सहित बीआरसी के बीपीएम कुणाल चौरसिया, बीआरपी विनय पांडेय, बेड़हरियारा मुखिया रामचंद्र महतो, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चण और दीप प्रज्वलित कर किया। रविंद्र कुमार मंडल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बाबा साहब के विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं के ज्ञान वृद्धि के साथ आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म मिलता है। प्राचार्य डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि इतने दिन के अवधि में कस्तूरबा विद्यालय में तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम मानना संभवतः पहला मौका है। इस दौरान बच्चियों को काफी कुछ सीखने को मिला है। जो शिक्षण संस्थान के लिए अनिवार्य है। इसके लिए वार्डेन का प्रयास काबिले तारीफ है। बीपीएम चौरसिया ने भी कार्यक्रम की तारीफ करते हुए छात्राओं को बाबा साहब के विचारो को आत्मसात करने की बात कही। इसके अलावा अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में तीन दिवसीय जयंती समारोह के दौरान आयोजित 6 से 8वीं कक्षा में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली कक्षा 8वीं को किरण मरांडी, द्वितीय आने वाली प्रियंका मुर्मू तथा तृतीय स्थान लाने वाली प्रियंका हांसदा तथा 9 से 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाली कक्षा 11वीं की लक्ष्मी कुमारी-2, द्वितीय आनेवाली सोनी मरांडी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 10वीं के संजना कुमारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ हीं 6 से 8 के लिए आयोजित क्विज के लिए कक्षा 7वीं की रौशनी खातून प्रथम, कक्षा 8वी की किरण मरांडी द्वितीय और 7वीं की कुसुमलता तृतीय एवं कक्षा 9 से 12वीं के लिए कक्षा लक्ष्मी कुमारी -1 प्रथम, 10वीं की संजना कुमारी द्वितीय और 11वीं की सोनी मरांडी तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रशीदा खातून, लक्ष्मी कुमारी -1, प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी -2, खुशी कुमारी को कार्यक्रम में बेहतर सहयोग देने के लिए मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम का समापन वार्डन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में लीलावती कुमारी, हेमा कुमारी, किरण कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, बालेश्वर प्रसाद, जस्मीन कुमारी, नंदिया कुमारी, कौकेश्वरी देवी, भत्तू साव, गंगिया देवी, नारायण साव आदि शिक्षक व शिकाकेत्तर कर्मी मौजूद थे

एक नजर में

## रसोई धमना मोड़ पर अंडरपास के लिए ग्रामीणों ने शिविर में दिया आवेदन



बरही । थाना क्षेत्र के रसोई धमना मोड़ पर अंडरपास नहीं बनने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि रसोई धमना पंचायत की आबादी पांच हजार से अधिक है। इस पंचायत से सटे बेंदगी पंचायत है, जिसकी आबादी तीन हजार से अधिक है। सभी ग्रामीण सड़क के इसी तरफ स्थित रसोई धमना मोड़ से आते-जाते हैं। श्मशान घाट, कब्रिस्तान, ईदगाह, किसानों के खेत के अलावा हिंदू-मुस्लिमों की अंतिम यात्रा सड़क के दूसरी तरफ से निकलनी पड़ती है। किसान अपने पशुओं को लेकर सड़क के इसी तरफ चलते रहते हैं, इस दौरान कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि फोर लेन सड़क होने के बावजूद भी आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, अगर आठ लेन सड़क का निर्माण किया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी ने हम सभी ग्रामीणों को बताया कि रसोई धमना मोड़ से बाईपास से बरही की ओर जाने वाली सड़क तक बीओपी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे हम सभी ग्रामीणों को उस पर जाने और फिर वापस रसोई धमना मोड़ आने में करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं ग्रामीण तौकीर राजा के नेतृत्व में बरही थाना परिसर में आयोजित लोक शिकायत निवारण शिविर में एक शिकायत की प्रतिलिपि भी दी गई। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब अंसारी, हरि यादव, राजदेव गुप्ता, अनुज यादव, मो. तबरेज अंसारी, मो. तस्लीम अंसारी, मिथिलेश कुमार, प्रो हीरामन साहू, मो. खलील अंसारी, मौलाना इस्लाम, मिथलेश ठाकुर, सीताराम साहू, केशव साहू, बासुदेव साहू, मो. हैदर अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मो. अख्तर अंसारी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## दारू से बादल कुमार गिरफ्तार

**दारू ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झरपो निवासी बादल कुमार को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सफीक खान ने बताया कि 113/24 दिनांक 3 .10 .24 धारा 87 बीएनएस के प्राथमिक के अभियुक्त बादल कुमार पिता छोटन महतो ग्राम झरपो थाना टाटीझरिया जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## रंजना पेट्रोल पंप के पीछे बेहोश मिली महिला

**दारु ।** रंजना पेट्रोल पंप के पीछे एक महिला सुबह से अर्धनग्न व घायल अवस्था मे पड़ी हुई थी जिसे सुल्तानी रविदास की कुछ महिलाओं ने देखा और महिला को वस्त्र पहनाया। महिला की स्तिथि बहुत ही नाजुक थी जिसे महिलाओं ने कुछ खाने के लिए दिया और पानी पिलाया। खाने पिने के बाद महिला की स्तिथि थोड़ी ठीक हुई और वह खुद को बिहार की निवासी और अपना नाम नीतू पासवान बताती है। महिला मंगलवार की रात जबरा मे थी जहाँ कुछ घरों पर वह पत्थर चला रही थी इसी दौरान किसी ने उसे भी पत्थर से मार दिया जिसमे उसका माथा और होंठ बुरी तरह से फट गया।महिला के शरीर से काफी खून निकल रहा था सुल्तानी बस्ती की महिला और दारु थाना पुलिस के सहयोग से उसे बुधवार की शाम को ए म्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## विधायक रोशन लाल चौरी की पहल पर सौंदा डी में डीवीसी का 11000 वोल्ट का तार हुआ ऊपर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विगत कई वर्षों से सौंदा डी रामनगर स्थित श्री पंचमुखी मंदिर के निकट डीवीसी का 11000 वोल्ट का हाई वोल्टेज तार आवासीय कॉलोनी के बीच से काफी नीचे गुजर रहा था। जिससे स्थानीय निवासियों में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा और सुनील कुमार सिंह (टूगू सिंह) ने इस गंभीर समस्या से विधायक रोशन लाल चौधरी को अवगत कराया। विधायक श्री चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश जारी किए। विधायक के त्वरित संज्ञान और पहल पर डीवीसी विभाग द्वारा उक्त हाई वोल्टेज तार को सुरक्षित ऊंचाई पर शिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस जनहित के कार्य के लिए स्थानीय निवासियों ने विधायक रोशन लाल चौधरी एवं डीवीसी विभाग के प्रति आभार प्रकट किया है।

## कुजू : स्कूल प्रबंधन खिलाफ मामला दर्ज

कुजू। ओपी क्षेत्र के आरा उत्तरी पंचायत के डुमरबेडा अगरिया टोला में स्कूल की वैन की चपेट में आने से 4 साल के मासूम बच्चे की मौत के बाद पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि आरा स्थित बाल विद्या मंदिर के एलकेजी के छात्र मो जिहब आलम (4 वर्ष) छुट्टी होने के बाद स्कूल वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 से डुमरबेडा अगरिया टोला पहुंचकर जैसे ही घर जाने के लिए आगे बढ़ा वैसे ही चालक मो एकरार ने वैन चढ़ा दिया। वही ग्रामीणों द्वारा पूछताछ में बताया कि वैन संख्या जेएच02बीबी-2697 का बीमा, फिटनेस चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी नही है। उक्त वैन बाल विद्या मंदिर के नाम से पंजीकृत है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने का मांग किया है। वही बुधवार की देर शाम पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## राशन कार्ड धारक 30 अप्रैल तक कराएं केवाईसी, नहीं तो कट जाएगा नाम : डीसी



रामगढ़। रामगढ़ जिले में राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी लगातार जारी है। ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल आखिरी तारीख तय की गई है। अगर इस दिन तक जो व्यक्ति अपना ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उनका नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने एक आदेश भी जारी किया है। उन्होंने कहा है कि रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित सभी राशन कार्डधारियों और सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना है। वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल कार्ड की संख्या 1,49,062 में कुल सदस्यों की संख्या 6,65,261 है। इनमे से अभी तक 5,13,722 सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो पाया है। शेष 1,51,839 सदस्यों का 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी किया जाना अतिआवश्यक है। शेष सभी राशन कार्डधारी और सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से सम्पर्क कर ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, वैसी स्थिती में माह मई से उनका नाम राशन कार्ड से विलोपित हो जाएगा।




# लगातार बढ़ती रेप और हत्या की घटना

दुर्ष्कम से आम लोगों को पीड़ा हुई उनके मन में दहशत बैठ गया है? बेटियां पूछ रही है कि क्या बेटी होना अपराध है? क्या लड़की होना अपराध है? क्या पुरुषों को दुर्ष्कम की सजा नहीं मिलेगी? उर्दू के मशहूर शायर ख़्वाज़ा हैदर अली 'आतिश' का शेर है- बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जब चीरा तो कतरा-ए-ख़ूंन निकला। इस देश की व्यवस्था की करनी-कथनी में अंतर बयां करता है। मतलब, कभी लोग क्रांति करने घटना ही विस्मृत कर देते हैं। सरकार भी पीछे नहीं रहती और घोषणा पर घोषणा करने लगती है, यह सोचे बिना ही कि घोषणा पर अमल संभव है या नहीं। इतनी सक्रियता देखकर लगता है कि अब ऐसी वारदातें भविष्य में नहीं होंगी, लेकिन जल्द ही लोग घटना ही भूल जाते हैं और पुलिस भी उदासीन हो जाती है।

**रानी राज**

अलीगढ़ में ढाई साल की बच्ची के साथ हैवानियत की खबर सामने आई है। उसकी नृशंस हत्या करके शव कूड़े के ढेर में फेंक दिया गया था। मामला बच्ची के पिता और आरोपी के बीच महज दस हजार रुपए के लेन-देन का था लेकिन आरोपी ने अपना गुस्सा मासूम बच्ची पर निकाला। ऐसी विकृत मानसिकता वाले हत्यारों को न्यायालय द्वारा जल्दी से जल्दी मिसाल बनने वाली सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा अपराध करने की किसी की हिम्मत न हो।

चार साल पहले दिल्ली गैंगरेप के आरोपियों को जल्दी सजा देने के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया गया था। रोहिणी की फास्टट्रैक कोर्ट ने 173 दिन, यानी छह महीने से भी कम समय में सजा सुना दी थी, लेकिन बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी 180 दिन मतलब छह महीने के अंदर फांसी की सजा पर मुहर लगा दी थी।

## कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका चुप

दरअसल, उस समय लोकतंत्र के तीनों स्तंभों कार्यपालिका (पुलिस+सरकार), विधायिका (संसद) और न्यायपालिका (निचली अदालत+दिल्ली हाईकोर्ट) की सक्रियता देखकर एक बार पूरे देश को लगा और भरोसा भी हुआ कि पूरी व्यवस्था बदल जाएगी। ऐसे प्रावधान हो गए हैं कि कोई बलात्कार की हिमाकत नहीं करेगा।

महिलाओं पर यौन हमला करने वाला हर अपराधी जेल में होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश में कम से कम बलत्कृत महिला को जल्दी न्याय दिलाने की सरकार की कोशिश की असफल साबित हुई तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इधर, घटना के दो दिन बाद संसद के दोनों सदनों में जोरदार हंगामा हुआ था। आक्रोशित संसद सदस्यों ने रेपिस्ट्स के लिए फांसी की सजा तय करने मांग की थी। इसके बाद तत्कालीन गृहमंत्री सुशीलकुमार शिंदे ने संसद को आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलवाने की सरकार की ओर से हर संभव कोशिश की जा रही है और राजधानी दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कद़म उठाए जा रहे हैं। घटना कैसी थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र ने महिलाओं के खलिाफ. बढते यौन अपराध को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की घोषणा की। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे जस्टिस जेएस वर्मा की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने दिन-रात काम किया। उसे ऑक्सफोर्ड यूनिर्विसटी समेत देश-विदेश से करीब 80 हजार सुझाव मिले। कमेटी ने रिकॉर्ड 29 दिन में 630 पेज की रिपोर्ट 23 जनवरी 2013 को सरकार को सौंप दी। कमेटी को महिलाओं पर यौन अत्याचार करने वालों को कठोरतम दंड देने की सिफारिश करनी थी।

## उम्मीद कम नाउम्मीद ज्यादा

यही नहीं, लोगों को उम्मीद भी थी कि बलात्कारियों को फांसी की सजा देने का प्रावधान किया जाएगा। मगर कमेटी की रिपोर्ट बेहद निराशाजनक रही। रिपोर्ट में कमेटी ने रेप को रेयर ऑफ. रेयरेस्ट केस माना ही नहीं, जबकि देश का पूरा नेतृत्व हर बलात्कारी को फांसी की सजा देने के पक्ष में था, इसलिए, वर्मा कमेटी की रिपोर्ट पढक़र कई महिला संगठनों ने आरोप लगाए थे कि पुरुष प्रधान समाज में पले-बढे. और न्याय-व्यवस्था का संचालन करने वाले जस्टिस वर्मा संभवत? बलत्कृत स्त्री की पीड़ा महसूस करने में असफल रहे, अन्यथा हर बलात्कारी के लिए फांसी की सजा की सिफारिश जरूर करते।

वस्तुत? कमेटी ने रेप के बाद लड़की की हत्या या मौत को रेयरेस्ट ऑफ. रेयर जरूर माना और हत्यारे रेपिस्ट के लिए मौत की सजा का प्रावधान किया। इसके अलावा जस्टिस वर्मा ने यौन अपराध करने वालों को कड़ी सजा का प्रावधान किया। इधर, 21 मार्च 2013 को लोकसभा ने बलात्कार विरोधी बिल पास कर दिया और इस कानून को क्रिमिनल लॉ संशोधन अधिनियम 2013 कहा गया।

## छूटते अपराधी बढ़ता अपराध

इस बीच दिल्ली गैंगरेप के मुख्य आरोपी ड्राइवर रामसिंह ने न्यायपालिका से पहले खुद़ को सजा दे दी और 11 मार्च 2013 की सुबह तिहाड़ जेल में खुद़कुशी कर ली। पिछले साल बरसी के दो दिन बाद यानी 16 दिसंबर की रात पीड़ति लड़की पर सबसे ज़्यादा हैवानियत करने वाला एक आरोपी भारतीय न्याय-व्यवस्था पर हंसता हुआ जेल (सुधार घर) से बाहर आया, क्योंकि रेप करते समय उसकी उम्र 18 साल से कुछ दिन कम थी यानी वह नाबालिग था। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के एक जज दो साल पहले हैदराबाद में एक सेमिनार में कह चुके हैं कि देश में 65 हजार (64,919) आपराधिक मुकद़मे लंबित हैं। वैसे पूरे देश में तीन करोड़ मुकदमे अंडरट्रायल हैं। इसके बावजूद दिल्ली गैंगरेप की सुनवाई हो जानी चाहिए थी।



## नहीं रुक रहा दुष्कर्म का मामला

संभवत? यही वजह है कि तमाम कोशिश के बावजूद रेप की वारदातें रोके नहीं रुक रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक, पिछले साल बलात्कार के 3,27,394 मुकद़मे दर्ज हुए। इसी तरह 2014 में 36735 महिलाएं बलात्कार की शिकार हुईं। 2013 में रेप के 33707 और 2012 में 24923 मामले केस हुए थे। 2014 में रोजाना 101 रेप की वारदात दर्ज हुई। यानी 14 मिनट में एक महिला अपनी इज्जत गंवा बैठती है। सन 2012 के बाद रेप की घटनाओं में सात फीसदी से ज़्यादा बढोतरी हुई है। दिल्ली और मुंबई महिलाओं के लिए सेफ मानी जाती है, लेकिन यहां बलात्कार की घटनाएं सबसे ज़्यादा होती है। अकेले दिल्ली में रोजाना चार महिलाएं रेप की शिकार होती हैं। के लिए उतावले हो जाते हैं और कभी

## सर्वाधिक ब्लात्कार मध्यप्रदेश में

बलात्कार भारत में सबसे ज्यादा अपराध मध्य प्रदेश में हुए हैं। इनकी बढोत्तरी दर 358 प्रतिशत रही है। भले ही दिल्ली को रेप कैपिटल कहा जाता हो पर एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार बीते साल में मध्य प्रदेश में 5,076 रेप की घटनाएं हुई। यानी हर दिन करीब 14 रेप इस प्रदेश में हुए। रेप के मामले में दूसरे नंबर पर राजस्थान है यहां 3759 और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है जहां 3461 इस तरह के मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में 2,096 ही दर्ज किए गए। दिल्ली के मुकाबले मध्य प्रदेश में इसकी दर दोगुनी है। सबसे कम रेप के मामले नागालैंड से है यहां एक साल में कुल 30 प्रकरण सामने आए हैं। 2013 में महाराष्ट्र में 4335 और महाराष्ट्र में 3065 मामले सामने आए थे। उत्तर प्रदेश भले जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रदेश हो पर रेप के मामलों में तीसरे नंबर आता है। लेकिन हत्या और अपहरण के मामले में ये अव्वल नंबर पर है। यहां थाने में दर्ज किए गए अपराध का स्तर 358 है। बीते साल देश में 33, 981 हत्या हुईं। इसमें सबसे ज्यादा 5,150 उत्तर प्रदेश में हुईं। इसी तरह देश में अपहरण और भगा ले जाने के 77, 237 प्रकरण सामने आए इसमें उत्तर प्रदेश में 12,361 मामले उत्तर प्रदेश के हैं। लूट के मामलों में महाराष्ट्र देश में पहले नंबर पर है। बीते साल देश में चोरी की 4,40,915 घटनाएं हुई इसमें दिल्ली में 78,753 चोरियां दिल्ली में हुईं। इसी तरह छोटे बड़े अपराध 28,51,563 पूरे देश में हुए इसमें अकेले मध्य प्रदेश में 2,72,423 हुए। हर वर्ष बलात्कार के मामलों में बढोतरी होती जा रही है। वर्ष 2011 में देशभर में बलात्कार के कुल 7,112 मामले सामने आए, जबकि 2010 में 5,484 मामले ही दर्ज हुए थे। आंकड़ों के हिसाब से एक वर्ष में बलात्कार... 'विश्व स्वास्थ संगठन के एक अध्ययन के अनुसार, 'भारत में प्रत्येक 54वें मिनट में एक औरत के साथ बलात्कार होता है।' वहीं महिलाओं के विकास के लिए केंद (सेंटर फॉर डेवलॅपमेंट ऑफ वीमेन) अनुसार, 'भारत में रेप के मामलों की जांच में जुटे पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ऐसे अधिकतर मामलों में आरोपी को पीड़िता के बारे में जानकारी होती है। यह एक सामाजिक समस्या है और ऐसे अपराधों पर नकेल कसने के लिए रणनीतिअधिकारियों की मानें तो इनमें से अधिकांश मामले बेहद तकनीकी होते हैं। अक्सर ऐसे अपराध दोस्तों या रिश्तेदारों द्वारा किए जाते हैं, जो पीड़िता को झूठे वादे कर बहलाते हैं, फिर गलत काम करते हैं। कई बार ऐसेसर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि बलात्कार से पीड़िता महिला बलात्कार के बाद स्वयं अपनी नजरों में ही गिर जाती है, और जीवनभर उसे उस अपराध की सजा भुगतनी पड़ती है, जिसे उसने नहीं किया।

## देश में क्यों बढ़ रहे है रेप- मर्डर के मामले

**हिंदी फिल्मो का नजरिया** : बहुत से लोग हमारे इस बिंदु से सहमत नही होंगे क्योकि हिंदी फिल्मो जिनको हमारे देश में आधुनिक सोच का एक मात्र प्रतिक मना जाता है तो जो लोग आधुनिक सोच रखते है वे लोग कैसे अपनी सोच को गलत मान लेंगे हम जिस सोच के साथ आगे बढ़ रहे है भला कैसे हम ही उस सोच को रेप के लिए जिम्मेदार मान लेंगे ! लेकिन हम आपको आज इसके कुछ उन बिन्दुओ पर ले जाना चाहते है जिसके कारण हम भी इस को दोषी मानने को मजबूर हुए है ! आपने देखा होगा की हमारी हिंदी फिल्मो की जो कहानी होती है उसमे 2 - 3 सीन बलात्कार के होते है लेकिन क्या आपने कभी इस बात का ध्यान दिया की पश्चिम की जो फिल्मे होती है उनमे बलात्कार का सीन नही होता है अगर किसी में बलात्कार का सीन है तो वह उसको रेप की तरफ नही दिखाते है हमारा कहने का मतलब है की अपनी ताकत , अपनी हवस की पूर्ति के लिए बलात्कार नही क्या जाता है ! आप देखते हो कैसे कंपनी लाखो करोडो रुपये 1 मिनट के विज्ञापन के लिए पैसा पानी की तरह बहाती है ! हम जब इस बात को लेकर लोगे के बीच में चर्चा करते है तो कुछ अपनी बातो में इस बात का जिक्र करते है की पश्चिम के देशो में तो पोर्न फिल्मे भी बनती है तो क्या उस जगह पर रेप बहुत ही ज्यादा होने चाहिए ऐसा नही है ! पोर्न या नग्नता पश्चिम की जिंदगी का हिस्सा है ! लेकिन हमारे देश में उसको शालीनता में रह कर सिर्फ जिंदगी की जरुरत के हिसाब से उपयोग करने का ही मकसद है लेकिन पश्चिम में शरीर सिर्फ भोग का , माध्यम है जबकि भारतीय संस्कृति में शरीर इस जीवन को परम पिता परम्श्वेर के पास जाना के एक मात्र साधन है ! रेप तो वंहा भी होते है !

**यौन शिक्षा का अभाव** : आपने देखा होगा की भारत में आज भी लोग अपने बेटे या बेटी से यौन शिक्षा पर खुल कर बात नही करते है लेकिन क्या इसका मतलब यह निकला जाए की भारत में यौन शिक्षा नही दी जाती है तो हमारा मानना है की यह सब गलत है जहा तक हमरी जानकारी में है उत्तर भारत में यौन शिक्षा देना सबसे बढ़िया तरीका समाज के अन्दर मौजूद है बस जरुरत थी उसकी सही दिशा देने की लेकिन आज की लापरवाही ने उस तरीके को भी फुह्दत में बदल कर रख दिया है हम बात कर रहे है जब किस के घर में लड़के के विवाह होता है तो जिस दिन लडके के बारात लड़की वालो के घर जाती है उसी रात को जब घर की सभी महिला अपने क्षेत्र में एक कार्यक्रम करती है जिसको उत्तर भारत में खोइया के नाम से जाना जाता है इसमें सिर्फ महिला , लड़की को अनुमति रहती है इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति में अपने बेटी को यौन शिक्षा देना का चलन था इसका लेकिन आज यह तरीका बिगाड़ गया है ! इसलिए अब लडकियों के व्यवहार में भी बदलाव आ रहे है और लड़के के व्यवहार में भी

**समय पर न्याय ना मिलाना** : जब कभी भी कोई भी अपराध हो और उसकी सजा जीतनी जल्दी मिल जाती है तो उसके करने वालो के मन में एक डर हो जाता है लेकिन अगर कोई अपराध की सजा मिलाने में वर्षो लग जाये तो उस अपराध में और ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है क्योकि उस गुनाह को अंजाम देने वाले के मन किसी का खौफ नही होता है ! इसके लिए गुनाहगार के मन में खौफ होना जरुरी है ! क्योकि जिस मानसिकता लोग रेप जैसे अपराध को अंजाम देते है वो कुंठित मानसिकता के होते है और उनके मन जो कुंठा होती है वह उसकी पूर्ति के लिए अपने से कमजोर लोग के साथ यह कार्य अंजाम देते है !

**नजरिया का बदलाव** : आज समय बदल रहा है लेकिन हमको अपने नजरिये में भी बदल करना होगा आज लड़की लडको के साथ कंधे से कंधे मिलकार कार्य करने का जज्बा रखती है और फिर भारतीय संस्कृति में तो महिलाओ को बराबरी का दर्जा दिया हुआ है ! आज की नारी जब पढ़ लिखाकर आपके साथ हर फैसले में योगदान देने का साहस रखती है ! तो उनको आगे बढ़ने का मौका भी देना चाहिए लेकिन फिर भी आज कुछ लोगो के नजरिये औरत सिर्फ भोग के ही वस्तु है इसके लिए विज्ञापन की दुनिया जिम्मेदार है जिन्होंने एक महिला को सिर्फ देह दिखने का सामान समझ लिया है ! आपने अपनी टीवी या किसी औ माध्यम से एक विज्ञापन देखा होगा की एक पार्क है उसमे एक लड़की और उसके पिता दौड़ लगते है , जब दौड़ लगाते - लगाते उसके पिता थक जाते है तो वह लड़की अपनी जेब से एक चोकलेट का रेपर निकलती है और अपने पिता से कहती है की एक चक्कर और , उसके बाद लड़की सिटी बजती है तो पार्क की झाडी में से एक लड़का निकलता है और उसके साथ बैठ कर बातचीत करता है ! आप इस विज्ञापन से क्या अर्थ निकल सकते हो !

## विश्व में दुष्कर्म की बढ़ती घटना

महिलाओं के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने, यौन शोषण और घरेलू हिंसा के मामले तो आए दिन सुनने को मिल रहे हैं। यह मामले सिर्फ हमारे देश में ही नहीं विदेशों में काफी बढ़ रहे हैं। बहुत सारे सर्वे में यह बात पता चली है कि बाहर की बजाए अपनी जान-पहचान के लोग ही इस जघन्य अपराध को न्योता देते हैं। ये ते हैं कुछ ऐसे ही देशों के बारे में, जहां बलात्कार सबसे ज्यादा होता है...

### 1. अमेरिका

अमरीका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है लेकिन यहां भी बलात्कार बहुत ज्यादा होता है। 99 प्रतिशत बलात्कारी पुरूष होते हैं और शिकार लोगों में 91 प्रतिशत महिलाएं और 9 प्रतिशत पुरूष होते हैं।

### 2. भारत

भारत में विदेशी महिलाएं आने से कतराती हैं क्योंकि उनके दिमाग में यह डर बैठा है कि कहीं वह वहां जाकर रेप का शिकार न हो जाएं। एक सर्वे के मुताबिक, इस देश में हर 22 मिनट में एक बलात्कार होता है।

### 3. दक्षिण अफ्रीका

इस देश को रेप कैपीटल कहा जाता है, 2012 में यहां 65000 केस दर्ज किए गए थे। यहां छोटी लड़कियों के साथ रेप सबसे ज्यादा होता है। अगर अपराधी पर रेप का अपराध साबित हो भी जाता है तो कानून उसे महज 2 साल की सजा देता है।

### 4. ब्रिटेन

दुनिया का सबसे बड़ा विकसित देश, जहां लड़कियां पूरी आजादी से रहती हैं लेकिन वहां भी एक साल में लगभग 85,000 महिलाओं के साथ बलात्कार और यौन शोषण के मामले दर्ज होते हैं।

### 5.स्वीडन

स्वीडन में हर चौथी महिला बलात्कार या यौन शोषण का शिकार होती है। यहां बलात्कार एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

### 6. जर्मनी

बदकिस्मती से हर साल जर्मनी में 2,40,000 औरतें सिर्फ इसलिए मर जाती हैं क्योंकि उनके साथ बलात्कार हुआ होता है। कई बार ये आंकडा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

### 7. फ्रांस

1980 तक बलात्कार को फ्रांस में अपराध नहीं माना जाता था। उसके बाद महिला कानून के तहत इसे शामिल किया गया और रेप को जघन्य अपराध माना गया। यहां हर साल लगभग 75,000 बलात्कार होते हैं जिनमें से सिर्फ 10 प्रतिशत महिलाएं ही केस को दर्ज करवाती हैं।

### 8. कनाडा

कनाडा में हर साल बड़ी तादात में बलात्कार होता है लेकिन सिर्फ 6 प्रतिशत मामले ही पुलिस तक पहुंचते हैं। इनमें से घरों में ही 80 प्रतिशत मामले अंजाम दिए जाते हैं, बाकी के मामले रास्ते में होते हैं।

### 9. आस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया एक पर्यटन देश है जहां साल भर दूर देश से लोग आते हैं लेकिन वहां की ही महिलाएं सुरक्षित नहीं है। वहां यौन शोषण और बलात्कार के मामले बहुत ज्यादा सुर्खियों में आते हैं।

### 10. डेनमार्क

एक छोटा सा देश; जहां हर साल लगभग 500 महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। यहां काम करने वाली महिला के साथ यौन शोषण होना आम सी बात है। विकसित, विकासशील सभी देशों की समस्याहोने के साथ ही यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के सम्मान से जुड़ी समस्या है।

स्पीड न्यूज



## विधायक संजीव सरदार ने सीएम को दी बधाई

**जमशेदपुर।** आज रांची में पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से स्नेहिल भेंट कर उन्हें झामुमो परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय मुलाकात में पोटका विधानसभा के नागरिकों के कल्याण और विकास से जुड़े विविध महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विकसित पोटका के संकल्प के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अडिग है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में पोटका तथा झारखंड का सर्वांगीण और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

## बिना परीक्षा फॉर्म भराये परीक्षा तिथि घोषित

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पीजी सेमेस्टर 1, 2, 3 ,4 का परीक्षा तिथि घोषित कर दिया, जिसमें 7 में से लेकर 16 में तक परीक्षा लिया जाना है। इससे छात्रों को बिना पी जी सेमेस्टर 3 के फार्म भरवा परीक्षा तिथि घोषित कर दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को काफी समस्या हो रही है। यूजीसी के अनुसार, परीक्षा फॉर्म भरने के बाद यूनिवर्सिटी को परीक्षा का रूटीन जारी करने के लिए कम से कम 15 दिन का समय देना चाहिए।

## हरहरगुट्टू में टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू



**जमशेदपुर।** 16 अप्रैल को बाग बेडा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के नेतृत्व में हर–हर गुट्टू रोड नंबर वन रोड नंबर 2 और रोड नंबर 3 में पानी दिया गया। इस अवसर पर समिति के संयोजक विनोद राम कृष्ण चंद्र पत्रों पवित्रा, रामेश्वर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार संजय प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## टीबी मरीजों को राशन और विटामिन उपलब्ध



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति इस माह भी टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 33वें महीने का राशन एवं विटामिन उपलब्ध कराया गया। बर्जर समूह की कम्पनी एसटीपी लि. ने अपने सीएसआर अभियान के तहत लगातार दूसरे माह इस अभियान में सहयोग प्रदान कर इस अभियान को सफल बनाने में भूमिका निभायी।

## रेडक्रॉस ने दी फर्स्ट एड ट्रीटमेंट की ट्रेनिंग



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने बुधवार को सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच पौष्टिक भोजन बनाकर पहुंचाने का कार्य करने वाली महत्वपूर्ण संस्था अन्न अमृता फाउंडेशन के बिष्टुपुर स्थित परिसर मे कम्युनिटी फर्स्ट एड एवं सीपीआर ट्रेनिंग प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्र के अधिकारी श्री सुधीर कुमार ने रेड क्रॉस की टीम का स्वागत किया। रेड क्रॉस की टीम ने खाना बनाने वाले कर्मियों, सहयोगी दीदियों एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कर्मचारियों के बीच फर्स्ट एड, आपात स्थिति में एवं साधारण दुर्घटना की स्थिति में सकारात्मक भूमिका निभाकर किस प्रकार जान माल की सुरक्षा की जाए, इस पर बल दिया।

# नेतरहाट की तर्ज पर तीन और विद्यालय खोलेगी झारखंड सरकार : रामदास सोरेन

- कहा, जनजातीय बच्चों को वैज्ञानिक शिक्षा प्राथमिकता से देगी झारखंड सरकार
- कहा, जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जाने जाता है आदिवासी समुदाय
- सी.एस.आई.आर.झारखंड़ीय धातुकर्म प्रयोगशाला में जनजातीय गौरव वर्ष का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर में जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधुरी, सीएसआईआर सीएमईआरआई, दुर्गापुर के निदेशक डॉ नरेश चन्द्र मुर्मू, प्रमुख वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति प्रतिनिधि डॉ मनोज एम हुमने तथा प्रशासनिक नियंत्रक आदित्य मैनाक उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकगण के साथ-साथ सीएसआईआर एनएमएल में कार्यरत सभी सदस्य उपस्थित थे। जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर, 15 नवंबर 2024 को, उन्हें सम्मान देने के लिए की थी। इस वर्ष का उद्देश्य जनजातीय आंदोलनों में जननायकों के योगदान को रेखांकित करना है। उन्होंने पूरे वर्ष को भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का अनुरोध किया। इस पहल के तहत देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय योगदान से संबंधित उपलब्धियों को उजागर किया जाएगा, और यह कार्यक्रम 15 नवंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान छोटे-छोटे कार्यक्रमों से जनजातीय मामलों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने का प्रयास किया जायेगा।



जन जातीय गौरव वर्ष समारोह का उद्घाटन करते झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन। साथ में एनएमएल के निदेशक डा संदीप घोष चौधुरी व अन्य।

मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन रहे। उन्होंने इस जनजातीय गौरव वर्ष उत्सव की शुरुआत बच्चों के साथ संवाद से की। उन्होंने बच्चों को झारखंड की स्थापना, नामकरण, और इसके इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने तिलका मांझी, सिदो-कान्हू और फुलो-झानो जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों के योगदान पर विस्तार से बात की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर झारखंड बनने तक के संघर्ष को उजागर किया और बताया कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा हेतु जनजातियों द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों से झारखंड की स्थापना हुई।

मंत्री रामदास सोरेन ने स्वयं को गढ़वाली महसूस करते हुए बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें बताया कि वे जो भी प्रयोगशालाओं में देख रहे हैं, उन्हें समझें और सोचें, कि वह अपने भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन और करियर से भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने इसका उदाहरण ट्रेन की यात्रा से दिया– अगर आप सफर कर रहे हैं तो मंज़िल का पता होना चाहिए, और उस मंज़िल तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। इन प्रयासों में सीएसआईआर एनएमएल जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुए बताया कि कैसे पहले बालिकाओं की शिक्षा बीच में छूट जाती थी, लेकिन अब मेधा सम्मान योजना जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से वे अपनी पढ़ाई जारी रख पा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में वैज्ञानिकों की कमी है, और इस दिशा में बच्चों को आगे बढ़ना होगा क्योंकि वही झारखंड का भविष्य हैं। आगे चलकर यही बच्चे राज्य के प्रशासन, पुलिस, डॉक्टरी, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल क्षेत्रों में झारखंड के स्वर्णिम विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

मंत्री श्री सोरेन ने राज्य सरकार की ओर से शिक्षा संबंधी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर झारखंड में तीन और विद्यालय खोले जाएंगे। इन स्कूलों में सीबीएसई करिकुलम अपनाया जाएगा ताकि बच्चे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम हो सकें। सरकार की प्राथमिकता है कि इन स्कूलों की सुविधाएं निजी स्कूलों से भी बेहतर हों– चाहे वह पुस्तकें हों, प्रयोगशालाएं, पोषण या अन्य शैक्षणिक सामग्री।

अंत में, उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे झारखंड के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में रहने वालों को ही राज्य के प्रशासनिक पदों पर रहकर योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को उचित लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जैसे पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम और झारखंड आंदोलन में भाग लिया, वैसे ही अब इस पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह झारखंड को अन्य विकसित राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करें।

# पशुपालन करने वाले किसानों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघीया पंचायत भवन में आईसीएआर, आईआईबीए और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के पहल से पशुपालन करने वाले किसानों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में पशुओं से सम्बंधित रोगो एवं उपचार एवं दूध वृद्धि के बारे में किसानो को जानकारी दिया गया। कार्यशाला में प्रखंड के कृषि विभाग के डा राकेश रंजन एवं कृषि विभाग से महादेव लकड़ा ने किसानो को विस्तृत जानकारी दी। वहीं आईसीएआर के वैज्ञानिक सौमजीत सरकार ने पशुओं से संबंधित बीमारी एवं उपचार के बारे में किसानो को जानकारी दी। इस दौरान मेघा मिनरल मिक्सचर के बारे में उसका उपयोग एवं मात्र के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही कृषकों हेतु सरकार की योजना कुसुम योजना, डिप बोरिंग, फसल बीमा एवं किसानो को कैसे सब्सिडी दर पर ट्रेक्टर का लाभ मील सकता है उसके बारे में जानकारी दी। वहीं पंचायत की मुखिया प्रबला केरकेट्टा के द्वारा योजनाओं का लाभ किसानो तक पहुंचे एवं आजीविका को बढ़ाने के लिए, प्रेरित किया। वहीं 73 आदिवासी किसानो एवं 100 एससी किसानो के बीच मेघा मिनरल मिक्सचर फूड का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीआरआई के नेहा रोबा तिर्की ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में टीआरआईल्लॉक कोऑर्डिनेटर सचिन सिंह, सीमा, अनिता, सुरेश, रॉइमनी मिनु रंजन, रूपा ने सराहनीय योगदान दिया।



कार्यशाला में मेघा मिनरल मिक्सचर फूड का वितरण करते हुए।

## जन शिकायत खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना के प्रखंड परिसर में किया गया

**खलारी।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना के द्वारा खलारी प्रखण्ड परिसर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने किया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के मैक्लुस्कीगंज थाना में तीन व खलारी थाना में चार कुल सात शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें सड़क सुरक्षा से लेकर ज्यादातर जमीन से सम्बंधित का शिकायत प्राप्त हुआ। मौके पर अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, खलारी इंस्पेक्टर सह प्रभारी जयदीप टोप्पो, पुअनि रवि कुमार, मैक्लुस्कीगंज पुअनि दीपक साहु, बुढ़मू थाना प्रभारी पुअनि रितेश कुमार समाधान परिसर मौजूद थे।

एक नजर में

## डेंटल एवं ओरल कैंसर स्क्रीन कैंप का आयोजन

**इटकी।** इटकी आजाद बंगला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को डेंटल एवं ओरल कैंसर स्क्रीन कैंप का आयोजन किया गया। एनओएचपी ओरल हेल्थ माह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ों व रिम्स डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में कैंप का आयोजन किया गया। सीएचसी बेड़ों के दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन व रिम्स की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शांतला नायक के नेतृत्व में 112 मरीजों का डेंटल स्क्रीन और तीन मरीजों का प्रीमालिगनेंट जख्म का स्क्रैप बायोप्सी किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच नि:शुल्क टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, माउथ वाश व दवाओं का वितरण किया गया। कैंप में डॉ श्रोती कुमारी ने लोगों को दंत रोग और उससे बचाव के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी, डॉ आस्था टोप्पो, डॉ अदिति, डॉ लखी कुमारी, डॉ अनामिका कुमारी, अजय केरकेट्टा, शोभा संध्या लकड़ा, रोशनी टोप्पो, लखन प्रसाद, हीना कौशर, सोनू अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## सीओ को सौपा हैं रास्ते की मापी की मांग पत्र



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पांचा में रास्ते का मापी व अतिक्रमण मुक्त कराने की मापी को लेकर ग्रामीण द्वारा सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है। बताया गया कि पांचा के बेलबगीचा स्थित विनेश्वर साहू के घर से मुंडा पाहन की हड़गड़ी मसना होने हुए उत्क्रमित विद्यालय गुडू तक एनआरपी–1 योजना के तहत 14200 फिट पीसीसी पथ का निर्माण होना है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया गया था। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण से पूर्व मापी व सड़क किनारे किए गए रास्ते की भुमि अतिक्रम को मुक्त करने की मांग को लेकर निर्माण कार्य रोक दिया। निर्माण का विरोध करने वालों द्वारा गांव के लगभग 90 लोगों की हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सीओ उज्जवल सोरेन से मापी कराने व अतितिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया। वहीं निर्माण कार्य का विरोध करने की जानकारी मिलने पर विभाग के जेई राहुल कुमार पहुंचे। उन्हे स्थानीय ग्रामीणों ने रास्ते व अतिक्रमण की स्थिति से अवगत कराया, और कहा योजना व निर्माण कार्य का विरोध नही है। अतिक्रमण मुक्त कर निर्माण करने पर सहयोग किया जाएगा। ग्रामीण सड़क निर्माण किसी–न–किसी योजना से हो जाएगा। लेकिन अतिक्रमण मुक्त नही हुआ तो आगे भी ग्रामीणों को परेषानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों से बात करने के बाद एक सप्ताह के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने भी कहा है इतने समय में सड़क का मापी भी करा लिया जाएगा। मौके पर ईष्वरी साहू, नारायण साहू, राजकिषोर मुंडा, जिप प्रतिनिधि आनंद महतो, राममोहन महतो, फुलेंद्र महतो, जगरनाथ महतो आदि उपस्थित थें।

## मैक्लुस्कीगंज पतरातू मुख्य पथ के चुरी होयर ग्राम के पास मरम्मत करने की मांग किया



**खलारी।** खलारी प्रखंड परिसर में लगे जनसुनवाई कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता तनवीर आलम ने मैक्लुस्कीगंज भाया खलारी से पतरातू मुख्य पथ में चुरी होयर गांव के पास अंतन्त जर्जर सड़क को मरम्मत कराने का मांग किया। पत्र के माध्यम से थाना प्रभारी को अवगत कराया कि मैक्लुस्कीगंज खलारी भाया पतरातू सड़क के चुरी होयर गांव के बीच की सड़क लगभग 100 मीटर बहुत ही दयनीय है। सड़क के बीच गड्ढा व कीचड़ से बड़ी, छोटी गाड़िया फंस जाती है,जिसमें राहगीर व आमनागरिक एवं प्रशासन को, सामाजिक कार्य करने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की मांग किया गया। इस मांग में लगभग एक सौ से अधिक ग्रामीणों का हस्ताक्षर भी किया गया। ज्ञापन सौंपने में रविन्द्र नाथ चौधरी, अमृत मुंडा, धीरेंद्र प्रसाद, दशरथ तुरी, दीपक कुमार, जितेंद्र गिरि सहित अन्य मौजूद थे।

## देवी मंडप के जीणोर्धार को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**खलारी।** लपरा देवी मंडप का जीणोर्धार एवं चारदीवारी निर्माण को लेकर एक ग्रामीणों के द्वारा रखा गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हरि पहान व संचालन मुखिया पुतुल देवी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि देवी मंडप परिसर भूमि का मापी, चारदीवारी का निर्माण, व बजरंगबली मंदिर का निर्माण करने का निर्माण लिया गया। वही बैठक में मंडप जीर्णोद्धार समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मुखिया पुतुल देवी, जितेंद्र नाथ पांडेय, मुखिया पुष्पा खलखो,मुखिया सुनीता खलखो, नागदीप यादव, अध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष रूपेश चौरसिया, रमेश गुप्ता, शुशील उरांव,सतेंद्र सिंह,सहदेव यादव, सुबोध रजक, सचिव प्रदीप यादव, उपसचिव अमित सिंह,पवन यादव, अविनाश पांडेय, उमेश यादव, कृष्णा लोहरा, कोषाध्यक्ष व उपकोषाध्यक्ष मनोज गिरि, रोशन लोहरा को बनाया गया। वही इस बैठक में लपरा के ग्रामीण मौजूद थे।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में 2025-26 का ओरिएंटेशन डे का भव्य आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025 - 26 का ओरिएन्टेशन डे का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग अलग पालियों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी नव नामांकित छात्रों के अभिभावकों को निमंत्रित किया गया। दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। उसके बाद बच्चों द्वारा अभिभावकों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस ओरिएंटेशन डे में ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों की उपस्थिति पायी गयी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ (श्रीमती) प्रिया अदक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय के सभी नियमों से अवगत कराया तथा इन नियमों को छात्रों द्वारा अपनाने की अपील की। बीच-बीच मे अभिभावकों से वार्तालाप भी कायम रखा।

## आइडीटीआर के 12 छात्रों को मारुति सुजुकी व 11 को टाटा एडवांस सिस्टम ने किया लॉक

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया/जमशेदपुर।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडो डेनिश टूल रूम में संस्थान में मारुती सुजुकी गुड़गांव, टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद, टाटा कमिंस जमशेदपुर, आरेस्टी इंडिया लिमिटेड, इंडिया स्टील सुमित प्रालि, भीजी इंडस्ट्रीज फरीदाबाद आदि प्रमुख कंपनियों द्वारा चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग, तीन वर्षीय मेकाट्रोनिक्स एवं तीन वर्षीय प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राइव चलाया गया। इस कैंपस में आइडीटीआर जमशेदपुर तथा टीआरटीसी पटना के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान 5.25 लाख रुपए के पैकेज के साथ मारुती सुजुकी ने 12 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। बताया गया है कि छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए मारुती सुजुकी ने लगातार चौथी बार आईडीटीआर में कैंपस ड्राइव चलाया है।

इसी प्रकार, टाटा एडवांस सिस्टम हैदराबाद ने भी कैंपस ड्राइव चलाकर करीब 3.25 लाख के पैकेज पर मेकाट्रोनिक्स तथा प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के 11 छात्र-छात्राओं का चयन किया। इसी वर्ष टाटा एडवांस सिस्टम ने चार वर्षीय डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग के इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए भी 56 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। इसके अलावा टाटा कमिंस ने इनप्लांट ट्रेनिंग के लिए 88 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। टाटा कमिंस प्रत्येक वर्ष आईडीटीआर जमशेदपुर से छात्र-छात्राओं का चयन करती है। आरेस्टी इंडिया लिमिटेड ने भी 16, इंडिया स्टील सुमित प्रा.लि. ने 07 तथा भीजी इंडस्ट्रीज फरीदाबाद ने चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग के 01 छात्र का चयन किया। इस बावत आईडीटीआर के प्लेसमेंट प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मार्च माह में प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है।

## टिनप्लेट इवनिंग क्लब में मना बांग्ला नववर्ष पोईला वैशाख

- सौ वर्ष पूरे होने पर हुआ फोटो गैलरी का अनावरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टिनप्लेट स्थित इवनिंग क्लब अपनी स्थापना (1925) का सौवां वर्ष मना रहा है। बांग्ला नववर्ष पोईला वैशाख के दिन ही क्लब के सौ वर्षों के सफरनामा पर आधारित उत्तराधिकारी नामक फोटो गैलरी का अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन के ईआइसी उज्ज्वल चक्रवर्ती ने किया। उद्घाटन अवसर पर इवनिंग क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर सौर ज्योति डे, मैत्रेयी चक्रवर्ती, क्लब की महिला शाखा सहेली की अध्यक्षा सुदेशना डे आदि उपस्थित थे। इस फोटो गैलरी में इवनिंग क्लब की शुरुआती समय 1925 के बाद से हुए उत्तरोत्तर विकास की गतिविधियों को चित्र में देख कर रोमांच का अनुभव किया जा सकता है। शहर में कुछ अलग हटकर थीम आधारित दुर्गापूजा का वृतचित्र के माध्यम से आयोजित होना अपने आप में एक उदाहरण है। मौके पर आयोजित पोईला वैशाख का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्टार जलशा फेम अंकिता बसु ने बांग्ला लोकगीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की।



समारोह के दौरान फोटो प्रदर्शनी देखते टिनप्लेट डिवीजन के इआइसी उज्वल चक्रवर्ती।

## सोनिया-राहुल के खिलाफ ईडी चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के मुख्य पत्र नेशनल हेराल्ड के सम्पति का गलत उद्देश्य से ईडी विभाग द्वारा अधिग्रहण करने के खिलाफ तथा कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गाँधी, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल करना अत्यंत ही अमर्यादित है उक्त विषय को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में जमशेदपुर स्थित जी. एस. टी कार्यालय में कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत आयुक्त जी एस टी को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम से मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने प्रदर्शन कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि 1938 में पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी तथा ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज के रूप में राष्ट्रहित का कार्य किया था।

# सिंदरी में अमोनिया के रिसाव से लोगों में दहशत आंखो में जलन और सांस लेने में हो रही परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे अचानक अमोनिया गैस के रिसाव से लोगों में भय व्याप्त हो गया। हवा के प्रवाह के अनुरूप अमोनिया गैस का रिसाव उत्तर पश्चिम दिशा में लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में हुआ। आंखों मे जलन होने और सांस लेने में तकलीफ होते ही अमोनिया गैस के रिसाव की आशंका को देखते हुए लोगों में भय व्याप्त हो गया। हर्ल के एच आर हेड विक्रांत कुमार ने बताया कि हर्ल मे 15 अप्रैल से दो सप्ताह का शटडाउन लिया गया है। जिससे प्लांट पूरी तरह बंद है। ऐसी आशंका है कि प्लांट मेंटेनेंस के कारण पाइप में बचा अमोनिया गैस हवा में फैल गया हो। हर्ल के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने बताया कि हर्ल के टेक्निकल सेल ने अमोनिया गैस के रिसाव की जांच की है। उन्होंने बताया कि जब प्लांट चालू रहता है तब फ्लेयर से अतिरिक्त गैस हवा में जल जाता है। परंतु प्लांट शटडाउन के कारण बंद था। इसलिए संभावना है कि पाइप लाइन का गैस हवा के साथ मिलकर रिसाव हुआ हो। यूनिट हेड ने बताया कि अमोनिया गैस के रिसाव की मात्रा कम थी और अब उस पर भी नियंत्रण कर लिया गया है। इसलिए, चिंता की कोई जरूरत नहीं है। इस पर सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने हर्ल प्रबंधन, उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा और बलियापुर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह को गैस रिसाव की जानकारी दी। दीपक कुमार दीपू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हर्ल प्रबंधन ने जांच का आश्वासन दिया है। बलियापुर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उन्होने गैस रिसाव की सूचना जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को दे दी है। हालांकि प्रबंधन ने स्थिति को सामान्य कर लिया है।






# सुपर ओवर में दिल्ली ने मारी बाजी

## आइपीएल 2025 का पहला सुपर ओवर... स्टार्क, राहुल और स्टब्स के बूते दिल्ली ने मारा मैदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2025 में लगातार सांस थामने वाले मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। लेकिन अभी तक एक भी सुपर ओवर नहीं हुआ था। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अरुण जेटली स्टेडियम पर हुए मुकाबले का नतीजा सुपर ओवर में निकला। पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली ने 5 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में राजस्थान भी 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन ही बना पाई। सुपर ओवर में पहले खेलते हुए राजस्थान ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ 11 रन ठोके। दिल्ली ने चार गेंदों पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने छक्के के साथ मैच फिनिश किया। इस जीत ने दिल्ली को टेबल में टॉप पर पहुंचा दिया है।

### राहुल और पोरेल में धीमी साझेदारी

दिल्ली की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। उन्होंने केएल राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। लेकिन यह साझेदारी धीमी भी रही। दोनों ने 57 गेंदों का सामना किया।



अक्षर ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 रन जबकि स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से जोफ्रा आर्चर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए।

टॉस हाकर बैटिंग के लिए उतरी। दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। जैक फ्रेजर मैकगर्क (09) ने जोफ्रा आर्चर पर लगातार दो चौकों के साथ शुरूआत की लेकिन इसी तेज गेंदबाज के अगले ओवर में यशस्वी जायसवाल को आसान कैच दे बैठे। करूण नायर खाता खोले बिना रन आउट हो गए। पोरेल ने दूसरे ओवर में तुषार देशपांडे को निशाना बनाते हुए 23 रन बटोरे। गेंद के थोड़ा पुराना होने के बाद बल्लेबाजों को रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई जिससे बीच में ओवरों में गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाया। राहुल ने तीक्षणा पर लॉन्ग ऑफ पर छक्के से पोरेल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। आर्चर की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में राहुल ने डीप मिडविकेट पर शिमरोन हेटमायर को कैच थमा दिया। उन्होंने 32 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और इतने ही चौके मारे। 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन पोरेल इसी ओवर में लॉन्ग ऑफ पर रियान पराग के हाथों लपके गए। पोरेल ने 37 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। अक्षर ने हसरंगा की लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ रन गति में इजाफा किया। अक्षर ने अगले ओवर में तीक्षणा पर भी एक छक्का और दो चौके मारे लेकिन इसी स्पिनर की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। उन्होंने 14 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और चार चौके मारे। स्टब्स ने 19वें ओवर में आर्चर पर दो चौके मारे जबकि आशुतोष शर्मा (नाबाद 15) ने भी गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। संदीप ने अंतिम ओवर में लगातार तीन वाइड और एक नोबॉल फेंकी जिसमें फ्री हिट पर स्टब्स ने चौका मारा और फिर अगली फुलटॉस पर छक्का जड़ा।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 06 | 05 | 01 | 00 | 10 | +0.899 |
| गुजरात | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +1.081 |
| बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.539 |
| पंजाब | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.172 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.086 |
| कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 00 | 06 | +0.547 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | +0.104 |
| राजस्थान | 07 | 02 | 05 | 00 | 04 | -0.714 |
| हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -1.245 |
| चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 00 | 04 | -1.276 |




पर्पल कैप
12 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई



ऑरेंज कैप
357 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

## भारतीय कप्तान रोहित ने किया वनडे क्रिकेट का समर्थन, बोले- यह एक अलग तरह की चुनौती

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट की बढ़ती साख के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य का समर्थन किया है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पॉडकास्ट में बताया कि किस तरह आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान उनकी टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट हमेशा से ऐसी चुनौती पेश करता है जो कोई प्रारूप नहीं देता।

### रोहित ने वनडे प्रारूप को बताया खास

रोहित ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, वनडे क्रिकेट खेल के सबसे सम्मानित प्रारूपों में से एक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 50 ओवर के प्रारूप से उनका जुड़ाव गहरा है, जो एक क्रिकेटर के रूप में उनके प्रारंभिक वर्षों से जुड़ा है। रोहित ने कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट को लेकर कई तरह की बातें की जाती हैं कि यह स्थायी है या नहीं। हम सभी लोग वनडे विश्व कप, आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखकर ही बड़े हुए हैं और हमने ये खेल खेला भी है। वो सब मैच रोमांचक होते हैं। मुझे पता है कि वह पहले की बातें हैं क्योंकि लोग अब टी20 क्रिकेट देख रहे हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की चुनौती अलग ही है।

## हैदराबाद के सामने होगी बुमराह की चुनौती

एजेंसी

**मुंबई।** पिछले मैच में अभूतपूर्व जीत दर्ज करने वाले सनराइजर्स हैदराबाद का सामना अब मुंबई इंडियंस से होगा। यह दोनों ही टीमें फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष चार में शामिल नहीं हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने दमदार बल्लेबाजी की थी, लेकिन अब इनके सामने जसप्रीत बुमराह की चुनौती होगी जिन्होंने हाल ही में चोट से वापसी की है। चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं जिसके कारण उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज माना जाता है। मुंबई हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। मुंबई अभी तक केवल दो मैच जीत पाया है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।



दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम ने अब तक छह मैच खेले हैं और सिर्फ दो में उसे जीत मिली है। इस तरह वह तालिका में नौवें स्थान पर है।

## पांच देशों ने जताई राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूएस) ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में 100 साल पूरे करेगा। सीडब्ल्यूएस की ओर से यह पुष्टि खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाले भारत ने 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्ल्यूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्राप्त हुई है। कुल मिलाकर सात देशों ने भविष्य के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, जिनमें से पांच ने शताब्दी सत्र के आयोजन की रुचि जताई है। सीडब्ल्यूएस ने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड उन दो देशों में से एक है जो 2034 सत्र की मेजबानी करना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों ने बयान में कहा, अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और ओसिनिया वे क्षेत्र हैं जहां से ईओआई प्रस्तुत किए गए हैं। कनाडा, भारत और नाइजीरिया ने पहले ही सार्वजनिक रूप से पुष्टि कर दी है कि उन्होंने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ईओआई पेश की है। साथ ही दो अन्य देशों ने भी 2030 में मेजबानी के लिए अपनी रुचि जताई है।

## ऐतिहासिक जीत के बाद पोंटिंग ने की चहल की तारीफ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** आइपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने 111 रन के सबसे कम स्कोर को डिफेंड कर ऐतिहासिक कारनामा किया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकआर) पर मिली इस जीत के लिए पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग ने यजुवेंद्र चहल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अपनी तरह की गेंदबाजी कर चहल ने केकेआर के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी और पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने चहल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हमने इस हफ्ते तुमसे कहा था कि अपनी असली गेंदबाजी पर लौटो। और आज तुमने वही किया। अपनी तरह गेंदबाजी की और हमें मैच जिता दिया। पोंटिंग ने मार्को यानसन (3/17) और अर्शदीप सिंह (1/11) की भी सराहना की। उन्होंने कहा, अर्शदीप, तुम



आमतौर पर नयी गेंद से गेंदबाजी करते हो, लेकिन जब टीम ने तुमसे अलग भूमिका निभाने को कहा, तो तुमने पूरी जिम्मेदारी से प्रदर्शन किया। यही टीम भावना हम सबमें चाहिए। पोंटिंग ने बताया कि उन्होंने कप्तान से चर्चा करके यानसन से पहला ओवर करवाया क्योंकि वे पहले भी सुनील नारायण को जल्दी आउट कर चुके थे और यह रणनीति काम कर गई। अब छह में से चार जीत के साथ पंजाब किंग्स अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। पोंटिंग ने टीम को आगाह करते हुए कहा, इस जीत से बहुत खुश हूं लेकिन हमें ज्यादा उत्साहित नहीं होना है। हमें लगातार मेहनत करते रहना है और मुश्किल मैच कैसे जीतने हैं, यह समझते रहना है। वहीं मैच ऑफ द मैच बने चहल ने कहा, मेरी हमेशा यही सोच रहती है कि बल्लेबाज को आउट कैसे किया जाए। पिछले मैच में मैंने 56 रन दिए थे, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा रखा। हमने योजना बनाई थी कि पावरप्ले में 2-3 विकेट ले लिए जाएं तो मैच में पकड़ बन जाएगी। मैंने अपनी गति में बदलाव किया और बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर किया।

## जैन नकवी ने 26 गेंदों में जड़ा शतक, 6 गेंदों पर जड़े 6 छक्के

**नयी दिल्ली।** इटली के बोलोगना में इस समय यूरोपियन क्रिकेट लीग टी10 टूर्नामेंट चल रहा है जिसमें जैन नकवी ने मार्खोर मिलानो बनाम सिविडेट मैच में कहर बरपा दिया। जैन मार्खोर मिलानो की ओर से खेलने वाले जैक टीम कप्तान भी हैं। मार्खोर मिलानो की टीम ने जैन के नाबाद 160 रनों की पारी के दम पर 10 ओवर में केवल दो विकेट गंवाकर 210 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। सिविडेट की टीम 9 ओवर में 106 रन पर ऑल आउट हो गई। जिससे मार्खोर मिलानो को 104 रन से जीत मिली। जैन नकवी ने अपने पारी में रिकॉर्ड 24 छक्के लगाए।

## नये फिजियो और ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआइ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरू के उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) में नियुक्त होंगे। बीसीसीआइ ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाये हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता (फिजियो के लिए) में, मूलभूत जीवन सहायता (ट्रेनर के लिए) में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए। 10 साल के अनुभव वाले फिजियो को प्राथमिकता दी जाएगी। देवजीत सैकिया ने कहा, खेल विज्ञान और मेडिसिन टीम के लिए ये पद अहम हैं, जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बढ़ाने और प्रभावी चोट प्रबंधन और रोकथाम प्रोटोकॉल को लागू करने के लिए उच्च प्रदर्शन सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं।

## सुरुचि ने मनु भाकर को हराकर जीता स्वर्ण

एजेंसी

**लीमा।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने पेरू में आइएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुरुचि सिंह ने फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243.6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण




पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

## मैच के दौरान मैदान में अंपायर की हुई मौत

**नयी दिल्ली।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के 60 वर्षीय अंपायर प्रसाद मालगांवकर का अंडर-19 भामा कप मैच में अंपायरिंग करते समय बेहोश हो गये और अस्पताल जाते समय उनकी मौत हो गयी। यह घटना क्रॉस मैदान के सुंदर क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर केआरपी इलेवन सीसी और क्रिसेंट सीसी के बीच मैच के दौरान हुयी। इसक घटना ने सभी को हैरान कर दिया। मैच के 11वें ओवर के दौरान मालगांवकर स्क्वायर लेग पर अंपायरिंग कर रहे थे। इस ओवर की दो गेंदें डालने के बाद वह अचानक बेहोश हो गये। इससे पहले दिन में अंपायर की तबीयत खराब थी, लेकिन उन्होंने फिर भी अंपायरिंग जारी रखने का फैसला किया।

## गुइरासी की हैट्रिक बेकार, बार्सिलोना से हारा डॉर्टमंड

एजेंसी

**डॉर्टमंड।** यूएफा चैंपियंस लीग 2024-25 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सहरो गुइरासी ने शानदार हैट्रिक लगाई, लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम बोरुसिया डॉर्टमंड प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। डॉर्टमंड ने दूसरे चरण में बार्सिलोना को 3-1 से हराया, लेकिन पहले चरण में 4-0 की करारी हार के कारण कुल 5-3 के अंतर से पराजित होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं, बार्सिलोना ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले चरण में 4-0 की हार झेलने के बाद डॉर्टमंड के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और बार्सिलोना को बैकफुट पर धकेल दिया। गुइरासी ने पहले चरण में कई



अवसर गंवाये थे, लेकिन इस बार उन्होंने 11वें मिनट में पेनल्टी पर कोई गलती नहीं की और अपनी टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में गुइरासी ने 49वें मिनट में हेड से दूसरा गोल किया। इसके बाद 76वें मिनट में नजदीक से तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की। इसी के साथ वे इस सत्र में यूएफा चैंपियंस लीग के सर्वोच्च गोल स्कोरर बन गये, उनके नाम अब 13 गोल हो गये हैं। हालांकि, इस बीच रामी बेन्सेबाइनी का आत्मघाती गोल डॉर्टमंड के लिए भारी पड़ गया और उनकी वापसी की उम्मीदों को झटका लगा। डॉर्टमंड ने अंत तक बराबरी की कोशिश की, लेकिन बार्सिलोना ने अपनी बढ़त को कायम रखा और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।

# बालिका वर्ग में झारखंड और बालक वर्ग में पंजाब बना चैंपियन

### ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप फुटबॉल 2025

एजेंसी

**गोवा।** गोवा के प्रसिद्ध रायया स्पोर्ट्स ग्राउंड में ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप फुटबॉल 2025 का भव्य फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक फाइनल में देशभर से आई युवा फुटबॉल प्रतिभाओं ने अपना दमखम दिखाया। बालिका वर्ग में झारखंड एफए ने खिताब अपने नाम किया, जबकि बालक वर्ग में पंजाब एफसी ने अपना खिताब बरकरार रखा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के समापन समारोह में भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुब्रत पॉल और बाईचुंग भूटिया समेत गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे, परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक दिगंबर कामत, ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब एफसी ने मोहन बागान सुपर जाइंट को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पंजाब के शुभम गुरूंग ने 10वें मिनट में गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 64वें मिनट में आशीष लोहार ने दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। पंजाब एफसी के कप्तान अनिकेत यादव ने कहा, हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, जो हमारी कड़ी मेहनत और एकजुटता का नतीजा है। इस टूर्नामेंट में हमें नॉर्विच सिटी एफसी जैसी अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ भी खेलने का मौका मिला। ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप युवा फुटबॉलरों के विकास के लिए बेहतरीन मंच है। खिताब बचाकर रखना हमारी टीम स्पिरिट का प्रमाण है।

### झारखंड एफए ने रोमांचक मुकाबले में ओडिशा को दी मात




बालिका वर्ग के नेशनल फाइनल में झारखंड एफए और ओडिशा एफए के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। झारखंड ने 20वें मिनट में अनामिका सांगा के एकमात्र गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। ओडिशा की टीम बराबरी की पूरी कोशिश करती रही, लेकिन झारखंड की कप्तान चांदनी कुमारी की अगुवाई में रक्षापंक्ति ने अंत तक बढ़त कायम रखी। जीत के बाद कप्तान चांदनी ने कहा, यह खिताब हमारे लिए बेहद खास है। हमारी रणनीति गेंद को आगे बनाये रखने की थी, जिससे हम अपनी बढ़त बचा सकें। ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन शानदार रहा। इस मंच ने हमें देश के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है। मेरा सपना है कि एक दिन भारत का प्रतिनिधित्व करूं, और मेरा परिवार भी मेरे इस सपने के साथ है।




पंजाब एफसी ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

### भूटिया ने कही भारतीय फुटबॉल के उज्ज्वल भविष्य की बात

समापन समारोह में बाईचुंग भूटिया ने कहा, ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट भारतीय फुटबॉल के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। देशभर की प्रतिभाओं को एक मंच पर देखना और उनके बीच का जुनून देखना वाकई उत्साहजनक है। इससे आने वाले समय में भारतीय फुटबॉल नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## जापान के फुटबॉलर नोजोमु ने कोलकाता से काशी तक 2000 किमी की ड्रिब्लिंग की

एजेंसी

**वाराणसी।** जापान के रहने वाले फुटबॉलर नोजोमु हागीहारा (31) ड्रिब्लिंग (जमीन पर फुटबॉल को उछालते हुए आगे बढ़ना) करते काशी पहुंचे। तीन मार्च से कोलकाता से सड़क पर फुटबॉल खेलते हुये उनका असाधारण सफर न केवल खेल के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है, बल्कि गांवों में लैंगिक समानता, स्वच्छता और पोषण के साथ ही बच्चों को चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना है। 3 मार्च को कोलकाता से नयी दिल्ली तक 2,000 किलोमीटर की एकल ड्रिब्लिंग यात्रा मई में नयी दिल्ली में समाप्त होगी। नोजोमु अपने असाधारण कौशल और फुटबॉल के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। साहसिक यात्रा की शुरूआत



उन्होंने कोलकाता से की। सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए 2000 किमी का सफर तय कर मंगलवार को काशी पहुंचे। सोनारपुर में विश्राम के बाद गुरुवार को दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। हागीहारा ने बताया कि गरीब और वंचित बच्चों को फुटबॉल अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उनका मानना है कि फुटबॉल न केवल एक मनोरंजक खेल है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता सिखाता है। नोजोमु ने कहा कि गांवों में फुटबॉल कार्यशालाएं की हैं।

स्पीड न्यूज

## नापीता झरिया में 'बाउल संगीत' का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो विधानसभा के काशी झरिया पंचायत के टोला नापीता झरिया में वैशाख के पहले दिन के उपलक्ष्य में बाउल संगीत का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो एवं चास प्रमुख बेला देवी के द्वारा किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो एवं चास प्रमुख बेला देवी ने अपने सम्बोधन में इस भव्य आयोजन के लिए कमेटी के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रकट की।

## जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा।** नगर भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत डीआईजी धनंजय कुमार, डीसी जिशान कमर, एसपी अनिमेश नैथानी, एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, डीवाईएसपी जेपीएन चौधरी, गोड्डा सीओ ऋषि राज एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ। इस दौरान मौके पर गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों के साथ जिला व्यवहार न्यायालय से डालसा के अधिकारीगण मौजूद थे। वहीं इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सार्जेंट मेजर, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा के साथ प्रशासनिक विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## चारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ



**गोड्डा।** मेहरमा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सुखाड़ी के शोभापुर स्थित शिव मंदिर चारदीवारी का निर्माण कार्य गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के सहयोग से बुधवार को प्रारंभ हो गया। वहीं इस निर्माण कार्य के लिए स्थानीय लोगों एवं शिव मंदिर समितियों ने गोड्डा सांसद दुबे का आभार जताया एवं कहा कि कई सालों से चारदीवारी की समस्या थी। चारदीवारी नहीं होने से कई परेशानियां होती थी।इसी कारण पिछले साल लोकसभा चुनाव में सांसद ने शिव मंदिर चारदीवारी के लिए शोभापुर गांव के लोगों एवं मंदिर समितियों ने मांग किया था। उन्होंने इस मांग को पूरा करने के लिए आश्वासन भी दिया था,जो कि इस मांग को उनके द्वारा पूरा किया गया।

## 30 अप्रैल तक छूटे हुए लाभुक कराएं ई-केवाईसी

**बोकारो।** खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड धारकों (लाभुकों) का ई-केवाईसी की तिथि 30 अप्रैल 2025 तक अवधि विस्तार किया गया है। वैसे लाभुक यथा (दिव्यांग बुजुर्ग बच्चे) जिनका ई-पोस मशीन से ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। वे अपने नजदीकी चिन्हित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास उपलब्ध ईरीश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इस बाबत पत्र जारी कर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं डीपीएम जेएसएलपीएस को इस संबंध में अपने कर्मी/पंचायत प्रतिनिधि/ जन वितरण प्रणाली विक्रेता को अवगत कराना सुनिश्चित करने को कहा है ताकि जिले के छुटे हुए राशन कार्ड धारी का ई-केवाईसी ससमय किया जा सके।

## दो दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन



**दुमका।** एसपी कॉलेज के कॉमर्स विभाग में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को हुआ। जिसका उद्देश्य छात्रों को रचनात्मक लेखन के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला विभागाध्यक्ष डॉ एसके अम्बष्ट के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। कार्यशाला में आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, अपितु व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान का भी अत्यधिक महत्व के लिए आयोजित हुई। कार्यशाला में स्नातक के छात्रों के साथ कॉलेज के प्राध्यापकों और अतिथि वक्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला को दो भागों में आयोजित हुई। प्रथम दिवस में सैद्धांतिक अवधारणाओं एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान से छात्रों को लाभान्वित हुए। कार्यशाला की शुरूआत अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक स्वागत गान से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ केपी यादव ने वाणिज्य शिक्षा के बदलते स्वरूप और कार्यशालाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज के छात्र धरना पर बैठे

# ओपीडी सेवाएं की ठप

### छात्रावास में मूलभुत सुविधाओं के त्रस्त छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

**दुमका निज संवाददाता।** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बुधवार को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी सेवा को ठप कर धरना प्रदर्शन किया। इस कारण अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज के छात्रावास में पानी और बिजली को सुचारु रूप से व्यवस्थित करने की मांग की। इधर, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप रहने से इलाज के लिए आए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल में इमरजेंसी सेवा चालू रही। छात्रों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज प्रबंधन, स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि छात्रावास में पानी और बिजली की व्यवस्था का घोर अभाव है। पिछले कुछ दिनों से तो स्थिति और चरमरा गई है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में बिजली की वायरिंग जर्जर है। बिजली के



धरना प्रदर्शन करते मेडिकल छात्र

तार जगह-जगह से कटे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में व्याप्त कमियों की शिकायत कॉलेज प्रबंधन के साथ डीसी को भी कर चुके हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। कोई छात्रों की सुनने को तैयार नहीं है। अब आंदोलन छोड़ कोई रास्ता नहीं रह गया है।

**स्वास्थ्य मंत्री से हुई है छात्रों की बात :** धरने पर बैठे छात्रों ने बताया कि उनकी बात फोन पर सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से हुई है। उन्होंने एक टीम भेज कर व्यवस्था का निरीक्षण करने का स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है। छात्रों ने बताया कि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरुण कुमार चौधरी से बात की थी, तो उन्होंने कहा था कि समस्या तो है। लेकिन इसके सुधार के लिए काम किया जा रहा है। छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कॉलेज कैंपस का निरीक्षण करने की मांग की है। छात्रों ने कहा कि सीएम आकर देख सकते हैं कि हम किस हालात में छात्रावास में रहने को विवश हैं। उन्होंने सीएम से सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग किया है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



**दुमका।** आमजन के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने, पुलिस एवं नागरिकों के बीच दूरी को समाप्त करने तथा पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए दुमका पुलिस प्रशासन की ओर से जिले के चार जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के इंडोर स्टेडियम, आदिवासी कला संस्कृति भवन, रांगा मसलिया, जरमुंडी डाक बंगला एवं मध्य विद्यालय राजबांध शिकारीपाड़ा में आयोजित जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में 139 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं दुमका शहर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 67 मामले आए। इनमें से कई मामलों का निराकरण भी कर दिया गया है। जनशिकायत समाधान में अधिकांश मामले जमीन विवाद से जुड़े आए है। इन सभी जमीन विवाद मामले की शिकायतों को जांच के लिए संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है।

खबर एक नजर में

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रदेश कार्यसमिति की महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति के संचालन में संपन्न बैठक में पांच प्रमंडल में प्रदेश के पदाधिकारी को प्रवास जिला अध्यक्ष के तय तिथि के अनुसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल व पूर्व झारखंड माटी कला बोर्ड के पदाधिकारियों सहित प्रदेश के 24 जिला में से 14 जिला के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति व अन्य वक्ताओं ने संगठन के मजबूती को लेकर ध्यान आकर्षण कराया। प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति एवं पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि हम सभी जिला प्रखंड एवं ग्राम कमेटी तक लगातार डेढ़ महीना तक प्रयास संगठन बनाने में करें जिसका फल हम लोगों को अवश्य मिलेगा और हमारा संगठन भी मजबूत होगा- इसे लेकर मुझे जितना समय चाहिए मैं देने को तैयार हूं। माटी कला बोर्ड को लेकर प्रखंड एवं जिला में एक साथ एक ही दिन धरना देने का निर्णय लिया गया। पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद्र प्रजापति ने कहा कि संगठन कभी समाप्त नहीं होता है- लोग आते हैं और जाते हैं- संगठन में शिथिलताएं होती हैं पर मजबूती के साथ लगने पर संगठन एक नया इतिहास लिखता है, उसी का नाम झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ है। बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पंडित, गंगाधर प्रजापति, संजय पंडित, अजय प्रजापति, विक्रम महतो योगेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन चास प्रखंड अध्यक्ष दीनबंधु महतो ने किया।

## विशु कनी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मना




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में- विशु कनी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल प्रांगण में नये अनाज नया कपड़ा ककड़ी कच्चा आम उरली एक कांसे के बर्तन में चावल तरह-तरह के नये अनाज पान का पत्ता सुपारी कटहल नई सब्जियां दर्पण अमलतास व विभिन्न प्रकार के नए फल फूल नये वर्ष के प्रतीक के रूप में रखे गये और उनके बीच श्री कृष्ण की सुंदर प्रतिमा सजा कर रखी गयी। दर्पण जो आत्म दर्शन का प्रतीक है जिसके माध्यम से हम आत्म दोषों को दूर करने का प्रयास करते हैं-प्रतिमा के समक्ष स्वर्ण और धन रखकर देश की समृद्धि की कामना की गई। विद्यालय में सुंदर और पारंपरिक रंगोली भी बनायी गयी।

## विश्व में सबसे प्राचीन है सनातन धर्म : आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड अंतर्गत चपरी गांव में आयोजित चार दिवसीय सामवेद पारायण ज्ञान यज्ञ के दौरान विचार अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता पूज्य आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने कहा कि जितने भी संप्रदाय, मत-मतांतर वर्तमान में प्रचलित हैं वास्तव में वे सभी करीब चार हजार वर्ष के अंदर ही हुए हैं। इसके पूर्व सृष्टि के प्रारंभ से ईश्वर द्वारा प्रतिपादित सत्य सनातन वैदिक धर्म ही रहा है।

उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब भारत परतंत्रता की बेड़ियों में बंधा तो अनेक विधर्मियों ने हमारे धर्मग्रंथों में मिलावट वेदभाष्य को प्रदूषित किया। भोले-भाले हिंदू विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास और रुढ़ियों में फंसते चले गये। धर्म



के नाम पर हमें अधर्म पढ़ाया गया, तब गुजरात के टंकारा में बहुप्रतिभा संपन्न बचचे का जन्म हुआ। बाद में युवावस्था में गृह बंधनों से विरत रहकर पूरे देश का भ्रमण किया, तत्कालीन परिस्थिति देखकर आर्य समाज की स्थापना की, आर्यों को नारा दिया कि वेदों की ओर लौटी। देश को गुलामी से मुक्ति के लिए नरम व गरम दल दोनों में आयें समाज के अनुयायियों ने अभूतपूर्व योगदान दिया। इस कारण न केवल देश आजाद हुआ, वेदों का पुनरुद्धार हो सका। इतिहासकारों के हवाले से उन्होंने कहा कि जेलों में बंद 80 फीसदी से ज्यादा कैदी आर्य समाजी थे।

आर्य समाज के कारण तात्कालीन भटकती हिंदू जाति को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कारण शताधिक गुरुकुल खुले, हजारों लाखों बच्चे वेदों के विद्वान बने, माता बहनों को यज्ञ करने का अधिकार मिला।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुनमुंडा का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** देश की जनता के हित को देखते हुए ही वक्फ अधिनियम संशोधन किया गया है ताकि देश के दबे कुचले पिछड़े लोगों को इसका लाभ मिल सके। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बुधवार को देवघर जाने के क्रम में फुसरो स्थित निर्मल चौक के समीप पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की घटना की सरकार जवाब देही लेते हुए समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने उन्हें फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, जगन्नाथ राम, अर्चना सिंह, राधा देवी, मनोज कुमार, रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी आदि लोग मौजूद थे। देवघर जाने के क्रम में बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जैनामोड़ में भव्य स्वागत किया गया, मौके पर चन्द्रपुरा के पुर्व प्रमुख सह भाजपा नेत्री के अलावे पूर्व विधायक विरंची नारायण, रोहितलाल, लक्ष्मण नायक, अर्जुन सिंह, शंकर रजक एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वहां से यह काफिला विस्थापित अमर शहीद प्रेम महतो के पैतृक गांव परसबनी उनके घर गए और मृतक को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित कियें एवं इस दुःख के घडी में उनके परिजनों को सांत्वना दी, इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक बिरंची नारायण एवं भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई पर किया पुतला दहन कार्यक्रम

**गोड्डा।** स्थानीय हटिया चौक के पास कांग्रेस की ओर से पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया। इस दौरान कांग्रेसियों की ओर से नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का पुतला फूंका गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि मोदी सरकार के द्वारा निरंकुश एवं अन्यायपूर्ण नीति के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संपत्ति जब्त एवं नेशनल हेराल्ड के मामले में आरोप पत्र दायर करना यह निरंकुश शासन के द्वारा प्रायोजित अपराध है। मौके पर कुंदन ठाकुर, शिशिर झा, याहिया अंसारी, राजेश मंडल, ठाकुर मंडल, कपिल मंडल, निरंजन सिकदार, बासुदेव भगत एवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टीजीटी-पीजीटी संवर्ग के पदों को मरणशील घोषित करने के फैसले से असहमति प्रकट

# शिक्षकों ने खोला मोर्चा की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ के तत्वावधान में बोकारो जिले के सरकारी विद्यालयों के पीजीटी शिक्षकों इंटर कॉलेज के प्राध्यापकों एवं अन्य शिक्षकों ने बोकारो जिले के दोनों इंटरमीडिएट मूल्यांकन केंद्रों पर अनुशासन का पालन करते हुए सरकार द्वारा हाल में टीजीटी-पीजीटी संवर्ग के पदों को मरणशील घोषित करने के फैसले से असहमति प्रकट की। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र एवं समाजहित में सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। सरकार ने हाल ही में कैबिनेट में निर्णय लेते हुए पीजीटी - टीजीटी संवर्ग को मरणशील घोषित करते हुए उसके स्थान पर निम्न वेतनमान में माध्यमिक आचार्य का संवर्ग सृजित किया है। इस प्रकार +2 विद्यालयों में पढ़ाने के लिए नियुक्त होने वाले पीजीटी शिक्षकों के स्थान पर सिर्फ माध्यमिक आचार्य पद का सृजन कर उनसे ही पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षक की भूमिका निर्वहन करने की उम्मीद करना हास्यास्पद निर्णय लगता है। सरकार को कम से कम माध्यमिक आचार्य की भांति उच्चतर माध्यमिक आचार्य का पद सृजित करना चाहिए ताकि झारखण्ड के बच्चों के हित में शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। सरकार को इन्हीं बातों से अवगत कराने हेतु राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर मूल्यांकन किया एवं सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

## भगता परब 'भगता घुरा' का तीसरे दिन आज अंतिम नेग

**गोड्डा।** पथरगामा भगता परब/ चड़क परब/ गांजन परब/ बिशु परब अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने कहा कि मेरे गुरुजी लेखक महादेव डुंगरियार के अनुसार भगता परब के तीसरे दिन, यानी संक्रांति के दिन, 'भगता घुरा' होता है। और अगले दिन तेल-हरइद तथा पुरखों को कुंढ़ा देने की परंपरा के साथ भगता परब का समापन होता है, जिसे कुड़मालि में 'कुंढ़ा-नाड़ा' कहा जाता है। इस दिन माँ या पत्नी उपवास रखती हैं और नहा-धोकर सात प्रकार के अनाज चावल, गेहूँ, चना, सेम, मकई, अरहर, मूंग को भूनकर ढेंकी में कूटती हैं। इससे बनने वाले कुंढ़ा में महुआ और आम भी मिलाया जाता है।

## कोटपा-2003 के तहत सेक्टर-4 थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बुधवार को डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन में तम्बाकु उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के अम्बेडकर चौक, रिलायन्स माल के पास, सिटी सेन्टर एवं सेक्टर 4 एफ के कुल 87 दुकानों की जांच की गई जिसमें 16 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2900 रुपए की वसूली की गई। छापामारी के दौरान विशेष रूप से कोचिंग सेन्टर के आस पास एवं स्कूल के 100 गज के दायरे में आने वाले सभी दुकानों की जांच की गई साथ ही सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि स्कूल के 100 यार्ड के अन्दर आने वाले दुकानदार अपने दुकानों में तम्बाकू का उत्पाद न रखें। दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाला पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिला परामर्शी मो0 असलम ने बताया कि सिगरेट कम्पनी द्वारा दिये गये पोस्टर सहित दिवाल घडी, सिगरेट कम्पनी द्वारा बनाये गये गुमटी एवं दुकान के बाहर कम्पनी के ब्रांड का बोर्ड लगाना भी कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। ऐसे मे प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष का कारावास या 1000 रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनो हो सकता है। ऐसे में दुकानदारो को सुझाव दिया जाता है कि कम्पनी के बहकावे में न आये और इस तरह के अपराध से बचें। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना से एस0 आई हिमांशू के साथ उनकी टीम उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिला आजसू छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल, रखी कई मांगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/तालगड़िया।** आजसू छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों की समस्याओं व छात्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पर महामहिम राज्यपाल महोदय ने आश्वस्त किया कि यदि एक माह के भीतर विश्वविद्यालय प्रशासनिक इकाइयों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो पुनः इस विषय में विस्तृत चर्चा हेतु मिलने को कहा। प्रमुख मांगों में पांच वर्ष से लंबित झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ का शीघ्र चुनाव झारखंड खुला विश्वविद्यालय हेतु स्थायी परिसर की व्यवस्था झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय को स्थायी परिसर विनोबा भावे व विनोद बिहारी महतो तथा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति सभी विश्वविद्यालयों में कन्या छात्रावास का निर्माण अस्थायी शिक्षकों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं शिक्षकों की नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया तथा जेपीएससी की 11वीं 12वीं एवं 13वीं परीक्षाओं के मुख्य परीक्षा परिणामों को शीघ्र प्रकाशित किए जाने की मांगें शामिल हैं।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में बीएसएल प्रबंधन व विस्थापित अप्रेंटिस अभ्यर्थियों की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विस्थापित अप्रेंटिस अभ्यर्थियों एवं बीएसएल प्रबंधन आदि के साथ मासिक बैठक की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह बीएसएल प्रबंधन की ओर से ईडी-एचआर सुश्री राजश्री बनर्जी जीएम एचआरडी मनीष जलोटा जीएम सिक्योरिटी आलोक चावला जीएम-एचआर (ओडी-सीसीएलसी) प्रांजली डीजीएम एचआर-सीसीएलसी सुजय दत्ता एजीएम ईडी-सिक्योरिटी अंजनी कुमार एजीएम एचआर-आइआर एसए हुसैन व प्रबंधक एचआर-आइआर उज्जवल कुमार व विस्थापित अप्रेंटिस के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक में अप्रेंटिस



अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों ने कौशल आधारित नियोजन- मेडिकल-आवास एवं 60 वर्ष तक नियोजन की बात रखीं। जिस पर विस्तार से सभी के द्वारा चर्चा किया गया। अपर समाहर्ता ने बैठक में बीएसएल प्रबंधन को प्रतिमाह 50 अप्रेंटिस अभ्यर्थियों को अनुबंध पर नियोजन सुनिश्चित करने को कहा जिसमें प्रथम बैच से 20 द्वितीय बैच से 15 एवं तृतीय बैच से 15 अभ्यर्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को वरीयता के क्रम से ट्रेडवार प्राथमिकता दी जाएगी। जिस पर बीएसएल प्रबंधन ने सहमति जताई है। उन्हें 30 अप्रैल तक प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं अभ्यर्थियों द्वारा मेडिकल सेवा एवं आवास के लाभ को लेकर बीएसएल प्रबंधन ने वरीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त करने की बात कही। इस पर अपर समाहर्ता ने उक्त बिंदुओं पर बीएसएल प्रबंधन को वरीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त करने के निमित्त पत्राचार करने को कहा। अगली बैठक में इस पर पुनः चर्चा होगी। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर बीएसएल प्रबंधन को जरूरी दिशा- निर्देश दिया गया।

## बाइक से गिरकर तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**बेरमो।** डुमरी के नारायणपुर के समीप बाइक से गिरकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि तीनों बाइक सवार डुमरियाटांड से एक तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी उनकी बाइक की टक्कर एक मारुति कार से हो गई।

स्पीड न्यूज

## मुजफ्फरपुर में आग से झुलसकर पांच की मौत

**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुर मनी गांव में बुधवार एक दलित बस्ती में आग से 4 बच्चे समेत 5 लोगों की झुलस कर मौत हो गई। डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि गांव के गोलक पासवान के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक तेज हवा की वजह से आग काफी तेजी से फैल गई। आग की लपेटें ज्यादा तेज थी, जिसकी वजह से बच्चे निकल नहीं पाए। मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा ।

## डियोर शो में सोनम कपूर ने बिखेरा जलवा



**क्योटो।** बॉलीवुड अभिनेत्री और ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने डियोर ऑटम शो 2025 में अपनी मौजूदगी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जापान की सांस्कृतिक राजधानी क्योटो में आयोजित इस शो में सोनम ने डियोर प्री-फॉल 2025 के शानदार परिधान में शिरकत की और अपने अंदाज में गरिमा व स्टाइल का संगम प्रस्तुत किया। वह इस शो में भाग लेने वाली एकमात्र बॉलीवुड स्टार रहीं। डियोर की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में, सोनम कपूर ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट एलिगेंस और सादगी का परिचय दिया। यह शो क्योटो के प्रसिद्ध टो-जी मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें सोनम कई प्रतिष्ठित मेहमानों के साथ शामिल हुईं।

## मणिपुर में हथियार के साथ 11 उग्रवादी धराये

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से प्रतिबंधित संगठनों के 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार, मोबाइल फोन, वाहन व अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। मणिपुर पुलिस ने बुधवार को बताया कि सभी उग्रवादी ईंट भट्ठा, सॉ मिल, बैंक, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज, ऑयल पंप, दुकानदार, ठेकेदार और स्टोन क्रेशर के अलावा आम लोगों से भी वसूली करने में शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ में दो खूंखार नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के मरकाम पाल में देर रात हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने दो खूंखार नक्सलियों को मार गिराया। घटना स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान हलदर और रामे के रूप में हुई है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसकी पुष्टि एसपी अक्षय कुमार ने की है। मारे गए नक्सली डिवीजन कमेटी प्रभारी हलदर पर 8 लाख और ऐरिया कमेटी मेबर रामे पर 5 लाख का इनाम घोषित था।

## जेपी गंगा पथ पर कोई दरार नहीं : नितिन

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को जेपी गंगा पथ के दीदारगंज प्वाइंट का स्थल निरीक्षण कर यह स्पष्ट किया कि पुल में किसी तरह की दरार नहीं है और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की चिंता की आवश्यकता नहीं है। नवीन ने बुधवार को कहा जिस गैप की मीडिया में चर्चा हो रही थी, वह एक तकनीकी जोड़ है। उन्होंने बताया कि दरार एक सामान्य एक्सपेंशन जोड़ है, जो पुल के अबटमेंट और एप्रोच स्लैब के बीच निर्माण की तकनीकी आवश्यकता के तहत दिया जाता है।

# अब चलती ट्रेन में एटीएम से निकाल सकेंगे पैसा

### देश में पहली बार मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में ट्रायल सफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में देश के पहले ऑनबोर्ड स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसकी शुरूआत से यात्रियों को सफर के दौरान चलती ट्रेन में नकदी निकासी का विकल्प मिल जाएगा। इसके साथ ही यह ट्रेन एटीएम सुविधा से युक्त देश की पहली ट्रेन बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस इनोवेशन का एक वीडियो शेयर किया है।

रेल अधिकारियों के अनुसार, भारतीय रेलवे ने यात्रियों को चलती ट्रेन में एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ समझौता किया है। यह एटीएम दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन के वातानुकूलित चेयर कार कोच में लगाया गया है। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला के अनुसार, यह मशीन ट्रायल रन का हिस्सा है और जल्द ही यात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। इसे कोच के पिछले हिस्से में विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्यूबिकल में फिट किया गया है, जो पहले एक अस्थायी पेंट्री थी। सुरक्षा के लिए शटर डोर भी लगाया गया है।



# ओड़िशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का निर्माण पूरा

**▸▸ खोरधा-बलांगीर रेलवे लाइन पर 4,185 मीटर बना सुरंग**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खोरधा-बलांगीर नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत ओडिशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-4 का निर्माण कार्य हुआ पूरा। इस सुरंग की लंबाई 4,185 मीटर है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुरंग की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी। खोरधा-बलांगीर नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत ओडिशा की सबसे लंबी रेलवे सुरंग (4,185 मीटर लंबी) टी-4 का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। ओडिशा राज्य में भी सबसे लंबी सुरंग का निर्माण पूरा होने का प्रतीक है। अब तक कुल 301 किलोमीटर के हिस्से में से 226 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है - जो खोरदा रोड को दासपल्ला और बलांगीर को पुरनाटक से जोड़ता है। शेष 75 किलोमीटर के हिस्से में काम चल रहा है, जिसमें सात निर्माणाधीन सुरंगें शामिल हैं। सुरंग टी-4 के निर्माण में सफलता से निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे ओडिशा अपने तटीय क्षेत्र और पश्चिमी आंतरिक क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क के करीब पहुंच जाएगा।



# दूसरे दिन भी इडी ने रॉबर्ट वाड्रा से कई घंटे की पूछताछ

### डीएलएफ लैंड डील मामले में आज फिर बुलाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ लैंड डील घोटाले मामले में रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन बुधवार को कई घंटे पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा ने पूछताछ के बाद कहा कि उन्हें सच पर भरोसा है और वे किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। राबर्ट वाड्रा के साथ उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार सुबह 11 बजे नई दिल्ली में स्थित एजेंसी के हेड क्वार्टर में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे मैराथन पूछताछ की थी। इसके बाद बुधवार को फिर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा से कल भी पूछताछ होगी। ईडी दफ्तर से दफ्तर से बाहर निकलते समय रॉबर्ट वाड्रा कहा कि हां, उन्होंने मुझे कल भी पूछताछ के लिए बुलाया है। वे मुझे बुलाते रहेंगे...। वाड्रा ने रास्ते में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह मामला करीब 20 साल पुराना है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि मैं जांच एजेंसियों के कार्यालयों में 15 बार गया हूं। मुझसे एक बार में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, मैंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। फिर वे मुझसे एक हफ्ते में ये दस्तावेज फिर से जमा करने के लिए कहते हैं, यह कैसे चल सकता है? केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी हरियाणा में 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की इस डीएलएफ जमीन घोटाले में मदद की थी।



## महादेव सट्टेबाजी एप मामले में कई राज्यों में इडी ने की छापेमारी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को ईजमाईट्रिप के संस्थापक निशांत पिट्टी के कई राज्यों में स्थित ठिकानों पर फिर से छापेमारी की है। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर स्थित ठिकानों पर की। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में निशांत पिट्टी के ठिकानों सहित कई राज्यों में नए सिरे से छापेमारी की। ईडी इसके पहले भी इस मामले में छापेमारी कर चुकी है।

ईडी ने पहले भी यह दावा किया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के संबंध में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। इस ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल इसी राज्य से हैं।

# अमेरिका की अदालत ने भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

**ट्रंप प्रशासन ने स्नातक होने से कुछ हफ्ते पहले कृष्ण लाल का स्टूडेंट वीजा किया था रद्द**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक भारतीय स्नातक छात्र को निर्वासित करने से रोक दिया है, जिसका स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। मैडिसन अदालत के डिस्ट्रिक्ट जज विलियम कॉनले ने कहा कि यूडब्ल्यू-मैडिसन के अंतर्राष्ट्रीय छात्र 21 वर्षीय कृष्ण लाल इस्सरदासानी का वीजा रद्द नहीं किया जा सकता और ट्रंप प्रशासन उसके खिलाफ निर्वासन सहित कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकता। ट्रंप प्रशासन द्वारा निर्वासन पर अस्थायी रोक लगाने का अनुरोध मैडिसन के वकील शबनम लोतफी द्वारा किया गया था, जब सरकार के छात्र एवं विनिमय आगंतुक कार्यक्रम (एसईवीआईएस) डेटाबेस में इस्सरदासानी का रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया था। जज कॉनले ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने इस्सरदासानी का वीजा गलत तरीके से समाप्त किया है, जबकि वह कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी करने वाले हैं और वीजा रद्द करने के खिलाफ अपील करने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार की प्रक्रिया से वंचित किया गया। जज ने कहा कि इस्सरदासानी के शैक्षणिक व्यय की राशि और डिग्री प्राप्त किए बिना अमेरिका छोड़ने से होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए अदालत ने निष्कर्ष निकाला है कि इस्सरदासानी ने विश्वसनीय रूप से प्रदर्शित किया है कि उन्हें अपूरणीय क्षति का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए निषेधाज्ञा राहत के बिना उनके पास कानून में कोई पर्याप्त उपाय नहीं है। इस्सरदासानी, यूडब्ल्यू-मैडिसन के कम से कम 26 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक हैं, तथा विस्कॉन्सिन विवि के सभी परिसरों में 40 छात्रों में से एक हैं, जिनके वीजा अचानक रद्द कर दिए गए हैं।

# अगले हफ्ते भारत आयेंगे अमेरिका के उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। इसकी घोषणा अमेरिका के उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से की गई थी। जानकारी के मुताबिक जेडी वेंस 18 से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे। जेडी वेंस के भारत दौरे को लेकर उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि भारत में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अगले सप्ताह की शुरूआत में भारत का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस अपने तीन छोटे बच्चों - इवान, विवेक और मीराबेल को भी भारत ला सकेंगे। वेंस परिवार नई दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा की भी यात्रा करेगा। उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे।

**टैरिफ को ले 21 अप्रैल को मोदी से वार्ता करेंगे वेंस**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। इसमें टैरिफ के मुद्दे और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच चल रही बातचीत समेत भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।



उपराष्ट्रपति और द्वितीय परिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत आ रहे हैं।

## देशभर में इडी कार्यालयों का कांग्रेस ने किया घेराव

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में इडी के आरोप पत्र दाखिल करने के बाद देशभर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सभी प्रदेशों में ईडी कार्यालयों का किया घेराव ।

छतीसगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व-उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा हमेशा से ही लोकतंत्र पर प्रहार करती आई है। सिक्किम में कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल छेत्री के साथ ही कोषाध्यक्ष कर्म के भूटिया सहित कई नेताओ ने ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

ओडिशा में प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि ईडी बार-बार कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गांधी और राहुल गांधी को परेशान कर रही है। पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष राजा बरार, विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाना और लोकतंत्र पर हमला करना भाजपा का एकमात्र काम रह गया है।

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी

### सेंसेक्स 309 अंक उछलकर 77,000 पार

### निफ्टी 109 अंक चढ़ा 23,437 पर बंद हुआ

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746.22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया।

बीएसई में कुल 4078 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2636 में तेजी जबकि 1309 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 834 में बिकवाली रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.27, सीडी 0.38, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.07, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.33, दूरसंचार 1.08, यूटिलिटीज 0.05, बैंकिंग 1.45, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.74, धातु 0.28, तेल एवं गैस 1.78, पावर 0.14, रियल्टी 0.71, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए।



वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 1.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 262 अंक की तेजी के साथ 76,996.78 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,543.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 77,110.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,734.89 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,044.29 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 16 अंक बढ़कर 23,344.10 अंक पर खुला और स्तर के दौरान 23,273.05 अंक के निचले जबकि 23,452.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,328.55 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत मजबूत होकर 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

**ये हैं टॉप गेनर्स व लूजर्स**

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 7.12, एक्सिस बैंक 4.26, अदानी पोर्ट्स 1.81, एशियन पेंट 1.75, भारती एयरटेल 1.35, एसबीआई 1.11, आईटीसी 0.92, टीसीएस 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.70, नेस्ले इंडिया 0.70, आईसीआईसीआई बैंक 0.56, टेक महिंद्रा 0.56, पावरग्रिड 0.56, एचसीएल टेक 0.39, टाटा स्टील 0.37, बजाज फिनसर्व 0.36, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26 और अल्ट्रासिम्को 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, मारुति 1.51, इंफोसिस 1.00, टाटा मोटर्स 0.92, एलटी 0.90, एनटीपीसी 0.88, बजाज फाइनेंस 0.81, सन फार्मा 0.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.52, टाइटन 0.19, इटर्नल 0.11, रिलायंस 0.10 और कोटक बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# अमेरिका चौथे साल भी भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टैरिफ तनातनी के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा है। इस वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

इसके विपरीत चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार और वाणिज्य मजबूत स्थिति में बना हुआ है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ भारत के व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं, जबकि चीन के साथ उसका घाटा बढ़ता जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का अमेरिका को निर्यात 11.6 फीसदी बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। आंकड़ों में बताया गया कि इस दौरान आयात में 7.44 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 45.33 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। व्यापार अधिशेष अमेरिका के साथ पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर रहा था। भारत का मुख्य निर्यात अमेरिका को औषधि निर्माण, दूरसंचार उपकरण, कीमती पत्थर, पेट्रोलियम उत्पाद, और आभूषण शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 फीसदी घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 में आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 फीसदी बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक चीन वित्त वर्ष 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन वित्त वर्ष 2013-14 से वित्त वर्ष 2017-18 तक और वित्त वर्ष 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार था। आंकड़ों के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात वित्त वर्ष 2024-25 में 100.5 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा था।



**▸▸ वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर तक पहुंचा**

**▸▸ चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हुआ**

